दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 09 अंक : 242 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, मंगलवार 22 अप्रैल, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 1.5 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2

jaipurtimes.org twitter.com/JaipurTimes2 facebook.com/dainikjaipurtimes youtube.com/c/JaipurTimes instagram.com/jaipurtimesjt

## राजेंद्र राठौड़ के जन्मदिन पर रैली में उमड़ी भीड़ से सीएम- राठौड़ गदगद

# चूरू में बनेगा डॉ. अंबेडकर ऑडिटोरियम : भजन लाल

## सभी क्षेत्रों में समानांतर विकास से बनाएंगे विकसित राजस्थान

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के जन्मदिन पर आयोजित संकल्प रैली में अपार जनसमूह उमड़ पड़ा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को चूरू दौरे पर रहे। मुख्यमंत्री शर्मा ने सोमवार को चूरू जिला मुख्यालय पर पुलिस लाइन मैदान में आयोजित संकल्प दिवस कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्र में समानांतर विकास के साथ विकसित राजस्थान बनाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हमारी सरकार राजस्थान को विकसित बनाने के लिए रोडमैप तैयार कर निरंतर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की ओर से किए गए सभी वादे पूरे करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसान, युवा, महिला एवं मजदूर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और इसी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए प्रदेश सरकार निरंतर कदम बढ़ा रही है। हम समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को छूने का प्रयास कर रहे हैं। हमारा विजन स्पष्ट है। हम हमारे प्रयासों से जनता के भरोसे पर खरे उतरेंगे और उनका विश्वास रखेंगे। उन्होंने कहा कि हम हमारे संकल्प पत्र के एक-एक वादे को पूरा करने के लिए लगे हुए हैं। हम युवाओं, किसानों, महिला और मजदूर वर्ग की भावनाओं का सम्मान करते हुए निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शेखावाटी क्षेत्र से विशेष लगाव रखते हैं। शेखावाटी क्षेत्र से सर्वाधिक नौजवान सरहद पर मातृभूमि की रक्षा करते हैं। केन्द्र सरकार, हरियाणा सरकार व प्रदेश सरकार के मध्य हुए यमुना जल समझौते के माध्यम से शेखावाटी क्षेत्र को बहुत बड़ी सौगात मिली है। हमारी सरकार ने आते ही 34 वर्षों से शेखावाटी के यमुना के पानी को लाने के सपने को पूरा किया। हरियाणा सरकार, केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार के मध्य शेखावाटी क्षेत्र को यमुना का पानी पहुंचाने के लिए एमओयू किया गया है और इसके लिए हरियाणा और राजस्थान सरकार ने मिलकर टास्क फोर्स का गठन किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश के कल्याण और विकास की दिशा में ईआरसीपी परियोजना की सौगात दी है। हमारी सरकार



सबका साथ- सबका विकास के संकल्प के साथ निरंतर विकास पथ पर आगे बढ़ रही है। हमारी सरकार ने चूरू के विकास के लिए पिछले दो बजटों में करीब 1000 करोड रुपए की विकास परियोजनाओं की घोषणा की है, जो धरातल पर साकार हो रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 130 करोड़ जनसंख्या को अपना परिवार मानते हुए अपने जन कल्याणकारी योजनाओं से विकसित राष्ट्र की राह पर देश को आगे बढ़ा रहे हैं। हमारी सरकार राजस्थान की 8 करोड़ जनसंख्या के लिए प्रतिबद्धता को दोहराते हुए निरंतर जनकल्याणकारी कार्यों पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि चूरू क्षेत्र में चौधरी कुंभाराम आर्य लिफ्ट नहर परियोजना में हमारी सरकार ने पहले ही बजट में शेष रहे 33000 हेक्टेयर सिंचित क्षेत्र को स्प्रिंकलर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने की घोषणा की है। इसी के साथ ही विभिन्न परियोजनाओं योजनाओं के माध्यम से चूरू के विकास को पंख लगे हैं। केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प 'एक पेड़ मां के नाम' को आगे बढ़ाएं और प्रकृति व मानवता की सेवा करें। हमें प्रकृति व पर्यावरण के संरक्षण के साथ मानवता के अस्तित्व के लिए अपने नैतिक व मौलिक कर्तव्यों का पालन करना होगा। उन्होंने लोकगीत के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री और जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि चूरू की जनता की ओर से पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़ के जन्मदिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाने के निर्णय सराहनीय है। हम सभी मिलकर समाज व प्रदेश को विकसित बनाने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनकल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। हम समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति की चिंता करते हैं। प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति, समाज, वर्ग के उत्थान के साथ हमारा नेतृत्व कर रहे हैं। हम इसी संकल्प को आगे बढ़ाएं तथा देश-प्रदेश को विकसित बनाने में अपना योग दें। सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में हम 'सबका साथ-सबका विकास' के संकल्प पर आगे बढ़ रहे हैं। हम सभी मिलकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं और परिवेश से वंचित व पात्र लोगों को जागरूक करें ताकि प्रत्येक व्यक्ति तक हमारी कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित हो सके। इस दौरान पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि हमारी सरकार ने यमुना जल समझौते के माध्यम से शेखावाटी अंचल की प्यास बुझाने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक पेड़ मां के नाम' के संकल्प के साथ प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें संदेश दिया है। चूरू की जनता के माध्यम से संकल्प दिवस के दिन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में हम प्रकृति, पर्यावरण व मानवता की सेवा का संकल्प लेकर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व के प्रदेश सरकार की गरीब कल्याण की योजनाओं की पहुंच आज गांव-गांव, ढाणी- ढाणी तक सुनिश्चित हो रही है। हमारी सरकार का जनता से सेवा और परमार्थ का रिश्ता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश और जिले के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। चूरू जिले को मरूस्थलीय जिला घोषित किया गया है। इसी के साथ ही चूरू में सैंकड़ों नई ग्राम पंचायत और नई पंचायत समितियां के पुनर्गठन के साथ जिले की विकास धारा और तेज गति से आगे बढ़ेगी। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने चूरू को बड़ी सौगात दी हैं। हमारी सरकार का संकल्प है कि अंतिम छोर के व्यक्ति तक अपनी पहुंच बनाते हुए प्रदेश को विकसित राजस्थान बनाएं। हमारी सरकार गरीब को गणेश मानकर प्रदेश की प्रगति व उत्थान के लिए संकल्पित है। राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार सभी क्षेत्रों के विकास के लिए संकल्पित है। हमारी सरकार सभी को साथ लेकर विकसित राष्ट्र व विकसित प्रदेश की राह पर कदम बढ़ा रही है।

### ✦ चूरू में बनाएंगे 'डॉ अंबेडकर ऑडिटोरियम' व एलिवेटेड रोड का कार्य

इस अवसर पर संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जिला मुख्यालय पर डॉ अंबेडकर ऑडिटोरियम बनवाने की घोषणा की। इसी के साथ उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय पर एलिवेटेड रोड का कार्य करवाया जाएगा।

### ✦ अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने की अगुवाई

चूरू जिला मुख्यालय पर पुलिस लाइन मैदान में हैलीपेड पर पहुंचने पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री व जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत, सहकारिता विभाग मंत्री गौतम कुमार दक, विधायक हरलाल सहारण, वासुदेव चावला, बसंत शर्मा, हेमसिंह ने अगुवाई की। बीकानेर संभागीय आयुक्त रवि कुमार सुरपुर, बीकानेर पुलिस महानिरीक्षक ओम प्रकाश, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, पुलिस अधीक्षक जय यादव ने मुख्यमंत्री शर्मा का स्वागत किया।



### यह जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

इस अवसर पर हरियाणा सरकार के सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री रणवीर गंगवा, पूर्व केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी, डीग-कुम्हेर विधायक शैलेष सिंह, पदमभूषण देवेन्द्र झाझड़िया, अरूण सिंह, जिला प्रमुख वंदना आर्य, विधायक नलवा हिसार रणधीर पनिहार, अरूण चतुर्वेदी, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, सुमित्रा पूनिया, बीदासर प्रधान संतोष मेघवाल, पूर्व सभापति विजय शर्मा, पराक्रम राठौड़, रामगोपाल सुथार, मुकेश दाधीच, डॉ वासुदेव चावला, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, राजेन्द्र नायक, पूर्व विधायक अशोक पींचा, धर्मवीर पुजारी, भागीरथ ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर डॉ वासुदेव चावला ने आभार व्यक्त किया। संचालन चन्द्राराम गुरी व अभिषेक चोटिया ने किया। इस दौरान सरदारशहर सभापति राजकरण चौधरी, निकिता गुर्जर, छापर नगरपालिका अध्यक्ष श्रवण सैनी, सीताराम भोभरिया, चूरू प्रधान दीपचंद राहड़, जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल, राजगढ़ प्रधान विनोद देवी पूनियां, मधुसुदन राजपुरोहित, सुजानगढ़ प्रधान मनभरी देवी, महेन्द्र सिंह राठौड़ , राकेश जांगिड़, ओम सारस्वत, बनवारीलाल शर्मा, धर्मवीर पुजारी, , चांद कंवर, भागीरथ सिंह राठौड़, समाजसेवी केके लड्ढा, विक्रम कोटवाद, विमला गढ़वाल, नोरंग वर्मा, सीताराम लुगरिया, पदमसिंह राठौड़, विजय कुमार शर्मा, ध्रुवा सिंह, राधेश्याम डोकवेवाला, भंवरसिंह बीलुचीया, भास्कर शर्मा, भंवर अजीत सिंह टकणेत, महंत सुरेन्द्र सिंह, गिरधारी खिचड़, दीनदयाल सैनी, सीपी शर्मा, सुरेश सारस्वत, धर्मेन्द्र राकसिया आदि भी मौजूद रहे।

## लोकतंत्र के बुनियादी ढांचे की मजबूती में लोक सेवकों की भूमिका अहम : सीएम



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)।** लोकतंत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाए रखने में लोक सेवकों की अहम भूमिका होती है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यह उदगार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि विकसित भारत व विकसित राजस्थान के निर्माण के लिए अन्तिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को विकास की योजनाओं से लाभान्वित करना बेहद जरूरी है व इस कार्य के सफल क्रियान्वयन की जिम्मेदारी लोक सेवकों की है। उन्होंने कहा कि लोक सेवक को सुशासन के लिए कर्तव्यनिष्ठा, दृढ़ इच्छाशक्ति एवं पूर्ण संवेदनशीलता के साथ काम करना चाहिए। शर्मा ने सोमवार को झालाना डूंगरी स्थित हरिशचन्द्र माथुर राज्य लोक प्रशासन संस्थान में लोक सेवा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद व्यक्ति अभाव में जब लोक सेवक के पास आता है, तो पूर्ण जिम्मेदारी से उसकी हरसंभव मदद करनी चाहिए। उन्होंने आमजन को त्वरित राहत पहुंचाने के लिए लोक सेवकों को निरंतर जनसुनवाई करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि हमें टीम भावना के रूप में सार्वजनिक हित और लोक-कल्याण के साझा लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कार्य करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने वर्ष 1947 में आज ही के दिन भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को संबोधित किया था। उन्होंने अपने ऐतिहासिक भाषण में लोक सेवकों को 'स्टील फ्रेम' अर्थात् देश की शासन व्यवस्था की रीढ़ कहा था। उन्होंने कहा कि लोक सेवा का अर्थ निस्वार्थ भाव से जनता की भलाई के लिए कार्य करना है। बिना किसी स्वार्थ के, निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करना ही सच्ची लोक सेवा होती है। इसलिए लोक सेवा दिवस मनाने का उद्देश्य लोक सेवकों के योगदान को पहचान कर उन्हें सम्मानित करना है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस दौरान प्रदेश में सुशासन के तहत किए गए नवाचारों, उत्कृष्ट कार्यों, संपर्क पोर्टल पर लोक शिकायतों के निस्तारण की विभाग/व्यक्तिगत/जिला श्रेणी में विभिन्न अधिकारियों को मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार-2025 व राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पुरस्कार प्रदान किए। इससे पूर्व शर्मा ने रिमोट का बटन दबाकर कर्मयोगी कौशल विकास सप्ताह की शुरूआत की। साथ ही, उन्होंने एच.सी.एम. रीपा परिसर में फोटो गैलरी व सिविल सेवा अधिकारी संस्थान के मॉडल का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (हॉफ) अरिजीत बनर्जी सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। वहीं सभी जिलों से लोक सेवक वीसी के माध्यम से जुड़े।

राजस्थान के पहले खादी डिजाइनर स्टोर 'सेवा' का उदघाटन

## खादी को बढ़ावा देने से मिलेगा रोजगार- दिया कुमारी



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राज्य में स्वदेशी व आत्मनिर्भरता के प्रतीक खादी को बढ़ावा देने के लिए उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने राजस्थान के पहले खादी डिजाइनर स्टोर 'सेवा' का उद्घाटन किया। यह स्टोर शहर के बीचों-बीच गवर्नमेंट प्रेस चौराहे पर खोला गया है। इससे स्वदेशी के प्रयोग को राज्य में अधिक से अधिक बढ़ावा मिल सके और स्थानीय लोगों को भी रोजगार मिल सके। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि खादी या खद्दर हाथ से काते और बुने हुए कपड़े होते हैं। इस पारंपरिक वस्त्र ने हमारे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसे आत्मनिर्भता का प्रतीक माना गया है। खादी को बढ़ावा देने से अधिक से अधिक लोगों को रोजगार मिल सकेगा और स्वदेशी को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह स्टोर खादी के आधुनिक परिधान भी शो केस करेगा। इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत का संकल्प सशक्त हो सकेगा। इसके माध्यम से राज्य की महिला एवं अन्य लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। वह पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगे। राज्य सरकार की ओर से स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए लगातार खादी को बढ़ावा दिया जाएगा।

## हमारे आज के निर्णय करेंगें हजार साल का भविष्य तय : मोदी




जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17वें सिविल सेवा दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने 'लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए जिलों का समग्र विकास' और 'लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार से चुनिंदा नवाचार' पर ई-कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि इस बार का सिविल सेवा दिवस कई वजहों से बहुत विशेष है। इस साल हम अपने संविधान का 75वां वर्ष मना रहे हैं और ये सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के भी साल है। 21 अप्रैल, 1947 को सरदार वल्लभभाई पटेल ने आप सभी को 'स्टील फ्रेम ऑफ इंडिया' कहा था। उन्होंने स्वतंत्र भारत की ब्यूरोक्रेसी की नई मर्यादाएं तय की थी। एक ऐसा सिविल सर्वेंट जो राष्ट्र की सेवा को अपना सर्वोत्तम कर्तव्य माने, जो लोकतांत्रिक तरीके से प्रशासन चलाए, जो ईमानदारी, अनुशासन और समर्पण से भरा हुआ हो। पीएम मोदी ने कहा कि कुछ समय पहले मैंने लाल किले से कहा था कि आज के भारत को आने वाले 1 हजार साल की नींव को मजबूत करना है। एक हिसाब से देखें तो 1 हजार साल की सहस्त्राब्दी में पहले 25 साल बीत गए हैं। ये नई शताब्दी का 25वां साल है और नई सहस्त्राब्दी का भी 25वां साल है। हम आज जिन नीतियों पर काम कर रहे हैं, जो निर्णय ले रहे हैं, वो 1 हजार साल का भविष्य तय करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि 'मुझे खुशी है की इस बार सिविल सेवा दिवस की थीम भारत का समग्र विकास रखी गई है। भारत का समग्र विकास यानी कोई गांव पीछे न छूटे। कोई परिवार पीछे न छूटे। कोई नागरिक पीछे न छूटे। असल प्रगति का मतलब छोटे बदलाव नहीं होता... बल्कि पूर्ण पैमाने पर प्रभाव होता है।

## ब्रह्माकुमारी संस्थान में आने पर उतर जाता है अहंकारः राजनाथ

**जयपुर टाइम्स/आबूरोड।** आबूरोड में ब्रह्माकुमारीज के शांतिभवन में आयोजित सुरक्षा सेवा प्रभाग की 25 वीं वर्षगांठ कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सबसे पहले डायमंड हॉल में पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी रतन मोहिनी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मनुष्य अपने जीवन में अपनी कृतियों से विभूषित होता है। यहां का वातावरण अद्भुत है, जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती। यहां कोई मंदिर या धार्मिक स्थल नहीं है, बल्कि यहां आध्यात्मिक शक्ति है। जो भी यहां आता है, उसका अहंकार शून्य हो जाता है, जबकि अहंकार का कार्य बहुत खतरनाक होता है। जो व्यक्ति अहंकारी होता है, उसका सम्मान नहीं होता। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक होने के लिए आवश्यक नहीं है कि हम मंदिर जाएं, बस भावना होनी चाहिए। आत्मा का कोई प्रकार, आकार या रूप-रंग नहीं होता। यदि कोई शातिर व्यक्ति भी यहां आ जाए और यहां की बहनों का सान्निध्य मिल जाए, तो वह भी संन्यासी बन सकता है। राजनाथ सिंह ने कहा कि आपने मुझे आमंत्रित किया, इसके लिए मैं आभारी हूं। दादी रतनमोहिनी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने उनकी आध्यात्मिक सेवाओं को याद किया और उनके साथ बिताए कुछ पलों को भी साझा किया। उन्होंने कहा कि दादी ने भारतीय संस्कृति के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाया है, इसके लिए भारत उन्हें कभी नहीं भूलेगा। यहां आने के लिए दरवाजे खुले हैं, जाने के लिए नहीं। संस्थान की ओर से सेना के लिए आयोजित किए गए कार्यक्रम के लिए उन्होंने आभार व्यक्त किया और कहा कि यहां आने पर उनका आत्म-रूपांतरण होगा। आत्म-रूपांतरण बीज है और राष्ट्रीय रूपांतरण उसका फल है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में जिस तरह की स्थिति है, उसमें संस्थान की थीम बहुत उपयोगी है। भारत की सभी सीमाएं सुरक्षित हैं। दुनिया में विभिन्न समस्याओं के बावजूद भारत निरंतर प्रगति कर रहा है। पहले भारत की बातों को गंभीरता से नहीं लिया जाता था, लेकिन आज जब भारत बोलता है, तो दुनिया ध्यान से सुनती है।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
22 अप्रेल, 2025

# केंद्रीय मंत्री व अलवर सांसद की अध्यक्षता में दिशा की बैठक आयोजित

## विभिन्न मदों में पेयजल आपूर्ति के स्वीकृत कार्यों को 10 मई तक पूर्ण करें - केंद्रीय मंत्री

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेंद्र यादव ने जिला परिषद सभागार में सोमवार को जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक लेकर विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि अलवर जिले के सर्वांगीण विकास के लिए अधिकारी पूर्ण मनोयोग के साथ कार्य करते हुए विकास कार्यों एवं योजनाओं की धरातल पर गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध क्रियान्विति सुनिश्चित करें।

### सुचारु पेयजल आपूर्ति पर दिया जोर

केंद्रीय मंत्री यादव ने जलदाय विभाग की समीक्षा कर कहा कि ग्रीष्म ऋतु में आमजन को पेयजल संबंधी समस्याओं का सामना नहीं करना पडे इसके लिए जलदाय विभाग के अधिकारी स्वीकृत कार्यों को युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए धरातल पर उतारे। उन्होंने जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि विभिन्न मदों में स्वीकृत पेयजल कार्यों को 10 मई तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें। 10 मई को पुनः पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिये कि पेयजल के संबंध में विभिन्न मदों से स्वीकृत कार्यों की प्रशासनिक, वित्तीय एवं तकनीकी स्वीकृति की विस्तृत सूचना बनाकर कल ही भिजवाएं। उन्होंने बताया कि जिन कार्यों में तकनीकी पेचिदगी है उन कार्यों को 24 अप्रैल को राज्य सरकार स्तर पर पेयजल से संबंधित विषय की बैठक में दूर कराया जा सके। उन्होंने अवैध पेयजल कनेक्शनों की वस्तुस्थिति जानकर निर्देश दिये कि अवैध कनेक्शनों को हटाने के साथ ही प्रभावी वैधानिक कार्रवाई करें।



### जल जीवन मिशन की समीक्षा की, टाइम लाइन में हो कार्य

उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर निर्देश दिये कि जेजेएम के तहत फिजेबल गांवों में कार्यादेश के बाद कार्यों का क्रियान्वयन निश्चित टाइम लाइन अनुसार सुनिश्चित करावे। वहीं नॉन फिजेबल गांवों में पेयजल आपूर्ति के लिए कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने जिले के शेष रहे सभी राजकीय विद्यालयों एवं आंगनबाडी केंद्रों में पेयजल कनेक्शन कराने के निर्देश दिये।

### स्वच्छता के कार्यों की करें प्रभावी मॉनिटरिंग

केंद्रीय मंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) की समीक्षा करते हुए नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि शहर को स्वच्छ व साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग कर कार्यों में गुणात्मक सुधार करते हुए निरन्तरता बनाए रखे। उन्होंने अग्यारा स्थित सॉलिड वेस्ट प्लांट में घटित आग की घटना की वस्तुस्थिति की जानकारी लेकर निर्देश दिये कि आगामी तीन दिवसों में अग्नि पर पूर्ण रूप से नियंत्रण करें। उन्होंने प्लांट संचालन में अनियमितता बरतने वाली पूर्व फर्म को ब्लैक लिस्ट करने एवं पूर्व में किए गए भुगतान की जांच कर रिकवरी के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

### जनप्रतिनिधियों ने दिए सुझाव

बैठक में उन्होंने जिले के जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न विभागों के आमजन से जुडे विषयों से अवगत कराने व दिए गए सुझावों पर कार्यवाही कर आगामी बैठक में एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। जनप्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराए गए विषयों व सुझावों में वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने शहर के विभिन्न कॉलोनियों के पार्कों जीर्णोद्धार व सौन्दर्यकरण करवाने, सिलीसेढ से पाइप लाइन के माध्यम से शहर तक पानी लाने की योजना को गति देने, विभिन्न मदों में स्वीकृत ट्यूबवेलों को चालू कराने के लिए जल्द से जल्द विद्युत कनेक्शन कराने के सुझाव दिए। इसी प्रकार दौसा सांसद मुरारी लाल मीणा एवं भरतपुर सांसद संजना जाटव, राजगढ-लक्ष्मणगढ विधायक मांगेलाल मीणा ने जल जीवन मिशन के शेष कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करने, इससे क्षतिग्रस्त सडकों को दुरूस्त करने, जिला प्रमुख ने जल जीवन मिशन के कार्यों से ग्रामीण क्षेत्र में क्षतिग्रस्त हुई सडकों की यथास्थिति का सर्वे कराने, कठूमर विधायक रमेश खिंची ने जेजेएम योजना से वंचित गांवों में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था कराने, रामगढ विधायक सुखवन्त सिंह जल जीवन मिशन योजना से वंचित बडोदामेव, नौगांवा में पेयजल व्यवस्था कराने व रामबास में टंकी निर्माण कराने, थानागाजी विधायक कान्ती प्रसाद मीणा ने पंचायत पुनर्गठन में मापदंडों के अनुरूप पुनर्गठन कार्य करने एवं थानागाजी क्षेत्र की ढाणियों को जेजेएम में सम्मिलित करने के संबंध में अवगत कराया। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने केंद्रीय मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव को विश्वास दिलाया कि बैठक में दिए गए निर्देशों की पालना सुनिश्चित कराई जावेगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक अलवर संजीव नैन, एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सालुखे गौरव रवीन्द्र, डीएफओ सरिस्का अभिमन्यु सहारण, यूआईटी सचिव धीगदे स्नेहल नाना, नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता रमेश चंद सैनी, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता सुधीर पाण्डे, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता भूरी सिंह, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी मीणा, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा सहित उपखण्ड अधिकारी व विकास अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### सिविल सर्विस डे पर लोकसेवकों को सुचारू पेयजल आपूर्ति की दिलाई शपथ

पेयजल के संबंध में ब्लॉकवार बैठक होगी आयोजित उन्होंने सिविल सर्विस दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ग्रीष्म ऋतु में अलवर जिले में पेयजल की समस्या रहती है अतः सिविल सर्विस दिवस के शुभ अवसर पर अधिकारी संकल्प लेवे कि जिले में पेयजल की सुचारू एवं समुचित व्यवस्था के लिए पूर्ण निष्ठा के साथ तत्परता से कार्य करेंगे। सभी लोक सेवकों ने इसमें सहमति जताते हुए सुचारू पेयजल आपूर्ति की शपथ ली।

## कैरियर मेकर के चार विद्यार्थियों ने जेईई में लहराया परचम



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** आईआईटी जेईई 2025 के आए परिणाम में अलवर के कैरियर मेकर के चार विद्यार्थियों ने परचम लहराया। कैरियर मेंकर के डायरेक्टर रवीश गोयल ने बताया कि कैरियर मेंकर के चार विद्यार्थियों ने सिलेक्शन प्राप्त कर अभिभावक का तथा संस्था का नाम रोशन किया वही विजय अग्रवाल ने बताया कि गौतम सिंह नरूका, इशिका सैनी तथा देवेंद्र सिंह नरूका का आईआईटी जेईई में कक्षा 12 के साथ सिलेक्शन हुआ है। तथा स्वस्ति कौशिक का करियर मेंकर के टारगेट बैच से सिलेक्शन हुआ हैद्य सभी विद्यार्थियों ने इसका श्रेय गुरुजनों की कठिन मेहनत तथा अभिभावकों के सहयोग एवं संस्था के बेहतरीन अनुशासन बेहतरीन टीम एवं उनके कठिन मेहनत को दिया है कैरियर मेकर के डायरेक्टर रवीश गोयल ने बताया कि कैरियर मेकर कई वर्षों से बोर्ड का बेहतरीन रिजल्ट देता आया है। तथा यह कैरियर मेकर का फाउंडेशन का प्रथम बैच था, जिसमें कुल सात अभ्यर्थियों में से चार विद्यार्थियों का सिलेक्शन प्राप्त कर संस्था ने अलवर में एक अलग पहचान बनाई है।

## आज है अर्थ डेः 'धरती है तो हम हैं इसे बचाना हमारा कर्तव्य है - सुधीर माथुर

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** अखिल भारतीय पर्यावरण एवं गौसंवर्धन मंच अलवर द्वारा 22 अप्रैल मंगलवार को "अर्थ डे" यानी पृथ्वी दिवस मनाया जाएगा। ये दिन हमें हमारी धरती माता की याद दिलाता है, जो हमें जीवन देती है, हवा, पानी, भोजन और आश्रय। अखिल भारतीय पर्यावरण एवं गौसंवर्धन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर माथुर ने बताया कि अर्थ डे" यानी पृथ्वी दिवस की शुरुआत 22 अप्रैल 1970 को अमेरिका में हुई थी, जब लाखों लोग पर्यावरण संरक्षण के लिए सडकों पर उतरे थे, तब से ये दिन पूरी दुनिया में मनाया जाता है ताकि हम सब मिलकर प्रकृति को बचाने का संकल्प लें। आज पर्यावरण संकट हमारे सामने सबसे बडी चुनौती बन चुका है। पेडों की कटाई, प्लास्टिक प्रदूषण, वायु और जल प्रदूषण, और जलवायु परिवर्तन। अगर हम अभी नहीं जागे, तो आने वाली पीढियाँ एक सुरक्षित और स्वस्थ धरती नहीं देख पाएंगी लेकिन अच्छी बात ये है कि हर छोटा कदम मायने रखता है पृथ्वी को बचाने के लिये एक पेड लगाना, प्लास्टिक का कम इस्तेमाल करना, बिजली और पानी की बचत करना और लोगों को जागरूक करना, यही बदलाव की शुरुआत है। आइए, मंगलवार को इस "अर्थ डे" पर हम सिर्फ एक दिन नहीं, बल्कि हर दिन धरती को बचाने का संकल्प लें।

## जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने किया सामान्य चिकित्सालय का औचक निरीक्षण

### ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर मरीजों के लिए समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने सोमवार को राजीव गांधी राजकीय सामान्य चिकित्सालय, महिला चिकित्सालय एवं शिशु चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला कलक्टर ने औचक निरीक्षण के दौरान सामान्य वार्ड, महिला वार्ड, हीट स्ट्रोक वार्ड, सर्जिकल वार्ड, आउटडोर भवन में मेडिकल ओपीडी, सर्जिकल ओपीडी सहित महिला चिकित्सालय एवं शिशु चिकित्सालय परिसर का जायजा लेकर प्रमुख चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर रखते हुए चिकित्सालयों में आवश्यक कुलर, पंखे, एसी व अन्य उपकरण इत्यादि की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि चिकित्सालयों में मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पडे। उन्होंने निर्देश दिये कि चिकित्सालयों में कूलर, पंखें एवं एसी खराब होने पर उन्हें तुरन्त दुरूस्त करावें। उन्होंने पीएमओ को निर्देश दिए कि मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए गर्मी में शुद्ध एवं शीतल जल की माकूल व्यवस्था के लिए चिकित्सालयों में लगे वाटर कूलरों व पानी की टंकियों में पानी की पर्याप्त उपलब्धता के साथ-साथ साफ-सफाई नियमित रूप से करावें। उन्होंने निर्देश दिए कि तीनों जिला चिकित्सालयों में ओआरएस के बूथ लगवाने की व्यवस्था करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सामान्य चिकित्सालय में बंद सीसीटीवी कैमरों को चालू करवाये तथा चिकित्सालयों में बंद एलईडी टीवी को चालू कराकर ग्रीष्म ऋतु में हीट स्ट्रोक के बचाव के संदेश का वीडियो निरन्तर प्रसारित करावे। उन्होंने नगर विकास न्यास के अधिकारी को निर्देश दिए कि मरीजों को गर्मी से बचाव के लिए सामान्य चिकित्सालय में जगह चिन्हित् कर फाईबर सीट लगवाने के प्रस्ताव भिजवाएं। उन्होंने मेडिकल आउटडोर के सामने धनवंतरी प्रांगण के अलावा सभी आउटडोर मरीजों के बैठने के लिए अतिरिक्त बेंच लगाने एवं आउटडोर विंग एवं सीढियों में साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सालय के सभी ओपीडी व वार्डो में चिकित्सालय खुलने के समय के पूर्व साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर चिकित्सालय की व्यवस्थाओं एवं चिकित्सालय में मिलने वाली सुविधाओं का फीडबैक भी लिया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका, नगर विकास न्यास के उप सचिव सोहन सिंह नरूका, पीएमओ डॉ. सुनील चौहान, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दिनेश सूद सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## वैदिक ब्राह्मण संघ अलवर ने राष्ट्रपति के नाम अतिरिक्त जिला कलक्टर अलवर को सौपा ज्ञापन

### फिल्म निर्देशक एवं निर्माता अनुराग कश्यप द्वारा ब्राह्मण समाज पर अशोभनीय और अमर्यादित टिप्पणी का आरोप, जताया विरोध



**अलवर(निसं.)।** फिल्म निर्देशक एवं निर्माता अनुराग कश्यप द्वारा ब्राह्मण समाज पर की गई अशोभनीय और अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में वैदिक ब्राह्मण संघ अलवर द्वारा अतिरिक्त जिला कलक्टर अलवर बीना महावर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौप कर विरोध प्रदर्शन किया गया। संघ के गिरीश शर्मा ने बताया कि एक 21 सदस्यों के एक शिष्टमण्डल ने एडीएम सिटी को ज्ञापन सौपा ओर शीघ्र अतिशीघ्र अनुशासनात्मक कार्यवाही की मांग की। ज्ञापन के पश्चात अशोक सर्किल अलवर पर वैदिक ब्राह्मण संघ के सदस्यों द्वारा फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप का नारेबाजी कर पुतला दहन किया गया। संघ के डॉ गोपाल शास्त्री ने कहा कि एक फिल्म निर्माता की अगर ऐसी मानसिकता है तो वह समाज को कैसा साहित्य परोसेगा, यह सर्वविदित हो गया है। संघ सहित ब्राह्मण समाज ने अलवर से इसका पूरजौर विरोध करते हुए चेतावनी दी है कि या तो दूषित मानसिकता के ये फिल्म निर्माता सार्वजनिक रूप से अपने बयान पर माफी मांगे अन्यथा बड़े स्तर पर आन्दोलनात्मक कार्यवाही की जायेगी। विरोध प्रदर्शन करने वालों में ब्रह्मानन्द भारद्वाज, विजय सारस्वत, आर्चाय नरेश बन्धु, दीपक पंडित, मदनलाल शर्मा, कमलकान्त शर्मा, उमाशंकर भारद्वाज, केशव शास्त्री, विष्णू शर्मा, मुनेश शर्मा, दीपक सूर्यकान्त मिश्रा, देवराज शर्मा, मोनू पंडित, विष्णू शुक्ला, केशव कुमार शर्मा, नितेश भारद्वाज, जतिन कुमार, मनीष शर्मा, महेश पुजारी, दीपक शर्मा सहित बडी संख्या में वैदिक ब्राह्मण संघ के कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

## केंद्रीय वन मंत्री एवं वन राज्य मंत्री ने किया अमृत धाम (वृद्धाश्रम) उद्घाटन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव तथा पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने अपना घर शालीमार में श्री अमरनाथ बर्फानी सेवा समिति द्वारा संचालित अमृत धाम (वृद्धाश्रम) का फीता काटकर उद्घाटन किया। केंद्रीय मंत्री यादव अमृत धाम (वृद्धाश्रम) वंचितों व जरूरतमंद बुजुर्गों के लिए उपयोगी साबित होगा। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग हमारे परिवार के स्तम्भ होते हैं। उनके अनुभव हमारे जीवन को सार्थकता प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि वृद्धाश्रम में रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों को विश्वास से भरने के लिए काउंसिलिंग को दैनिक कार्यों में शामिल करना चाहिए। उन्होंने पारिवारिक परिस्थितियों के वश बुजुर्ग वृद्धाआश्रम में रह सकते हैं वहीं अन्य बुजुर्ग जो दिन के समय अकेले घर में रहते हैं वे आश्रम में दिन के समय सकारात्मक गतिविधियों में संलग्न रहकर अपना समय व्यतीत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के उपचार को निःशुल्क किया है। वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने समिति के पदाधिकारियों एवं भामाशाहों द्वारा मानव सेवा व समाज के कल्याण की भावना से निरन्तर किए जा रहे पुनीत कार्यों की सराहना करते हुए साधुवाद दिया। इस अवसर पर जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, पूर्व विधायक जयराम जाटव, संजय नरूका, अपना घर शालीमार ग्रुप के डायरेक्टर अशोक सैनी, मुकेश विजय, श्रीकिशन गुप्ता, पं. जलेसिंह सहित प्रबुद्ध व्यक्ति, समिति के पदाधिकारी एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।






## वाहन स्वामियों को आरसी में मोबाइल नंबर अपडेट कराना अनिवार्य

**अलवर(निसं.)।** परिवहन एवं सडक सुरक्षा विभाग द्वारा सडक दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु 10 दिवसीय आरसी में मोबाइल न बर अपडेटे कराने के लिए अभियान चलाया गया है। जिला परिवहन अधिकारी सविता भारद्वाज ने बताया कि अभियान के तहत जिले के सभी वाहन स्वामी कार्यालय में पंजीकृत सभी वाहनों के पंजीयन प्रमाण पत्र (आरसी) में मोबाइल नंबर अपडेट करवाया जाना सुनिश्चित करें। वाहन की आरसी में मोबाइल नंबर अपडेट होने से वाहन स्वामी अपने वाहन के संबंध में समस्त जानकारी प्राप्त कर सकेगा। उन्होंने बताया कि सरकार सडक हादसों पर अंकुश लगाने हेतु सख्त कदम उठा रही है। नेशनल हाइवे और स्टेट हाइवे सहित शहर में यातायात नियामों की पालना करवाने के लिए ई-डिटेक्शन प्रणाली का प्रयोग करते हुए सीधे ई-चालान बनाकर जुर्माना राशि के लिए आरसी पर चढा दी जाएगी ।

# केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री की अध्यक्षता में दिशा की बैठक आयोजित

## जनप्रतिनिधि की सजगता एवं प्रशासन के आत्मविश्वास से हर समस्या का समाधान संभव- केंद्रीय मंत्री

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेंद्र यादव ने सोमवार को जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक लेकर विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि टीम भावना के साथ कार्य कर जिले के सर्वांगीण विकास की दिशा में कार्य करें। केंद्रीय मंत्री यादव ने मुख्य विभागों कि योजनाओं एवं प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे सुनिश्चित करें कि केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों को मिले। उन्होंने यह भी स्पष्ट निर्देश दिए कि विकास कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए, ताकि आमजन को समय पर सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। इसके साथ ही, उन्होंने पूर्व में आयोजित समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालना रिपोर्ट का अवलोकन किया और अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे पूर्व में जारी सभी निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करते हुए आगामी बैठकों में पूर्ण रिपोर्ट के साथ उपस्थित हों। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक के दौरान अधूरी परियोजनाओं और लापरवाही पर सख्त रुख अपनाते हुए जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता को स्पष्ट निर्देश दिए कि पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क मरम्मत का कार्य नहीं करने वाले और कार्य अधूरा छोड़ने वाले ठेकेदारों पर तुरंत कार्रवाई की जाए। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत राजस्थान में जिले की 18 रैंक को सुधारने हेतु समयबद्ध कार्य योजना बनाकर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। सभी विधानसभा क्षेत्रों में स्थापित हैंडपंप एवं ट्यूबवेल की कार्यशीलता सुनिश्चित करने हेतु सर्वे कर रिपोर्ट कार्यालय को प्रस्तुत करने और आवश्यकतानुसार कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही, उन्होंने समय सीमा में जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कंटिंजेंसी कार्यों को शीघ्र पूरा करने का आदेश दिया। पेयजल से जुड़ी कंट्रोल रूम में प्राप्त कुल 24 शिकायतों में से शेष 8 शिकायतों का आज ही निस्तारण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश भी अधिकारियों को दिया। उन्होंने बजट घोषणाओं पर अब तक की गई कार्रवाई की समीक्षा कर तय समय सीमा में सभी बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि जल आपूर्ति जैसे महत्वपूर्ण विषय में किसी भी प्रकार की उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथी उन्होंने कहा जनप्रतिनिधि की सजगता और प्रशासन के आत्मविश्वास से किसी भी समस्या का समाधान किया जा सकता है। केंद्रीय वन मंत्री ने स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हुए स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि यह मानसिकता ना रखें कि कार्य केवल उच्च स्तर पर ही संपादित होना है। यदि किसी कारणवश कार्य में उच्च स्तर पर विलंब हो रहा हो तो इसकी सूचना तुरंत उनके कार्यालय, उन्हें स्वयं अथवा संबंधित स्थानीय विधायक को दी जाए, ताकि समय पर समस्याओं का समाधान कर आमजन को अपेक्षित सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। केंद्रीय मंत्री यादव ने नगर परिषद खैरथल, तिजारा एवं किशनगढ़ बास में लिगेसी वेस्ट के निस्तारण हेतु डीएलबी स्तर पर किए गए टेंडर प्रक्रिया का सतत फॉलोअप कर कचरा निस्तारण के कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री यादव ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले के समस्त चिकित्सा संस्थानों में सभी आवश्यक आधारभूत सुविधाएं सुनिश्चित कर आमजन को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने केंद्र सरकार की "पीएम सूर्य घर योजना" की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप विशेष शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक नागरिकों को जागरूक किया जाए और उन्हें रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने के लिए प्रेरित किया जाए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने "प्रधानमंत्री आदर्श सोलर ग्राम योजना" के तहत चयनित ग्रामों वल्लभ ग्राम, बुढ़ीबावल, मोठूका, सोडावास, पेहल और हरसोली में सुदृढ़ कार्य योजना तैयार कर इन्हें आदर्श सोलर ग्राम के रूप में विकसित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। बैठक में जिला प्रमुख बलवीर सिंह छिल्लर, तिजारा विधायक महंत बालकनाथ योगी, मुंडावर विधायक ललित यादव, खैरथल-तिजारा जिला कलक्टर किशोर कुमार, पुलिस अधीक्षक खैरथल मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक भिवाड़ी ज्येष्ठा मैत्रेयी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीडा अतुल प्रकाश, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सालुखे गौरव रविंदर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर भिवाड़ी सुमित्रा मिश्र, तिजारा प्रधान जयप्रकाश यादव, कोटकासिम प्रधान डॉ विनोद कुमारी सांगवान, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय यादव सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी और जाम से हाल हुआ बेहाल...

### परिस्थितियों ने बनाई एक तो कोढ़ ऊपर से खुजली वाली स्थिति

### कस्बे में राजमार्ग के एलीवेटेड पुलिया व मुख्य चौराहे पर प्रतिदिन घण्टों का जाम



जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)।** क्षेत्र में दिन व रात्रि के समय पड़ रही भीषण गर्मी ने जहाँ आम जन जीवन को बुरी तरह परेशान कर रखा है। वहीं कोटपूतली कस्बे में हमेशा की तरह राजमार्ग पर बने एलीवेटेड पुलिया समेत मुख्य चौराहा, सर्विस लेन, डाबला रोड़, पटेल पैट्रोल पम्प व क्रय-विक्रय मार्ग आदि जगहों पर प्रतिदिन लगने वाला घण्टों का जाम भी बड़ी परेशानी का सबब बना हुआ है। गर्मी ने जहाँ पहले ही आमजन के हाल बेहाल कर रखे है। वहीं इस तपिश भरी धूप में जाम में फंसना एक तो कोढ़ ऊपर से खुजली वाली कहावत को चरितार्थ कर रहा है। इससे जहाँ पैदल आने जाने वाले राहगीर, एम्बुलेंस, स्कूल व कॉलेज के विधार्थी एवं बुजुर्ग विशेष रूप से परेशान है। वहीं दुपहिया व चौपहिया वाहन चालकों के लिये भी यह समस्या किसी आफत से कम नहीं है। एक बार जाम में फंसने के बाद सीधी धूप में घण्टों तक फंसा रहना कितना पीड़ादायक हो सकता है। इसका अंदाजा तो स्वत ही लगाया जा सकता है। यहाँ लगने वाले जाम का मुख्य व स्थाई कारण तो एलीवेटेड पुलिया के निर्माण में की गई तकनीकी गलतियां ही है। क्योंकि पुलिया निर्माण के समय वर्षो पहले लक्ष्मीनगर मोड़ व बानसूर मोड़ पर कट नहीं छोडऩे के साथ-साथ यहाँ की लाईफ लाईन माने जाने वाली राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल के सामने भी कट नहीं छोडऩे जैसी बड़ी गलतियां अब सुरसा के मूंह की तरह विकराल रूप ले चुकी है। हालांकि पूतली कट पर एलीवेटेड पुलिया बनने से सडक़ हादसों में राहत तो मिली है, लेकिन इसका असर कस्बे में लगने वाले जाम पर बिल्कुल भी नहीं पड़ा है उल्टा बानसूर कट पर प्रस्तावित पुलिया निर्माण शुरू नहीं हो पाने के साथ-साथ मुख्य चौराहे की सर्विस लेन स्थित बस स्टैण्ड पुलिस चौकी से लेकर ग्राम मोलाहेड़ा स्थित अंडरपास तक सडक़ क्रॉस करने के लिये एक भी कट ना होने की वजह से इस समस्या ने और भी विकराल रूप ले लिया है। विशेष रूप से बानसूर रोड़ स्थित फल-सब्जी व अनाज मंडी में आने जाने वाले वाहनों एवं कस्बे में एक दूसरी ओर आने वाले लोगों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिससे जाम और भी बढ़ता चला जाता है। वहीं दुसरी ओर एनएचएआई द्वारा जयपुर से दिल्ली की ओर पुलिया व राजमार्ग पर मरम्मत कार्य के चलते भी जाम की स्थिति और भी बढ़ गई है। एनएचएआई द्वारा महज 3-4 कर्मचारियों की ही तैनाती की गई है। जिनके वश में जाम की समस्या से निपटना कतई नहीं है। यही नहीं यातायात पुलिस के बस में भी इसका निराकरण नजर नहीं आता। कुल मिलाकर देखा जाये तो यहाँ के जाम की समस्या एक स्थाई समस्या बन चुकी है। जिसका समाधान अब प्रशासन या सरकार के पास भी नहीं है। इस सम्बंध में राज्य सरकार के स्तर पर ही कोई योजना बनाई जायें तो जाम की समस्या का समाधान मिल सकता है।

## जयपुर में 28 अप्रैल को कांग्रेस की 'संविधान बचाओ' रैली, खड़गे होंगे शामिल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** 28 अप्रैल को कांग्रेस की ओर से 'संविधान बचाओ अभियान' के तहत प्रदेश स्तरीय रैली आयोजित की जाएगी। इस रैली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। इसके साथ ही खड़गे 2200 मंडल अध्यक्षों की एक अलग बैठक को भी संबोधित करेंगे। रैली की जगह तय की जा रही है और 24 अप्रैल को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में इसकी तैयारियों को लेकर बैठक बुलाई गई है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बताया कि यह अभियान प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक चलेगा। उन्होंने कहा कि 3 से 10 मई तक जिला स्तर पर, 11 से 17 मई तक विधानसभा स्तर पर और फिर बूथ स्तर पर रैलियों और कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इसके बाद 20 से 30 मई तक घर-घर जाकर कांग्रेस कार्यकर्ता लोगों से संपर्क करेंगे और उन्हें केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जागरूक करेंगे। डोटासरा ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि मोदी सरकार हिटलरशाही पर उतर आई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सुप्रीम कोर्ट तक को निशाने पर लिया जा रहा है। ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं को डराया-धमकाया जा रहा है। चुनाव के समय विपक्ष के संसाधनों को खत्म करने की कोशिशें हो रही हैं। डोटासरा ने कहा कि संविधान बचाओ अभियान का उद्देश्य जनता को यह समझाना है कि किस तरह से केंद्र सरकार लोकतंत्र और संविधान को कमजोर कर रही है। कांग्रेस कार्यकर्ता लोगों को असलियत बताएंगे और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को बचाने का संकल्प लेंगे।

## नगर निगम हेरिटेज में हंगामाः लाइट समिति चेयरमैन उत्तम शर्मा ने अधिकारियों पर लगाए फिजूलखर्ची और अभद्रता के आरोप

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** जयपुर नगर निगम हेरिटेज में संचालन समितियों के गठन के साथ ही विवाद गहराने लगे हैं। सोमवार को लाइट समिति के चेयरमैन उत्तम शर्मा ने निगम अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए मोर्चा खोल दिया। शर्मा ने मुख्यालय के योगेश कुमावत और भरत मीणा पर जनता के पैसों की फिजूल खर्ची और जनप्रतिनिधियों के प्रति अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया। उत्तम शर्मा जनता की शिकायतों को लेकर भरत मीणा से मिलने पहुंचे थे, लेकिन मीणा कार्यालय में मौजूद नहीं थे। इसके बावजूद उनके कक्ष में सुबह से लाइट और पंखे चालू थे। लगभग एक घंटे इंतजार के बाद भी मीणा नहीं पहुंचे, तो शर्मा ने फोन पर बात की, लेकिन मीणा ने फोन पर ही अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए कहा कि "आप जैसे कई नेता आए और गए, मुझे फर्क नहीं पड़ता। मैं अपने ही अंदाज में काम करूंगा।" शर्मा ने बताया कि केवल भरत मीणा ही नहीं, बल्कि योगेश कुमावत के कक्ष का भी यही हाल है। कुमावत भी कार्यालय में नहीं थे, लेकिन बिजली उपकरण पूरे समय चालू थे। शर्मा ने इसे जनता के पैसों की बर्बादी बताया और कहा कि यह किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चेयरमैन ने कहा कि जयपुर को रोशन बनाना उनकी प्राथमिकता है, लेकिन साथ ही बिजली की बर्बादी और लापरवाही रोकना भी उनका कर्तव्य है। शर्मा ने दोनों अधिकारियों के खिलाफ नगर निगम कमिश्नर, मेयर और संबंधित मंत्री से शिकायत करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि ऐसे लापरवाह और बदतमीज अधिकारियों की वजह से आम जनता परेशान होती है और इन पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

## राजस्थान में भयानक सड़क हादसा, सांवलिया सेठ दर्शन जा रहे उज्जैन के 4 श्रद्धालुओं की मौत, 3 घायल

जयपुर टाइम्स

**चित्तौड़गढ़(निसं.)** निंबाहेड़ा क्षेत्र में रविवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में उज्जैन (मध्यप्रदेश) के चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा रात करीब पौने ग्यारह बजे नीमच-अजमेर नेशनल हाईवे पर जलिया चेक पोस्ट (राजपूताना होटल) के पास हुआ। निंबाहेड़ा डिप्टी एसपी बद्रीलाल राव के अनुसार, तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पहले डिवाइडर से टकराई और रॉन्ग साइड में जाकर सामने से आ रहे ट्रक से भिड़ गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार संजय उर्फ संजू (42), गौरव (32), अनिल (18) और ड्राइवर राजेश उर्फ राजा चौधरी की मौके पर ही मौत हो गई। सभी मृतक उज्जैन के बड़नगर तहसील के इंगोरिया गांव के निवासी थे और आपस में रिश्तेदार थे। हादसे में घायल हुए तीन अन्य श्रद्धालुओं - दीपक (39), योगेश (20) और सुनील (28) - को एम्बुलेंस से निंबाहेड़ा के सरकारी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घायल दीपक ने बताया कि वे अपने साले, साडू और रिश्तेदारों के साथ स्कॉर्पियो में सवार होकर सांवलिया सेठ मंदिर दर्शन के लिए निकले थे, लेकिन मंदिर से करीब 40 किलोमीटर पहले यह हादसा हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त स्कॉर्पियो को सड़क किनारे कर यातायात को बहाल किया। शवों को निंबाहेड़ा के हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया गया है और परिजनों की रिपोर्ट के बाद पोस्टमॉर्टम कर शव सौंपे जाएंगे। इस हादसे ने श्रद्धा की यात्रा को मातम में बदल दिया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

## डॉ. अम्बेडकर स्वर्ण जयंती सम्मान के अवसर पर विचार गोष्ठी बुधवार को

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)।** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के स्वर्ण जयंती सम्मान के अवसर पर भाजपा कोटपूतली नगर मंडल द्वारा आगामी 23 अप्रैल बुधवार को प्रात 11 बजे से कस्बे के मौहल्ला सराय स्थित बसंत प्रभु आदर्श विद्या मंदिर के सभागार में एक प्रबुद्धजन विचार गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अरूण सैनी ने बताया कि बाबा साहब संकल्प का दुसरा नाम है। वे हर पीड़ित, शोषित व वंचित की प्रखर आवाज है। वर्तमान समय में उन्हें विश्व मानव के रूप में देखना चाहिये। उनके विचार जन-जन तक पहुँचाने के लिये इस गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक विकास डोई ने बताया कि मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अल्का सिंह गुर्जर उपस्थित रहेगी। जबकि अध्यक्षता विधायक हंसराज पटेल करेगें। विशिष्ठ अतिथियों में जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल, जिला संगठन प्रभारी सत्यवीर यादव, पूर्व चैयरमैन एड. महेन्द्र कुमार सैनी समेत अन्य भाग लेगें।

## राजस्थान में स्मार्ट मीटर से बिजली होगी 15 पैसे सस्ती, मोबाइल ऐप से कर सकेंगे खर्च की निगरानी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान में अब बिजली उपभोक्ताओं को राहत मिलने जा रही है। राज्य सरकार ने स्मार्ट मीटर योजना की शुरुआत की है, जिसके तहत घर, दुकान, ऑफिस और फैक्ट्री जैसे सभी स्थानों पर स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। इस योजना का लाभ प्रदेश के करीब 1.42 करोड़ उपभोक्ताओं को मिलेगा। स्मार्ट मीटर लगवाने वाले उपभोक्ताओं को प्रीपेड सिस्टम का विकल्प मिलेगा, जिसमें 'पहले भुगतान फिर उपयोग' के आधार पर बिजली दी जाएगी। इस मॉडल को अपनाने पर उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट 15 पैसे की छूट दी जाएगी। यानी बिजली सस्ती मिलेगी। स्मार्ट मीटर को 'बिजली मित्र' मोबाइल ऐप से जोड़ा जाएगा, जिससे उपभोक्ता अपने दैनिक बिजली उपभोग, रिचार्ज स्थिति और अनुमानित बिल को मोबाइल पर ही रियल टाइम में ट्रैक कर सकेंगे। इससे उपभोक्ताओं को पारदर्शिता और खर्च पर नियंत्रण मिलेगा। जेवीवीएनएल के एसई (आईटी) अशोक वर्मा के अनुसार, उपभोक्ता स्मार्ट मीटर लगवाने से इनकार नहीं कर सकते, क्योंकि यह योजना सरकार द्वारा अनिवार्य की गई है। मीटर की लागत बिजली कंपनियां उठाएंगी, और यह उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त भार नहीं डालेगी। सरकार इस योजना की जल्द ही औपचारिक शुरुआत करने वाली है। स्मार्ट मीटर से पारंपरिक बिलिंग की समस्याएं खत्म होंगी और बिजली का उपयोग भी अधिक समझदारी से किया जा सकेगा।

## राज्यपाल ने शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया



**जयपुर (कासं.)**राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सोमवार को छत्रपति संभाजी नगर में आयोजित एक समारोह में शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों और शिक्षण संस्थाओं का सम्मान और अभिनंदन किया। बागडे ने इस दौरान भारत के प्राचीन तक्षशिला, नालंदा, विक्रम विश्वविद्यालय आदि की चर्चा करते हुए कहा कि शैक्षिक क्षेत्र में आरम्भ से ही भारत विश्व भर में अग्रणी रहा है। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा व्यवसाय नहीं बल्कि पवित्र कार्य है शिक्षा प्रदान करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है उन्होंने शिक्षण संस्थाओं का वहन किया कि वह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हुए राष्ट्र को विश्व भर में अग्रणी बनाने का कार्य करे। उन्होंने आर्यभट्ट, पाणिनि, भास्करा चार्य आदि की चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने वैज्ञानिक और जीवन व्यवहार, भाषा के जो सूत्र प्रदान किए, उसी को आधुनिक रूप में बाद में पश्चिम के देशों ने प्रस्तुत किया। उन्होंने शिक्षण संस्थानों में बौद्धिक क्षमता विकास के साथ भारतीय ज्ञान परंपरा के संबंध में नई पीढ़ी को जागरुक किए जाने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि विश्व को सबसे पहले जीरो का ज्ञान भारत ने दिया

## जिला कलक्टर के निर्देश पर अधिकारियों ने घर-घर जाकर किया पेयजल आपूर्ति का निरीक्षण



### उपखण्ड अधिकारियों एवं तहसीलदार ने एक हजार से अधिक घरों में लिया जायजा

### शहर एवं गांवों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को लेकर आमजन से लिया फीडबैक

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर जयपुर जिले के सभी उपखंड के अधिकारियों एवं तहसीलदार ने सोमवार को एक हजार से भी अधिक घरों में जाकर पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों से पेयजल आपूर्ति, पेयजल की गुणवत्ता का फीडबैक भी लिया। अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) देवेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने ग्रीष्म ऋतु में आमजन को पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। जिला कलक्टर के निर्देशों की अनुपालना में सोमवार को जिले के उपखंड अधिकारियों एवं तहसीलदार ने घर-घर जाकर पेयजल आपूर्ति का निरीक्षण किया। साथ ही टेल एंड घरों में पानी के दबाव की भी जानकारी ली। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पेयजल आपूर्ति एवं गुणवत्ता के साथ-साथ इलाके में अवैध एवं अनाधिकृत कनेक्शनों एवं पाइप लाइन में लीकेज की समस्या की भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के संबंधित अधिकारियों को अवैध एवं अनाधिकृत कनेक्शनों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही अमल में लाने एवं पाइप लाइन में लीकेज की समस्या को जल्द से जल्द दूर करने के निर्देश जारी किये हैं।

## भीषण गर्मी और हीट वेव को देखते हुए विद्यालयों के समय में परिवर्तन

### जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जारी किये आदेश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** जयपुर जिले में भीषण गर्मी को देखते हुए स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप आगामी दिवसों में मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार तापमान वृद्धि से भीषण गर्मी लू (हीट वेव) को देखते हुए जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों के कक्षा-8 तक के विद्यार्थियों के लिए विद्यालय समय में परिवर्तन किया गया है। जिला कलक्टर एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 के अध्याय 4 की धारा 30 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इसे लेकर आदेश जारी किये हैं। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा ने बताया कि जिला कलक्टर महोदय के निर्देशानुसार जयपुर जिले में संचालित समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा प्री-प्राईमरी से कक्षा 08वीं तक के छात्र/छात्राओं का दिनांक 22 अप्रैल 2025 से सत्रान्त तक विद्यालय समय प्रातः 07:30 बजे से दोपहर 11:30 बजे तक किया जाता है। उन्होंने बताया कि समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों की कक्षा 09 से कक्षा 12 तक के छात्र/छात्राओं, समस्त स्टाफ व संचालित अन्य परीक्षाओं का समय यथावत रहेगा। उक्त आदेश की अवहेलना करने वाले राजकीय/गैर राजकीय विद्यालयों के विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के प्रावधानों के तहत नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जावेगी।

## श्री हनुमान जी महाराज का विशाल मेला आज, भव्य कलश यात्रा का हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली (निसं.)**कस्बे के गोपालपुरा रोड़ गूम का जोहड़ स्थित श्री हनुमान जी मंदिर में मंगलवार को विशाल मेले का आयोजन किया जायेगा। सोमवार प्रात महंत श्री श्री 108 निरंजन दास महाराज के सानिध्य में भव्य कलश यात्रा का आयोजन हुआ। पं. अनुज शास्त्री ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर कलश यात्रा को रवाना किया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलायें डीजे पर भजनों की धुन पर नाचते गाते हुए चल रही थी। यात्रा श्रीराम मन्दिर लक्ष्मीनगर से प्रारम्भ होकर गूम का जोहड़ स्थित श्री हनुमान जी मंदिर पहुंची। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा यात्रा पर फूल बरसाये गये। दोपहर 11.15 बजे से भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं रात्रि 09.15 बजे से जागरण का आयोजन किया गया। मंगलवार 22 अप्रैल को हर वर्ष की भांति विशाल मेले का आयोजन होगा। इस मौके पर श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर जनार्दन दास महाराज नारायणपुर, श्री श्री 1008 कालिदास महाराज भाड़ावास, श्री मक्खन दास महाराज नागाजी की गौर, श्री श्री 1008 राम नरेश दास बारां धुनी, श्री श्री 1008 बालेश्वर दास महाराज, रामरत्न दास महाराज फूटा जोहड़ा, राम नरेश दास महाराज ढ़ाकोड़ा, रामदास महाराज कल्याणपुरा, पोकर दास महाराज, नरहरि दास महाराज टटेरा, सुरेश दास बूढ़वाल, बंसी दास महाराज भाड़ास, सीताराम दास महाराज नागाजी की गौर, राम बचन दास



महाराज राम मन्दिर कोटपूतली, गोपाल कोतवाल सहित बड़ी संख्या में महिलायें मौजूद रही।

## सहायक विकास अधिकारी एवं अतिरिक्त विकास अधिकारी संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को दिया ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** सहायक विकास अधिकारी एवं अतिरिक्त विकास अधिकारी संघ जयपुर जिला शाखा चूरू द्वारा सोमवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के चूरू आगमन पर संघ की विभिन्न आवश्यक मांगों के संबंध में ज्ञापन दिया गया। जिला अध्यक्ष हंसराज मीणा, जिलामंत्री योगेन्द्र सिंह शेखावत, प्रेम सिंह, सुरेश कुमार जीवन राम नेहरा, मुकेश कुमार यादव, छगनलाल छिपा, टिकूराम मीणा आदि सहायक विकास अधिकारियों ने ज्ञापन प्रस्तुत कर मुख्यमंत्री से संघ के पदोन्नति के कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण करवाने के संबंध में निवेदन किया तथा अतिरिक्त विकास अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी के 27वर्षीय एसीपी का कार्य जल्दी पूर्ण करवाने के लिए मांग की।

## भिवाड़ी में ढाबा मालिक से मारपीट पर 5 पुलिसकर्मी सस्पेंड

**भिवाड़ी(निसं.)** रविवार रात एक चौंकाने वाली घटना सामने आई, जहां पुलिसकर्मियों ने एक ढाबा मालिक की बेरहमी से पिटाई कर दी। यह घटना रात करीब 10.30 बजे खैरथल तिजारा क्षेत्र में हुई। आरोप है कि पांच पुलिसकर्मी ढाबे पर खाना खाने के बाद जब बिल मांगा गया, तो उन्होंने पैसे देने से इनकार कर दिया और ढाबा मालिक प्रदीप पर हमला कर दिया।

## वक्फ विधेयक - सुधार की राह या विवाद की जमीन?

वक्फ संपत्तियों से जुड़ा विधेयक इन दिनों राजनीतिक और सामाजिक विमर्श के केंद्र में है। सरकार जहां इसे प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में एक आवश्यक कदम बता रही है, वहीं विपक्ष और मुस्लिम संगठनों की चिंता इसकी संवैधानिकता और धार्मिक स्वतंत्रता पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर है। मामला अब न्यायपालिका की चौखट तक पहुँच चुका है, जिससे इसकी गंभीरता और व्यापकता का अंदाज़ा लगाया जा सकता है।

वक्फ संपत्तियाँ मुस्लिम समुदाय द्वारा धार्मिक, सामाजिक और शैक्षणिक उद्देश्यों के लिए दी गईं थीं। इनका प्रबंधन वक्फ बोर्डों द्वारा किया जाता रहा है, लेकिन वर्षों से इन बोर्डों की कार्यप्रणाली, पारदर्शिता और संपत्ति की निगरानी पर गंभीर सवाल उठते रहे हैं। ऐसे में यदि सरकार यह विधेयक लाकर इन संपत्तियों के संरक्षण, अवैध कब्जों की रोकथाम और नियमन को सुनिश्चित करना चाहती है, तो इस प्रयास की सराहना की जानी चाहिए – बशर्ते वह निष्पक्षता और संवैधानिक मूल्यों के साथ किया जाए।

हालांकि, इस विधेयक को लेकर विपक्ष की आपत्तियाँ भी नज़रअंदाज़ नहीं की जा सकतीं। वक्फ बोर्डों की स्वायत्तता में कटौती, धार्मिक समुदाय की संपत्ति पर सरकारी नियंत्रण और अनुच्छेद 26 के उल्लंघन जैसे सवाल लोकतांत्रिक व्यवस्था में गंभीर बहस की मांग करते हैं। यदि विधेयक समुदाय विशेष की धार्मिक स्वतंत्रता को सीमित करता है या किसी एक पक्ष को अनुचित रूप से प्रभावित करता है, तो उसे पुनर्विचार की आवश्यकता है।

अब जबकि मामला न्यायपालिका के समक्ष है, यह उम्मीद की जानी चाहिए कि न्यायालय इस विधेयक की संवैधानिक समीक्षा करते हुए संतुलित दृष्टिकोण अपनाएगा। जरूरत इस बात की है कि इस पूरी प्रक्रिया में सभी पक्षों को सुना जाए और किसी समुदाय की भावना या अधिकारों का उल्लंघन न हो।

वक्फ संपत्तियों से जुड़े विवाद लंबे समय से न्यायालयों में लंबित हैं। यदि यह विधेयक इन संपत्तियों के सुव्यवस्थित उपयोग, पारदर्शिता और संरक्षण की दिशा में ठोस कदम बनता है, तो यह स्वागतयोग्य होगा। परंतु यदि यह सामाजिक अविश्वास, धार्मिक ध्रुवीकरण और कानूनी उलझनों को जन्म देता है, तो इसके दूरगामी दुष्परिणाम होंगे।

सरकार को चाहिए कि वह इस विषय पर संवाद का मार्ग अपनाए, और विधेयक को राजनीतिक मुद्दा बनाने के बजाय एक सामाजिक सुधार के रूप में प्रस्तुत करे। तभी यह विधेयक वक्फ व्यवस्था को सशक्त करने का माध्यम बन सकेगा – अन्यथा यह एक और अनावश्यक सामाजिक विवाद की शुरुआत भर बनकर रह जाएगा।

## 52 वें सीजेआई गवई लेंगे 14 को शपथ, भाषा में सादगी, फैसलों में कानूनी तर्क है 'जिनकी' पहचान



अजय कुमार
उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना का नाम आजकल एक हर की जुबान पर चढ़ा हुआ है। वह मोदी सरकार द्वारा वक्फ कानून में किये गये बदलाव पर सुनवाई कर रहे हैं।शुरूआती दो दिन की सुनवाई के दौरान जस्टिस खन्ना ने जिस तरह से विधायिका में बनाये गये कानून के खिलाफ सख्त टिप्पणी की उसके बाद उनके ऊपर कई नेता और न्यायविद्व हमलावर हैं। आम जनता भी सवाल खड़े कर रही है,कहा यह भी जा रहा है कि जस्टिस खन्ना मामले की सुनवाई में काफी तेजी दिखा रहे हैं,इसकी वजह में जाकर देखा जाये तो पता चलता है कि खन्ना 13 मई को रिटायर्ड हो रहे हैं। शायद वह अपने रिटायर्डमेंट से पूर्व इस केस को किसी अंजाम तक पहुंचा देना चाहते हों। यदि ऐसा नहीं हुआ तो उनके सेवानिवृत होने के बाद अगले चीफ जस्टिस यह मुकदमा सुनेंगे। अलगे मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायविद भूषण रामकृष्ण गवई को 14 मई को 52 वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदभार ग्रहण करना है। करीब सवा छह महीने यानी 23 नवंबर 2025 तक मुख्य न्यायाधीश के रूप में जस्टिस गवई अपनी जिम्मेदारी निभायेंगे।

जस्टिस गवई अनुसूचित जाति से आते हैं। इससे पूर्व जस्टिस केजी बालकृष्ण 2007 से 2010 तक मुख्य न्यायाधीश रहे थे। बालकृष्ण भी दलित समाज से ताल्लुक रखते थे। अभी तक दलित समाज से सिर्फ दो ही मुख्य न्यायाधीश बने हैं। बहरहाल, अपने न्यायिक कार्यों का संपादन करने के दौरान जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में एक ऐसे व्यक्तित्व के रूप में उभर कर सामने आए हैं, जिनकी यात्रा साधारण पृष्ठभूमि से निकलकर सर्वोच्च न्यायालय के शीर्ष पद तक पहुँचने वाली है। उनकी कहानी न केवल प्रेरणादायक है बल्कि भारतीय लोकतंत्र में सामाजिक न्याय और समावेशिता की दिशा में एक सकारात्मक संकेत भी है। जब वे 14 मई 2025 को भारत के 52 वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदभार ग्रहण करेंगे, तब वे दलित समुदाय से आने वाले केवल दूसरे व्यक्ति होंगे जो इस सर्वोच्च संवैधानिक पद पर पहुंचेंगे।

भूषण गवई का जन्म 24 नवंबर 1960 को महाराष्ट्र के अमरावती जिले में हुआ था। उनके पिता रावसाहेब गवई एक प्रमुख राजनीतिज्ञ थे और बाबासाहेब आंबेडकर की विचारधारा से प्रभावित थे। ऐसे वातावरण में पले-बढ़े भूषण गवई ने नागपुर विश्वविद्यालय से कानून की पढ़ाई की और 1985 में बॉम्बे हाईकोर्ट में वकालत शुरू की। प्रारंभिक वर्षों में उन्होंने प्रमुख अधिवक्ता और न्यायाधीश राम रेड्डी के अधीन अभ्यास किया, जिससे उन्हें न्याय की गहराई और संवैधानिक मूल्य समझने का अवसर मिला।

गवई को वकालत में सफलता के बाद, 14 नवंबर 2003 को बॉम्बे हाईकोर्ट में न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था। अगले 16 वर्षों तक उन्होंने इस पद पर रहते हुए असंख्य महत्वपूर्ण मामलों की सुनवाई की। उनकी न्यायिक दृष्टि में न केवल कानूनी बारीकियों की गहरी समझ थी, बल्कि सामाजिक संदर्भों का भी विशेष स्थान था। वे हमेशा इस बात के पक्षधर रहे कि न्याय केवल कानून की किताबों तक सीमित न रहे, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे।

2019 में उन्हें भारत के सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश नियुक्त किया गया। यह नियुक्ति न केवल उनके लिए व्यक्तिगत सम्मान थी, बल्कि एक संकेत भी था कि भारतीय न्यायपालिका में विविधता और प्रतिनिधित्व का महत्व बढ़ रहा है। सुप्रीम कोर्ट में रहते हुए उन्होंने कई ऐतिहासिक और संवेदनशील मामलों की सुनवाई में भाग लिया। इनमें 2016 की नोटबंदी की संवैधानिक वैधता, अनुच्छेद 370 की समाप्ति, और चुनावी बांड योजना शामिल हैं। नोटबंदी के मामले में वे बहुमत की उस राय का हिस्सा रहे, जिसने सरकार के फैसले को सही ठहराया। उन्होंने यह तर्क दिया कि इस निर्णय की प्रक्रिया में भारतीय रिजर्व बैंक को विश्वास में लिया गया था और इसीलिए इसे असंवैधानिक नहीं माना जा सकता।

हाल ही में जब चुनावी बांड योजना पर फैसला देने वाली पीठ का गठन हुआ, तो जस्टिस गवई ने खुद को उस पीठ से अलग कर लिया। यह फैसला दर्शाता है कि वे न्यायिक नैतिकता और निष्पक्षता को कितनी गंभीरता से लेते हैं। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि उन्हें उस मामले में बैठना उचित नहीं लगेगा, जिससे हितों के टकराव की आशंका हो। यह उदाहरण उनके चरित्र की पारदर्शिता और सिद्धांतवादी सोच को दर्शाता है।

सुप्रीम कोर्ट में उनके कार्यकाल के दौरान उन्होंने सामाजिक न्याय से जुड़े मामलों में विशेष रुचि दिखाई। उन्होंने विशेष रूप से उन मामलों में मजबूत टिप्पणी की, जहां नागरिकों के मूल अधिकारों का उल्लंघन हुआ हो या समाज के हाशिए पर रह रहे वर्गों को न्याय नहीं मिल पा रहा हो। उनकी भाषा में सादगी होती है, लेकिन उनके फैसलों में कानूनी तर्क और मानवीय दृष्टिकोण का गहरा संतुलन देखा जा सकता है।

नवंबर 2024 में गवई को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस भूमिका में उन्होंने गरीबों, वंचितों, महिलाओं, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों और दिव्यांग नागरिकों के लिए मुफ्त कानूनी सहायता को प्रभावी बनाने के लिए ठोस प्रयास किए। उनका मानना रहा है कि न्याय तब तक सार्थक नहीं हो सकता जब तक वह हर व्यक्ति तक समान रूप से न पहुंचे। उन्होंने लोक अदालतों, ई-कोर्ट्स और विधिक साक्षरता कार्यक्रमों को बढ़ावा देने की नीति अपनाई।

स्टिस कार्यशैली में एक विशेष गुण यह है कि वे कोर्टरूम की गरिमा बनाए रखते हुए सभी वकीलों को धैर्यपूर्वक सुनते हैं। वे तकनीकी पक्षों की गहन पड़ताल करते हैं, लेकिन साथ ही यह भी सुनिश्चित करते हैं कि न्याय में देरी न हो। उनकी भाषा संयमित होती है, लेकिन जब बात संवैधानिक नैतिकता की आती है, तो वे कठोर भी हो सकते हैं। यह संतुलन ही उन्हें एक प्रभावी न्यायाधीश बनाता है।

जब वे 14 मई 2025 में भारत के मुख्य न्यायाधीश बनेंगे, तब उनके सामने कई महत्वपूर्ण चुनौतियाँ होंगी। न्यायिक प्रणाली में लंबित मामलों की संख्या कम करना, ई-गवर्नेंस को न्यायपालिका में और सुदृढ़ बनाना, तथा न्याय तक समान पहुंच सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल हो सकता है। उनके नेतृत्व में न्यायपालिका में तकनीक के अधिक प्रयोग और कानूनी प्रक्रियाओं के सरलीकरण की दिशा में ठोस पहल की उम्मीद की जा रही है। उनका कार्यकाल भले ही 6 महीने का होगा, लेकिन उनकी न्यायिक सोच और दृष्टिकोण इस छोटे से समय में भी प्रभाव छोड़ने में सक्षम हैं। वे जिस सामाजिक पृष्ठभूमि से आते हैं, वह उन्हें न्यायपालिका के उस पक्ष से जोड़ता है जिसे अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है दृ यानी समाज के सबसे कमजोर तबके।

कुल मिलाकर जस्टिस भूषण गवई की कहानी न केवल एक व्यक्ति की न्यायपालिका के शीर्ष तक पहुंचने की यात्रा है, बल्कि यह भारतीय न्याय व्यवस्था के भीतर बदलाव की एक संकेत भी है। वह बदलाव जो समावेशिता, पारदर्शिता और सामाजिक न्याय की नींव पर आधारित है। आने वाले समय में भारत की न्यायपालिका को उनके अनुभव, संवेदनशीलता और संविधान के प्रति प्रतिबद्धता से बहुत लाभ मिलने की संभावना है। उनका नेतृत्व यह तय करेगा कि कानून का शासन न केवल किताबों में, बल्कि जमीन पर भी महसूस किया जाए।

**ये लेखक के निजी विचार हैं**

## रोजगार की तलाश में युवा देश की जनसंख्या, युवा नियोजन योजना की जरूरत



संजीव ठाकुर, चिंतक,
लेखक, स्तंभकार,
रायपुर छत्तीसगढ़,

भारत एक दशक के बाद सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश होगा और सबसे ज्यादा युवा जनसंख्या वाला भी देश होगाद्य निश्चित तौर पर यह हमारे ऊपर है यह हमारी युवा जनसंख्या का उपयोग हम किस तरह विकास की गति के साथ साथ तालमेल बिठाकर भारत राष्ट्र का गौरव किस तरह बढ़ाते हैंद्य भारत का अधिकांश युवा रोजगार का तलबगार हो गया है,उसे सही मार्गदर्शन और नियोजन की योजना की जरूरत भी है।भारत की युवा और दीवा शक्ति के माध्यम से साइंस, टेक्नोलॉजी,मेडिकल, सेना, कंप्यूटर साइंस और स्वयं उद्यम के माध्यम से वैश्विक स्तर पर भारत को अग्रणी देश बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए द्य अब इस विशाल जनसंख्या का सीमित संसाधन पर कितना दबाव होगा, आप ये कल्पना कर सकते हैं। बहुत अधिक जनसंख्या देश में अनेक सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक समस्याओं को जन्म भी देती है। वर्तमान में भारत 141करोड़ जनसंख्या (अनुमानित) के साथ विश्व में दूसरे नंबर पर है पहले नंबर पर चाइना 145( अनुमानित)करोड़ की आबादी वाला देश है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1989 से 11 जुलाई को हर वर्ष जनसंख्या दिवस के रूप में मनाता है पर जनसंख्या नियंत्रण या जनसंख्या नियोजन पर भारत जैसे देश में कोई भी योजना नहीं बनती है। यही जनसंख्या बढ़ चुकी है और भारत में युवा जनसंख्या 60% से ज्यादा है तो इसका सकारात्मक उपयोग ही किया जाना युक्ति युक्त होगा। व्यापारिक दृष्टिकोण से भारत की जनसंख्या बाजार की ताकत है पर सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से जनसंख्या विकास के लिए बड़ी बाधक भी है। अधिक जनसंख्या के दबाव में सीमित संसाधन छिन्न-भिन्न हो जाते हैं आम जनता को उनकी मूल जरूरतों की आवश्यक वस्तुएं नहीं मिल पाती और यदि मिलती भी है तो बहुत ऊंची दरों में या बहुत महंगाई के बाद।ऐसे में देश में अनेक समस्याएं पैदा होती है, और सबसे ज्यादा जनसंख्या के दबाव से विकास के लिए संकट खड़ा हो जाता है। विकास धीरे-धीरे मध्यम का अवरुद्ध हो जाता है। देश का आर्थिक नियोजन चरमराने लगता है। वर्ष 1951 से 81 के दशक को भारत की जनसंख्या की विस्फोटक अवधि के रूप में जाना जाता है। यह देश में मृत्यु दर के तीव्र स्खलन और जनसंख्या की उच्च प्रजनन दर के कारण हुआ है। वर्ष 1921 तक की अवधि में भारत की जनसंख्या की वृद्धि स्थिर अवस्था में रही क्योंकि इस अवधि में जनसंख्या वृद्धि की दर काफी निम्न थी। 1981 से लगातार अभी तक जनसंख्या की दर बढ़ती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा बढ़ती जनसंख्या के मुद्दों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस स्लोगन 'परिवार नियोजन मानव का अधिकार' रखा गया है, ताकि बढ़ती जनसंख्या से उत्पन्न समस्याओं के प्रति जागरूक होकर लोगों द्वारा परिवार नियोजन पर उत्साहजनक जोर दिया जाए। यह स्लोगन यह संकेत करता है कि सुरक्षित एवं शैक्षिक परिवार नियोजन एक जिम्मेदार नागरिक का अधिकार है और यह सभी लोगों को सशक्त बनाएगा और देश में विकास की गति को तेज करने में सहायक भी होगा। भारत की जनसंख्या बढ़ने का प्रमुख कारण बढ़ती जन्म दर और कम मृत्यु दर भी है। जनसंख्या वृद्धि के कारण देश मैं बेरोजगारी गरीबी पर्यावरण प्रदूषण जैसी समस्याएं चुनौती बनकर सामने आई जो समाज व्यक्ति और राष्ट्र सभी के विकास को अवरुद्ध करती है। हमारे पास उपलब्ध संसाधन इतनी बड़ी आबादी के लिए कतई पर्याप्त नहीं है। विकास और देश की समृद्धि के लिए जनसंख्या नियंत्रण एक आवश्यक अंग हो सकता है। कई यूरोपीय देशों ने अपनी बढ़ती जनसंख्या एवं संसाधनों में उचित तालमेल हेतु परिवार नियंत्रण प्रणाली को का निर्णय लिया किंतु एक समय बाद वहां कार्यशील जनसंख्या की अपेक्षा वृद्धों की संख्या में वृद्धि हुई जिससे मानव संसाधन की समस्याएं उनके सामने आने लगी हैं। चीन में पहले जनसंख्या नियंत्रण किया गया था। सरकार ने वैधानिक रूप से एक या दो बच्चे पैदा करने की शर्तें लागू की थी, पर वहां बुजुर्गों, वृद्धों की संख्या में भारी वृद्धि होने के पश्चात चीन की सरकार ने ज्यादा से ज्यादा बच्चे पैदा करने की अपनी जनता से अपील की है। जापान एक छोटा सा देश होने के बावजूद अपने सीमित संसाधनों के चलते अपने नवाचार तथा तकनीकी शक्ति के बल पर विकासशील देशों के समकक्ष खड़ा है। भारत जैसे विशाल देश में जहां बहुत बड़ी जनसंख्या भी है और विकास के लिए आवश्यक संसाधन भी हैं, विकास करने के लिए केवल विशाल जनसंख्या के साथ सामंजस्य बिठाने की आवश्यकता होगी। भारत में जनसंख्या नियंत्रण के साथ-साथ उसके अनुपात में संसाधनों का संतुलन बना कर विकास की नई दिशा दी जा सकती है। संसाधनों की उचित दोहन हेतु सही और सटीक नीति तथा उसके क्रियान्वयन की आवश्यकता होगी। इसके अलावा नवाचार एवं उचित तकनीक प्रौद्योगिकी को भी अमल में लाना होगा। भारत विश्व का प्रथम देश है जिसने 1952 में परिवार नियोजन कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर शुरू किया इसका परिणाम भी अच्छा हुआ था कि पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या की वृद्धि में संतोषजनक गिरावट आई है। यह तो विदित है कि किसी भी राष्ट्र की संतुलित विकास की धारा तभी संभव है जब वहां के विकास में सहायक संसाधनों का संतुलन बना रहे। किसी एक घटक का संतुलन यदि गड़बड़ होता है तो विकास के लिए गंभीर समस्याएं जन्म लेना शुरू करती हैं। भारत की जनसंख्या इसी रफ्तार से बढ़ती रही तो दिन दूर नहीं जब संसाधनों की कमी से भारत को जूझना होगा फिर विकास की बात बेमानी हो जाएगी। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा जनसंख्या दिवस मनाने का उद्देश्य है कि व्यक्ति समाज सरकार और योजना कानों के मन में इस विषय से संबंधित समस्याओं के प्रति चेतना संवेदना जगाना ही है ताकि लोगों में बढ़ती जनसंख्या से जुड़ी समस्याएं एवं अवरोधों के बारे में जागरूकता ज्यादा से ज्यादा विस्तारित हो। भारत के पास विकास के सभी मापदंड होते हुए भी देश पिछड़ा हुआ है, भारत में तकनीकी का कम विकास, कमजोर शिक्षा ,परंपरागत स्रोत, कृषि का निम्न स्तर, आर्थिक असमानता जैसी अनेक समस्याएं हैं जो विकास मैं बाधक बनती रही है। वर्तमान में देश के पास प्राकृतिक एवं मानव संसाधन इतना है कि बढ़ती जनसंख्या की समस्याओं से आसानी से निपटा जा सके पर इस बात की अत्यंत आवश्यकता है कि संसाधनों का उचित दोहन तथा उसका सही उपयोग विकास की दिशा में भ्रष्टाचार से बचाकर किया जाए। यह अत्यंत उल्लेखनीय है कि जनसंख्या की समस्या से निपटने तथा विकास की दर को बढ़ाने की जिम्मेदारी केवल शासन प्रशासन की ही नहीं है इसके लिए आम नागरिक भी जिम्मेदार है क्योंकि समस्याएं खड़ी करने में आमजन का एक बड़ा वर्ग भी है, इसीलिए हम सबको जनसंख्या नियंत्रण और विकास की धारा को सही दिशा प्रदान करने के लिए सक्रिय सहयोग देना होगा तब ही देश एक सशक्त राष्ट्र बन पाएगा।

**ये लेखक के निजी विचार हैं**

## मनुष्य और प्रकृति का रिश्ता है शाश्वत



सुनील कुमार महला,
फ्रीलांस राइटर, कालमिस्ट व युवा साहित्यकार, उत्तराखंड।

हाल ही में जम्मू-कश्मीर में बादल फट जाने से बहुत तबाही मची।सच तो यह है कि प्रकृति समय-समय पर मानव को अपना प्रकोप दिखा रही है और कहीं न कहीं मानव को आगाह कर रही है कि अभी भी यदि हमने अपने पर्यावरण और प्रकृति पर ध्यान नहीं दिया तो आने वाले समय में हमें और भी अधिक प्राकृतिक प्रकोपों का सामना करना पड़ सकता है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार हाल ही में रामबन जिले के सेरी बागना इलाके में 20 अप्रैल को सुबह बारिश के बाद बादल फटने से 3 लोगों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पुलिस ने करीब 100 लोगों को रेस्क्यू किया। बादल फटने की इस दुखद घटना(तीन लोगों की मौत पर) पर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी स्थिति का जायजा लेने के लिए प्रभावित इलाकों का दौरा कर रहे हैं।नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने सरकार से प्रभावित परिवारों को पर्याप्त राहत प्रदान करने के लिए केंद्र से वित्तीय सहायता का अनुरोध करने की बात कही है। बहरहाल, जानकारी के अनुसार जम्मू-कश्मीर में की दिनों से बारिश हो रही है और बादल फटने से अचानक बाढ़ आने के कारण पहाड़ का मलबा गांव की तरफ आ गया, जिसकी चपेट में कई लोग और घर आ गए। किश्तवाड़ में तो पूरा पहाड़ दरक गया बताया जा रहा है।जानकारी के अनुसार रामबन जिले के बनिहाल इलाके में कई जगह लैंडस्लाइड (भूस्खलन) हुई हैं। इसके कारण जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे बंद कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि बारिश व लैंडस्लाइड के कारण सैकड़ों वाहन फंसे हुए हैं और किश्तवाड़-पद्दर मार्ग भी बंद बताया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यहां वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है और अधिकारियों ने मौसम साफ होने के बाद ही हाईवे पर सफर करने की अपील की है। पाठक जानते होंगे कि भूकंप, बाढ़, चक्रवात, ज्वालामुखी विस्फोट, भूस्खलन, सूखा, हिमस्खलन, ओलावृष्टि, और तूफ़ान जैसी घटनाएं प्राकृतिक प्रकोप या आपदाओं के अंतर्गत आतीं हैं। इससे हमारे पर्यावरण, हमारी पारिस्थितिकी, मानव को तो नुकसान होता ही है, ऐसी घटनाओं से आर्थिक नुकसान भी पहुंचता है। स्वास्थ्य सेवाओं पर भी प्राकृतिक आपदाओं के कारण दबाव बढ़ता है। हालांकि, प्रकृति का मनुष्य के पास आज भी कोई तोड़ नहीं है और हम प्रकृति का कभी सामना नहीं कर सकते हैं। प्रकृति के प्रकोपों के लिए कहीं न कहीं हम मानव ही कहीं न कहीं जिम्मेदार हैं। वास्तव में हमें यह चाहिए कि हम किसी भी हाल और परिस्थितियों में प्रकृति से छेड़छाड़ नहीं करें ,क्योंकि प्रकृति मनुष्य के साथ ही धरती के सभी जीव-जंतुओं के लिए बहुत अहम और महत्वपूर्ण है। पाठक जानते हैं कि प्रकृति से हमें भोजन, पानी, दवा, ईंधन, आश्रय, और ऑक्सीजन प्राप्त होती है।सच तो यह है किप्रकृति के बिना हमारा अस्तित्व नहीं रह सकता है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि 'दश कूप समा वापी, दशवापी समोह्रदः। दशह्रद समः पुत्रों, दशपुत्रो समो द्रमुः।।' इसका भावार्थ यह है कि एक पेड़ दस कुओं के बराबर,एक तालाब दस सीढ़ी के कुएं के बराबर, एक बेटा दस तालाब के बराबर, एक पेड़ दस बेटों के बराबर होता है। बहरहाल,यह प्रकृति ही के कारण है कि इस धरती पर हमारा, जीव-जंतुओं और वनस्पतियों का अस्तित्व संभव है। आज मनुष्य अपने स्वार्थों और लालच के चलते प्राकृतिक संसाधनों का असीमित और अंधाधुंध दोहन कर रहा है। दूसरे शब्दों में कहें तो प्राकृतिक संसाधनों का संयमी इस्तेमाल करना बहुत जरूरी है। प्रकृति में संसाधनों की कमी नहीं है, यदि हम इनका विवेकपूर्ण तरीके से और संयमी इस्तेमाल करें। आज हम कहने को तो प्रकृति के प्रति जागरूक हैं, लेकिन सच तो यह है कि हम लगातार खनन, पेड़ों की कटाई, पानी व खनिज संसाधनों का दोहन करने में लगे हैं। विकास के नाम पर हमने प्रकृति को आज कहीं का नहीं छोड़ा है। आज अंधाधुंध प्रदूषण (मिट्टी, वायु,जल) फैलाया जाता है, लेकिन इसको ढंग से प्रबंधित नहीं किया जाता है। जीवाश्म ईंधन जलाया जाता है, जैसा कि आबादी बढ़ने के साथ ही इसमें अभूतपूर्व वृद्धि हुई है, हालांकि आज जीवाश्म ईंधन को कम करने के लिए इलैक्ट्रिक वाहनों और अन्य ईंधनों पर जोर दिया जा रहा है, लेकिन हमें प्रकृति संरक्षण के लिए और अधिक आगे बढ़कर काम करने की आवश्यकता है।सच तो यह है कि आज मानव को जरूरत इस बात की है कि वह प्रकृति से नाता जोड़ें और लालच और स्वार्थ से नाता तोड़े। वास्तव में हम मनुष्यों ने आज पर्यावरण और प्रकृति का बहुत बड़ा नुकसान किया है। कहना ग़लत नहीं होगा कि अंधाधुंध विकास ने हमारे पूरे प्राकृतिक चक्र को बिगाड़ कर रख दिया है।हम जल, जंगल और जमीन का संरक्षण कृतसंकल्पित होकर नहीं कर पा रहे हैं। हमारी भारतीय संस्कृति में शुरू से ही प्रकृति और पर्यावरण को विशेष महत्त्व दिया गया है और यहां तक कहा गया है कि 'माता भूमि◭ पुत्रो अहं पृथिव्या◭' अर्थात यह पृथ्वी ही हमारी माता है और हम सभी देशवासी इस धरा की संतान हैं। हमारी भारतीय संस्कृति में वृक्षों, जल, वायु, अग्नि, नदियों, समुद्र, और धरती को पूज्य माना गया है। आज कुंआ, सरोकार, तालाब, झीलें, जोहड़ पहले की तुलना में कम रह गये हैं,उनका पुनरूद्धार नहीं हो पा रहा है। वास्तव में, आज पर्यावरणीय समस्याओं को हल करने के लिए सामूहिक और व्यापक-आधारित कार्रवाई की ज़रूरत है। इतना ही नहीं, राष्ट्रीय और सांस्कृतिक सीमाओं के पार लोगों को शामिल करने वाले संरक्षण प्रयासों की ज़रूरत है। आज जरूरत इस बात की है कि हम प्रकृति के प्रति संवेदनशील और जागरूक बनें। हमें वृक्षों का संरक्षण और संवर्धन करना होगा। बहरहाल, यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि आज हमने अंधाधुंध विकास को ही सब कुछ मान लिया है, जिसका परिणाम हमारे सामने है। आज धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है, प्रदूषण के बारे में तो कहना ही क्या ? हमने नदियों के जल को पानी या विद्युत स्रोत मान कर उनका दोहन किया। नदियों को प्रदूषण का केंद्र बना डाला है। मिट्टी, वायु प्रदूषित हो चुके हैं। हम फसलों के अवशेषों को जलाते हैं। सार्वजनिक वाहनों का प्रयोग कम करते हैं। अंधाधुंध निर्माण कार्य कर रहे हैं। वास्तव में पहले के जमाने में हमारा प्राकृतिक दुनिया के प्रति गहन सम्मान था और हम पारिस्थितिकीय परस्पर निर्भरता के प्रति जागरूक थे, शायद आज उतने जागरूक और संवेदनशील हम नहीं रहे, क्यों कि इसमें हमारा स्वार्थ और लालच आड़े आ गया है।हम प्रकृति से सबकुछ छीन कर अपनी गोदी में भर लेना चाहते हैं। वास्तव में आज जरूरत इस बात की है कि आज हम मानव समाजों के साथ-साथ पर्यावरण के अस्तित्व और कल्याण की गारंटी पर कृतसंकल्पित होकर ईमानदारी से काम करें। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि जम्मू-कश्मीर में जो तबाही आईं है, उसके लिए कहीं न कहीं स्थानीय प्रशासन, वन विभाग और जिला प्रशासन की लापरवाही, मिलीभगत या भ्रष्टाचार को जिम्मेदार माना जा सकता है। वास्तव में, आज हमारा समाज इतना लालची व स्वार्थी हो गया है कि इसे अपनी आने वाली पीढ़ियों की भी कोई परवाह नहीं रह गईं है। आज हम प्रकृति को संरक्षित नहीं कर पा रहे हैं। क्या यह हमारे की विडंबना नहीं है कि आज हमारे देश में गोचर भूमि ,वन भूमि पर अत्यधिक अतिक्रमण हो रहे है। वहां कंक्रीट की दीवारें (आवासीय भवन) खड़े किए जा रहे है। आज पशु-पक्षियों, पेड़ों , वनस्पतियों की अनेक जातियाँ लुप्त होती जा रही हैं। हमारे जल स्त्रोत आज कचरादान बनते जा रहे है। रिसाइकिल(पुनर्चक्रण) की ठोस व्यवस्थाएं नहीं हैं। प्लास्टिक प्रदूषण ने इस धरती का बेड़ा गर्क करके रख दिया है। जिन नदियों को हम मातृवत् पूजते रहे हैं, अब उनमें कल-कारखानों का प्रदूषित जल(रासायनिक व गंदा जल)प्रवाहित हो रहा है। पर्यावरण संरक्षण को लेकर आज हमारी पुरातन परम्पराएं और रीति-रिवाज समाप्त प्रायः हो गये है। वर्तमान सभ्यता(पाश्चात्य संस्कृति)और भौतिकता की विषबेल इतनी फलित हो गई हैं कि इसने हमारे देश की समग्र संस्कृति को खत्म प्रायः सा कर दिया है। पाश्चात्य संस्कृति हम सब पर हावी होती चली जा रही है। वास्तव में आज हम सब यह भूल चुके हैं कि 'पर्यावरणनाशेन, नश्यन्ति सर्वजन्तवः। पवनः दुष्टतां याति, प्रकृतिर्विकृतायते।' अर्थात पर्यावरण के प्रदूषित होने से सभी प्राणी नष्ट हो जाते हैं। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि 'शाश्वतम्, प्रकृति-मानव- खलु शाश्वतम्तत्त्व-सर्वं धारकं सत्त्व-पालन-कारकं वारि-वायु-व्योम-वह्नि-ज्या-गतम्। शाश्वतम्, प्रकृति-मानव-सङ्गतम्।।' इसका तात्पर्य यह है कि प्रकृति और मनुष्य के बीच का संबंध शाश्वत है।यह रिश्ता शाश्वत है।जल, वायु, आकाश के सभी तत्व,अग्नि और पृथ्वी वास्तव में धारक हैं और जीवों के पालनहार। बहरहाल, पर्वतीय राज्यों उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश के बाद अब जब जम्मू-कश्मीर में तबाही आईं है, तो इसमें कोई हैरान होने की बात नहीं है , बल्कि आज हमें इस बात की चिंता करने की जरूरत है कि आखिर हम कब तक प्रवृति से खिलवाड़ करके अपने जीवन को संकट में डालते रहेंगे। अंत में यही कहूंगा कि मानव और प्रकृति का रिश्ता एक अटूट रिश्ता है। मसलन, सूर्य धरती के समस्त जीवों और वनस्पतियों के जीवन का स्त्रोत है, यह धरती हम सभी का घर है,वायु प्राणशक्ति की संचालक है, और जल जीवन का असली आधार है।प्रकृति हमें निःस्वार्थ भाव से सब कुछ देती है, वैसे ही हमारा भी कर्तव्य है कि हम प्रकृति के प्रति कृतज्ञ रहें और उसकी रक्षा करें।

**ये लेखक के निजी विचार हैं**



## 'जाट' पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप

# सनी-रणदीप के खिलाफ केस दर्ज

सनी देओल, रणदीप हुड्डा स्टारर हालिया रिलीज फिल्म 'जाट' मुश्किलों में घिरती दिख रही है। फिल्म पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगा है। जालंधर के थाना सदर में सनी देओल, रणदीप हुड्डा समेत टीम के अन्य सदस्यों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। जालंधर के थाना सदर में 'जाट' फिल्म के अभिनेता सनी देओल, रणदीप हुड्डा, वीनित कुमार, निर्देशक गोपीचंद मलिनेनी, प्रोड्यूसर नवीन मलिनेनी के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। फिल्म के सदस्यों पर मामला जालंधर के गांव फोलरीवाल निवासी विकल्फ गोल्ड के बयानों पर दर्ज हुआ है। धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने की धारा 299 बीएनएस के तहत दर्ज किया गया है। ईसाई समुदाय ने हाल ही में 'जाट' फिल्म में एक सीन को लेकर पुलिस कमिश्नरेट दफ्तर के बाहर प्रदर्शन किया था। समुदाय का आरोप है कि फिल्म के एक सीन में प्रभु यीशु और धर्म से जुड़ी पवित्र चीजों की बेअदबी की गई है, जिसे लेकर उन्होंने अधिकारियों को मामला दर्ज करवाने की मांग के साथ पत्र सौंपा था। पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया गया कि जाट मूवी में प्रभु यीशु मसीह के सलीब (लकड़ी का बना क्रॉस) वाले दृश्य की नकल करके ईसाईयों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाया गया है। जाट का निर्देशन गोपीचंद मलिनेनी ने किया है। सनी देओल के साथ फिल्म में रणदीप हुड्डा, विनीत कुमार सिंह, सैयामी खेर और रेजिना कैसंड्रा भी अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म में अभिनेता रणदीप हुड्डा खतरनाक खलनायक रणतुंगा के किरदार में हैं। फिल्म में उर्वशी रौतेला का एक आइटम सॉन्ग टच किया भी है। हिंदी के साथ ही तमिल और तेलुगू में रिलीज हुई फिल्म जाट का निर्माण मैत्री मूवी मेकर्स ने पीपल मीडिया फैक्ट्री के साथ मिलकर किया है। 10 अप्रैल को रिलीज हुई जाट का बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन जारी है। फिल्म 60 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर चुकी है। सफलता से उत्साहित निर्माताओं ने जाट 2 की घोषणा भी कर दी है। निर्माताओं ने बताया कि जाट 2 नए मिशन के साथ दर्शकों के सामने आएगी।

# मॉडल के साथ अफेयर की चर्चाओं के बीच, हनी सिंह का क्रिप्टिक पोस्ट



### जन्मदिन सेलिब्रेशन में एमा के साथ नजर आए हनी सिंह

हनी सिंह ने ये स्टोरी ऐसे वक्त पर लगाई है, जब हाल ही में एमा बकर की जन्मदिन की पार्टी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ, जिसे खुद हनी सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किया है। इस वीडियो में हनी सिंह अपनी रूमर्ड गर्लफ्रेंड एमा बकर के साथ बैठे हुए हैं और एक आलीशान रेस्टोरेंट में जन्मदिन का सेलेब्रेशन मना रहे हैं। वीडियो में दिखता है कि हनी ने एमा के लिए सरप्राइज पार्टी रखी है। इस दौरान वीडियो में हनी सिंह एमा का हाथ थामे भी दिखाई दे रहे हैं। बैकग्राउंड में हनी सिंह का गाना मिलियनेयर बज रहा था, जिससे सोशल मीडिया यूजर्स संभावित रोमांटिक कनेक्शन के बारे में अटकलें लगा रहे हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद से ही हनी सिंह और एमा बकर के अफेयर की चर्चाएं जोरों पर हैं।

अक्सर सुर्खियों में रहने वाले सिंगर-रैपर हनी सिंह आजकल अपनी लव लाइफ को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। इस बीच अब हनी सिंह का एक क्रिप्टिक पोस्ट लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रहा है। जानिए इस पोस्ट में ऐसा क्या है खास। भारतीय रैपर-सिंगर हनी सिंह इन दिनों अपनी लव लाइफ को लेकर एक बार फिर सुर्खियों में बने हुए हैं।

उनके और मॉडल एमा बकर के रिलेशनशिप में होने की चर्चाएं इन दिनों बी-टाउन का हॉट टॉपिक बनी हुई हैं। हाल ही में एमा के जन्मदिन के मौके पर हनी सिंह की मौजूदगी ने एक बार फिर चर्चाओं को हवा दे दी है। अब अफेयर की चर्चाओं के बीच हनी सिंह ने सोशल मीडिया पर एक क्रिप्टिक पोस्ट साझा की है। जिसने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा है।

### 'जिंदगी एक खूबसूरत सफर है'

हनी सिंह ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक नोट साझा किया है। रिलेशनशिप की चर्चाओं के बीच हनी सिंह का ये क्रिप्टिक पोस्ट सुर्खियां बटोर रहा है। अपने इस पोस्ट में हनी सिंह ने लिखा, आप धरती पर रहते नहीं हैं, आप इससे गुजर रहे हैं। जिंदगी एक खूबसूरत सफर है, पीड़ा नहीं दोस्त। हनी सिंह का ये क्रिप्टिक पोस्ट अब लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रहा।

# महेश बाबू की फिल्म 'एसएसएमबी 29' को लेकर प्रियंका चोपड़ा ने दिया हिंट



हाल ही में अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा अपनी आगामी फिल्म 'एसएसएमबी 29' से चर्चा में हैं। महेश बाबू की इस बहुप्रतीक्षित फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट आया है। महेश बाबू और राजामौली की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'एसएसएमबी 29' की शूटिंग जोरों-शोरों से चल रही हैं। अब फिल्म को लेकर एक अपडेट आया है। प्रियंका चोपड़ा ने दिए ये हिंट। जानने के लिए पढ़ें पूरी खबर। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की है। इसमें उन्होंने ग्राफिक्स के जरिए बताया है कि वह मुंबई से होते हुए पर्ल सिटी हैदराबाद आ गई हैं। 123 तेलुगु की रिपोर्ट के जरिए यह कहा जा रहा है कि अभिनेत्री महेश बाबू की फिल्म 'एसएसएमबी 29' की शूटिंग के लिए फिर से हैदराबाद आ गई हैं, जिसका अगले हफ्ते यहां शूटिंग होगी। इस फिल्म के एक-एक अपडेट का फैंस को बेसब्री से इंतजार है।

### फिल्म को लेकर क्या है अपडेट?

राजामौली के निर्देशन में बन रही फिल्म एसएसएमबी 29 को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक ले जाने का प्लान है। महेश बाबू अभिनीत इस एडवेंचर थ्रिलर फिल्म की शूटिंग 2026 के मध्य तक चलने की उम्मीद है। अभी फिल्म ने ओडिशा के कोरपुट शेड्यूल की शूटिंग पूरी की है।



# गुरु रंधावा ने अपने पहले इंडिपेंडेंट एल्बम विदाउट प्रेजुडिस से कतल का ऑफिशियल वीडियो किया रिलीज़

गुरु रंधावा ने हाल ही में अपने नए एल्बम विदाउट प्रेजुडिस के रिलीज़ से संगीत प्रेमियों को एक खास तोहफा दिया है। एल्बम के सभी नौ गानों के ऑडियो वर्जन को मिल रही शानदार प्रतिक्रिया के बीच, अब गुरु रंधावा ने एल्बम के गाने कतल का आधिकारिक यूट्यूब वीडियो रिलीज़ कर दिया है। इस वीडियो में उनके साथ साउंडस मुफ़ाकिर नजर आ रही हैं, और इसे वॉर्नर म्यूजिक इंडिया के सहयोग से तैयार किया गया है। इस गाने को गुरु रंधावा ने खुद गाया है, जबकि इसके बोल रोनी अजनाली, गिल मछराई और गुरु रंधावा ने मिलकर लिखे हैं। कतल एक महिला की खूबसूरती की झलक को बयां करता है, जिसे गुरु रंधावा ने अपनी भावपूर्ण आवाज़ के ज़रिए पेश किया है। इसमें एक महिला की खूबसूरती की तुलना एक हथियार की धार से की गई है–जो उनके आत्मविश्वास, ऊर्जा और आकर्षण का प्रतीक है। इस वीडियो का निर्देशन मशहूर कोरियोग्राफर बॉस्को मार्टिस ने किया है, जो संगीत और डांस प्रेमियों को जरूर पसंद आएगा। गुरु की गायकी और गीतों की गहराई को बॉस्को की कोरियोग्राफी के साथ मिलाकर कतल एक बेहतरीन फ्यूजन बन जाता है, जो युवाओं के बीच खासा लोकप्रिय हो सकता है और भारतीय संगीत को वैश्विक स्तर पर एक नई ऊंचाई पर पहुंचाता है। विदाउट प्रेजुडिस को गुरु रंधावा का अब तक का सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट माना जा रहा है। पंजाबी म्यूजिक को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाने वाले गुरु इस एल्बम में पारंपरिक रंगों को आधुनिक वैश्विक ध्वनियों के साथ मिलाकर एक अनूठा अनुभव देते हैं। यह रचनात्मक पहल न सिर्फ़ उनकी लोकप्रियता को बढ़ाती है बल्कि दुनियाभर में बसे भारतीय समुदाय को भी एक सूत्र में जोड़ती है।

# सिनेमाघरों में फिर रिलीज हुई 'विक्की डोनर', आयुष्मान बोले फिल्म ने मेरी जिंदगी बदल दी



**अभिनेता** आयुष्मान खुराना और अभिनेत्री यामी गौतम धर स्टारर फिल्म 'विक्की डोनर' शुक्रवार को सिनेमाघरों में फिर से रिलीज की गई। अभिनेता ने 'विक्की डोनर' को उनकी जिंदगी बदलने वाली फिल्म बताया। 13 साल पहले सिनेमाघरों में रिलीज हुई 'विक्की डोनर' के प्रति प्रेम और लगाव को व्यक्त करते हुए आयुष्मान खुराना ने कैप्शन में लिखा, 13 साल पहले आई फिल्म 'विक्की डोनर' ने आपके दिलों में जगह बनाई और मेरी जिंदगी हमेशा के लिए बदल दी।

अभिनेता ने आगे बताया, 'विक्की डोनर' सिनेमाघरों में वापस आ चुकी है और मैं फिर से वही प्यार-अपनापन महसूस कर रहा हूं। विक्की डोनर साल 2012 में रिलीज हुई थी। फिल्म निर्देशक सुजित सरकार ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा कर प्रशंसकों को री रिलीज की जानकारी दी। उन्होंने फिल्म से जुड़ी कुछ तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा, 'विक्की डोनर' 18 अप्रैल को सिनेमाघरों में फिर से रिलीज हो रही है। विक्की डोनर के जरिए अभिनेता जॉन अब्राहम ने निर्माण की दुनिया में कदम रखा था। 'विक्की डोनर' की री-रिलीज पर उत्साह व्यक्त करते हुए जॉन ने लिखा था, निर्माता के तौर पर मेरी पहली फिल्म 18 अप्रैल को बड़े पर्दे पर वापस आ रही है! बोल्ड, समय से आगे की कहानी जिसमें एक मैसेज है, जो आज भी दिल को छू जाता है। मैं सुजित सरकार, जूही चतुर्वेदी, अनु कपूर और आयुष्मान खुराना, यामी गौतम संग काम कर खुद को लकी महसूस करता हूं। इस जबरदस्त कॉमेडी फिल्म को मिस न करें! 18 अप्रैल को देखें। आयुष्मान खुराना और यामी गौतम ने साल 2012 में आई फिल्म 'विक्की डोनर' के साथ बॉलीवुड में अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। स्पर्म डोनेशन और बांझपन को लेकर सामाजिक धारणाओं पर चोट करती फिल्म ने तीन राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीते थे।

# मैं राम नहीं दशरथ के रास्ते पर चलता हूं

### 2 शादी और एक अफेयर पर कमल हासन ने दी सफाई

अपनी आगामी फिल्म ठग लाइफ के प्रमोशन में व्यस्त कमल हासन ने शादी पर खुलकर बात की। त्रिशा कृष्णन ने शादी में विश्वास न होने की बात कही, तो कमल हासन ने अपनी दो शादियों का जिक्र करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने सामाजिक मान्यताओं को चुनौती दी।



एक्टर कमल हासन, त्रिशा कृष्णन और सिलंबरासन टीआर उर्फ सिम्बू अपनी आगामी फिल्म ठग लाइफ के प्रचार में व्यस्त हैं। प्रचार के दौरान जब एक्टर्स से शादी के बारे में पूछा गया तो कमल ने दो बार शादी करने की बात कही। इवेंट में एंकर ने सबसे शादी के बारे में उनकी राय पूछी। त्रिशा ने जवाब दिया, मैं शादी में विश्वास नहीं करती। अगर शादी होती है तो ठीक है, अगर नहीं होती है तो भी ठीक है। जब कमल से इस बारे में पूछा गया, तो उन्होंने एक दशक पहले एमपी जॉन ब्रिटास के साथ हुई एक घटना का जिक्र किया। कमल हासन ने तमिल में कहा, यह 10-15 साल पहले की बात है। एमपी ब्रिटास मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। उन्होंने कॉलेज के छात्रों के एक ग्रुप के सामने मुझसे पूछा- आप एक अच्छे ब्राह्मण परिवार से हैं, आपने दो बार शादी कैसे की? मैंने कहा- अच्छे परिवार से होने का शादी से क्या लेना-देना है? उन्होंने कहा- नहीं, लेकिन आप भगवान राम की पूजा करते हैं, इसलिए आप वैसे ही जीते हैं जैसे उन्होंने जिया।

# मर्दों को पीरियड्स होते तो युद्ध हो जाता: जान्हवी कपूर



**जान्हवी** कपूर ने उन पुरुषों की आलोचना की है जो महिलाओं के पीरियड्स के दर्द को अनदेखा करते हैं। उन्होंने कहा कि पुरुष इस दर्द को सहन नहीं कर पाएंगे। जान्हवी ने बताया कि पीरियड्स का दर्द महिलाओं को अलग-अलग तरह से प्रभावित करता है और कुछ पुरुष इसे कम आंकते हैं। एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने उन पुरुषों की आलोचना की है जो महिलाओं में पीरियड्स के दर्द को नफरत भरी निगाहों और लहजे से नज़रअंदाज़ करते हैं। उनका कहना है कि वे खुद इस दर्द को बर्दाश्त नहीं कर पाएंगे। हाल ही में एक इंटरव्यू में जान्हवी ने बताया कि पीरियड्स का दर्द महिलाओं को किस तरह से अलग तरह से प्रभावित कर सकता है और क्यों कुछ पुरुष इसे तुच्छ समझते हैं। हाउटरफ्लाई से बात करते हुए जान्हवी कपूर ने बताया कि कैसे कई बातचीत में पीरियड्स के दर्द और मासिक धर्म का इस्तेमाल महिलाओं के मूड स्विंग के लिए किया जाता है। उन्होंने कहा, अगर मैं झगड़ा करने की कोशिश कर रही हूं या मेरी बात को सामने रखने की कोशिश कर रही हूं और आप बोलते हो क्या यह पीरियड्स का समय है? लेकिन अगर आप सच में हमदर्दी दिखा रहे हैं, तो आपको एक मिनट रुकना चाहिए। अधिकतर मामलों में, आपको एक मिनट की जरूरत होती है, क्योंकि जिस तरह से हमारे हार्मोन चार्ट से बाहर हैं, हम जिस दर्द से गुजरते हैं, वह बहुत मुश्किल है।

### मर्दों को पीरियड्स होते तो...

जान्हवी ने पीरियड्स को कुछ पुरुषों के नज़रिए को पर बात की और कहा, लेकिन यह अजीब सी नजर और लहजा है... क्योंकि मैं आपको विश्वास दिलाती हूं, पुरुष इस दर्द और मूड स्विंग को एक मिनट भी बर्दाश्त नहीं कर पाएंगे। पता नहीं कौन सा परमाणु युद्ध हो जाता अगर मर्दों को पीरियड्स होते।

# बच्चों को भविष्य के लिए इस तरह से करें तैयार

**अपने बच्चों को बाहरी दुनिया में रहने के लिए ट्रेनिंग दें। क्योंकि चाहे चिड़ियां को उड़ना सिखाना नहीं पड़ता हो, फिर भी मां बच्चों को उड़ने की ट्रेनिंग दिया करती है। कभी अपने घर के आंगन में अपने बच्चों को उड़ना सिखाती चिड़िया को देखें तो आपको एहसास होगा कि उड़ने की कला उन्हें प्रकृति से मिली जरूर है, लेकिन कौशल उन्हें खुद ही हासिल करना होता है। देखें आप अपने बच्चे को कैसे आत्मविश्वासी और आत्म-निर्भर बना सकते हैं।**



प्रवीर और मृदुल इत्तेफाक से रूममेट बन गए। मृदुल की मां कॉर्पोरेट सेक्टर में काम करती हैं, इसलिए उसका परिवेश एकदम ही अलग है। दूसरी और प्रवीर की मां सरकारी दफ्तर में काम करती है इसलिए उसका परिवेश मृदुल से कुछ अलग था। एक तरफ मृदुल हर तरह से आत्म-निर्भर और आत्मविश्वासी है तो दूसरी तरफ प्रवीर हर चीज को टालता रहता है। शुरुआत में दोनों को एक-दूसरे के साथ एडजस्ट होने में बहुत दिक्कतें पेश आईं। मृदुल क्या पहनना है से लेकर पिकनिक पर कहां जाना है और शाम को क्या सब्जी बनाने से लेकर बुक-शॉप से कौन-सी बुक खरीदनी है, जैसे सारे निर्णय स्वयं लेता है तो दूसरी तरफ प्रवीर को हर तरह का निर्णय लेने में दूसरों की जरूरत लगती है। वजह.स्पष्ट है-मृदुल को बचपन से ही निर्णय लेने के लिए प्रेरित भी किया और निर्णय लेने भी दिया गया। प्रवीर को हमेशा ही बच्चा कहा गया और हर उस अवसर से उसे दूर रखा गया, जहां विकल्पों में से चुनाव करना था। अक्सर हम बच्चों के बड़े होने के दौरान ही उन्हें निर्णय लेने की क्रिया से वंचित करते चलते हैं और फिर जब वे बड़े हो जाते हैं तब एकाएक उन्हें कहने लगते हैं कि अब बड़े हो गए हो, अपने निर्णय खुद ही करो। उस पर जब उनका निर्णय गलत सिद्ध होता है तब हम उन्हें ही दोष देने लगते हैं कि इतने बड़े हो गए, लेकिन अब तक यह समझ नहीं आया कि अपने लिए क्या सही है और क्या गलत है?

बच्चों को अपने पैरों पर खड़ा होने देना सिर्फ एक कहावत नहीं है, बल्कि उन्हें हर तरह से आने वाले जीवन और हकीकतों के सामने खड़े होने और लड़ने की कूव्वत देना है। इस मामले में एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि जब बच्चे घर से बाहर पढ़ने के लिए जाते हैं तब लड़कियां लड़कों की तुलना में जल्दी एडजस्ट कर लेती है। हो सकता है इसके सामाजिक कारण भी हो, लेकिन एक बात यह भी है कि बहुत सारे मामलों में लड़कियां ज्यादा लचीली होती है और दूसरे घर के छोटे-मोटे कामों में मां का हाथ बंटाते-बंटाते वह कब आत्मविश्वास पा लेती है, इसका उन्हें खुद भी ज्ञान नहीं होता है। अपने बच्चों को बाहरी दुनिया में रहने के लिए ट्रेनिंग दें। क्योंकि चाहे चिड़ियां को उड़ना सिखाना नहीं पड़ता हो, फिर भी मां बच्चों को उड़ने की ट्रेनिंग दिया करती है। कभी अपने घर के आंगन में अपने बच्चों को उड़ना सिखाती चिड़िया को देखें तो आपको एहसास होगा कि उड़ने की कला उन्हें प्रकृति से मिली जरूर है, लेकिन कौशल उन्हें खुद ही हासिल करना होता है। देखें आप अपने बच्चे को कैसे आत्मविश्वासी और आत्म-निर्भर बना सकते हैं।

## उन्हें एक कोना दें

चाहे जो परिस्थिति हो, आप अपने बच्चे को एक ऐसा कोना जरूर उपलब्ध कराएं, जिसे वह स्वयं व्यवस्थित करें। याद करें स्कूलों में बच्चों को दिया जाना वाला लॉकर। इसी तरह एक ड्रॉवर या एक लॉकर उसे जरूर दें, जहां वह अपनी चीजें व्यवस्थित कर रख सकें। इससे उसमें जिम्मेदारी का भाव भी आएगा और निर्णय करने की क्षमता का विकास भी होगा। जब वह उसे अपनी तरह से व्यवस्थित कर पाएगा तो उसमें आत्मविश्वास भी आएगा।

## छोटे-छोटे निर्णय करने दें

अपने बच्चे को छोटे-छोटे निर्णय स्वयं करने दें। जैसे अपने दोस्त की बर्थडे पार्टी में वह क्या पहन कर जाना चाहता है? या फिर डिनर के लिए जाते हुए वह किस तरह के कपड़े पहनना चाहता है? या रेस्टोरेंट में उसे स्वयं अपना ऑर्डर देने के लिए कहें। आइसक्रीम का कौन-सा फ्लेवर या किस तरह का पित्जा वह खाना चाहता है, इसका निर्णय उसे स्वयं करने दें।

## अपने रिश्ते उसे ही निभाने दें

यदि उसके दोस्त का जन्मदिन है या वह अपने दोस्त को किसी खास मौके पर पार्टी देना चाहता है या गिफ्ट देना चाहता है तो उसे खुद ही निर्णय करने दें। यदि वह आपसे राय मांगे तो उसे सुझाव दें। उसके समक्ष विकल्प रखें, उसे निर्णय न सुनाएं। उससे पूछे कि उसके दोस्त की रूचि क्या करने में है? उसी हिसाब से वह उसे गिफ्ट दें, लेकिन यह न बताएं कि उसे क्या गिफ्ट दे!

## घर के छोटे-छोटे काम करने के लिए कहें

भारतीय घरों में अक्सर घर के कामों को लड़कियों के हिस्से में माना जाता है। ऐसे में अक्सर हम लड़कों को इससे अलग रखते हैं। लेकिन अब चूंकि लड़कों को भी अलग-अलग वजहों से घर से बाहर जाना पड़ता है, इसलिए उन्हें भी घर के काम करना आना चाहिए। इससे घर से बाहर एडजस्ट करने में उन्हें असुविधा नहीं होगी। खासतौर पर चाय बनाना, नाश्ता बना पाना और हां अपने कपड़ों को खुद ही धोना अपने बच्चे को जरूर सिखाएं।

## अपनी समस्याओं को उन्हें ही हल करने दें

भाई-बहनों के बीच के झगड़े हो या फिर दोस्तों के बीच हुए विवादबच्चे को अपनी समस्याओं से खुद ही लड़ने को कहें। स्कूल के एंन्यूएल फंक्शन में पार्टिसिपेशन के लिए डांस की तैयारी करनी हो या फिर कॉस्ट्यूम अरेंज करना हो, बच्चों को मार्गदर्शन तो दें, लेकिन उसका काम आप न करें।

इस तरह की छोटी-छोटी चीजें करके आप बच्चे को भविष्य के लिए तैयार कर सकते हैं। आखिर उसे आपके घर की छत से बाहर जाकर अपने लिए जमीन तलाशनी है और दुनिया बनानी है। अपनी छाया से अलग करके ही आप उसे विकसित होने का अवसर देंगी, ये न सिर्फ आपके लिए बल्कि स्वयं बच्चे के लिए भी अच्छा होगा।

# छोटी-सी तारीफ भी देती है बड़ी खुशी

**कोई भी महिला तब और निखर उठती है, जब कोई उसकी खूबसूरती की तारीफ करने वाला हो। कोई उसकी छोटी-छोटी जरूरतों का खयाल रखने वाला हो। अगर वह अपने साथी के लिए कुछ करे तो वह उसे नोटिस करे। जब साथी इन बातों का खयाल रखता है तो दांपत्य जीवन खुशियों से महक उठता है।**

आज सुबह से ही तन्वी का मन कुछ उदास था, न जाने किस सोच में गुम थी। पिछले काफी समय से सोच रही थी कि उसकी शादीशुदा जिंदगी में कुछ कमी-सी है लेकिन तभी मोबाइल पर आए एक मैसेज ने जिंदगी में छाई सारी निराशाओं को पल भर में मानो दूर भगा दिया और तन्वी के मन में एकाएक नई उमंगें तैरने लगीं। इसमें लिखा था-'कैसी हो स्वीटहार्ट'? तुम्हारा दिन कैसा बीत रहा है?

यह मैसेज पढ़ते ही तन्वी का उदासी में डूबा दिन खुशनुमा हो उठा। उसके मन में शाम की कई प्लानिंग चलने लगीं। आईने में खुद को बार-बार निहारने लगी। वाकई में तन्वी जितनी खुश थी, उसकी चमक उसके चेहरे पर स्पष्ट दिखाई दे रही थी। उसके बाद ही तन्वी ने भी पूरी गर्मजोशी से मैसेज का जवाब भी दिया और उसके खुश रहने के साथ पूरे घर का माहौल खुशनुमा हो गया।

## क्या चाहती हैं महिलाएं

अक्सर पुरुष सोचते हैं कि स्त्रियों को खुश करना बड़ा मुश्किल है, लेकिन वे नहीं जानते कि उनकी जीवनसंगिनी खुश होने के लिए बेशकीमती तोहफा नहीं चाहती, उसे तो प्यार से दी गई एक कैंडी भी खुश कर सकती है। लंबे से मेल के बजाय प्यार में डूबी छोटी-सी पंक्ति भी जीवनसाथी को प्रसन्ना कर सकती है। बस, इस पर ध्यान देने की जरूरत है।

## बस थोड़ी-सी केयर

सचाई यह है कि करियर में कोई स्त्री कितनी भी कामयाब क्यों न हो जाए, उसे सबसे बड़ी खुशी तब मिलती है, जब उसका साथी उसकी छोटी-छोटी ख्वाहिशों को समझता हो, उनका खयाल रखता हो। दरअसल, ऐसा करते हुए वह यह जता देता है कि वह उसके लिए कितनी खास है। महिलाएं हमेशा से चाहती हैं कि उनका साथी कार में पहले खुद बैठने की बजाय उनके लिए कार का दरवाजा खोले। ये चाहत इसलिए नहीं है कि वह यह काम खुद नहीं कर सकती या फिर शारीरिक रूप से कमजोर हैं, वह सिर्फ अपने पार्टनर से एक स्नेह भरे रिश्ते की अपेक्षा रखती हैं।

प्रकृति ने पुरुष को फिजिकली मजबूत बनाया है। वह मेहनत करता है, परिवार चलाता है। स्त्री उसका खयाल रखती है। आदिकाल से ऐसा ही होता रहा है लेकिन समय के साथ इसमें बदलाव भी आया है। अब स्त्रियां घर-ऑफिस साथ संभाल रही हैं। पुरुष उनकी मेहनत की कद्र करता है, लेकिन कहीं न कहीं वह इसका इजहार करने से चूक जाता है।





# माथे पर बढ़ रही लकीरों को हटाएंगे ये होममेड मास्क

**बिजी लाइफ के दौरान त्वचा का ख्याल नहीं रख पाते हैं। लेकिन जब कहीं जाना होता है तब हमें अपनी स्किन का ख्याल आता है, पर उस वक्त कोई उपाय नहीं सूझता है और बेकार मूड से फंक्शन में जाना पड़ता है। कोई बात नहीं अब भी केयर कर सकते हैं। तो आइए जानते हैं कैसे माथे पर आ रही चिंता की लकीरों को हटाए कुछ ही दिनों में।**

## गाजर और अंडे का पैक

गाजर में मौजूद तत्व बीटा कैरोटीन, आयोडीन झुर्रियों को कम करने में मदद करते हैं। साथ ही अंडे में भी पोषक तत्व मौजूद होते हैं जो त्वचा में कसावट पैदा करते हैं। गाजर को मिक्सी में किस लें और एग व्हाइट को अच्छे से मिक्स कर लें। इसके बाद चेहरे पर चेहरे पर लगा लें। 20 मिनट बाद चेहरे को नॉर्मल पानी से धो लें। हफ्ते में कम से कम दो बार इस पैक का जरूर इस्तेमाल करें।

## ऑलिव ऑयल और शहद

माथें पर उभरने वाले लकीरे आपकी खूबसूरती कम कर देती है। लेकिन 1 चम्मच शहद और 1 चम्मच ऑलिव ऑयल लें। दोनों को अच्छे से मिक्स कर लें। इसके बाद रात को सोने सेपहले सिर पर लगा लें सुबह उठकर मुंह को धो लें। हफ्ते में 2 या 3 बार ऐसा करें। कुछ ही दिन में आराम मिल जाएगा।

## कोको पाउडर और ऑलिव ऑयल

माथे पर दिखती लकीरे आपको बहुत जल्दी शर्मिंदा करा देती है। लेकिन अब नही होना पड़ेगा। 1 चम्मच कोको पाउडर और 1 चम्मच ऑलिव ऑयल लें। दानों को अच्छे से मिक्स कर लें। इसके बाद चेहरे पर 20 मिनट के लिए लगा लें। फिर नॉर्मल पानी से धो लें। कुछ ही दिन में आराम मिल जाएगा।




# बच्चे के पुराने खिलौने फेंके नहीं बल्कि ऐसे करें इस्तेमाल

अपने बच्चों के लिएही खिलौने चुनने में पेरेंट्स बहुत समय लगा देते हैं। आप जिस खिलौने को पसंद करने में घंटों लगा देते हैं, बच्चा उससे कुछ साल ही खेल पाता है और बड़ा होने पर वो खिलौने उसके किसी काम के नहीं रहते हैं। जब बच्चा खिलौनों से खेलना बंद कर देता है, तो पेरेंट्स के लिए इन्हें संभालकर रखना मुश्किल हो जाता है। उन्हें समझ नहीं आता है कि वो इन खिलौनों को कहां रखें या इनका क्या करें।

## खिलौनों का क्या करें

अगर आपके बच्चे के ढेरों खिलौने अब बेकार पड़े हैं और घर में उनसे खेलने वाला कोई नहीं है, तो आप उल्हें दान कर सकते हैं। इस तरह से खिलौने उन बच्चों तक पहुंच पाएंगे, जिन्हें सच में इसकी जरूरत हो। आपकी इस कोशिश से किसी मासूम बच्चे के चेहरे पर मुस्कान आ सकती है। यहां हम आपको कुछ ऐसे तरीके और जगहें बता रहे हैं, जहां आप अपने बच्चों के खिलौनों को दान कर सकते हैं।

## कैसे खिलौने कर सकते हैं दान

जो खिलौने अच्छी कंडीशन में हों और ज्यादा इस्तेमाल न किए गए हों, उन्हें दान के रूप में स्वीकार कर लिया जाता है। आप ब्लॉक्स, पजल्स, बोर्ड गेम, स्टफ्ड एनीमल, टॉय कार, क्राफ्ट किट, स्पोर्ट्स किट, एक्टिविटी बुक जैसे कई तरह के टॉएज दान कर सकते हैं। हालांकि, कई जगहों पर मुंह में लेने वाले खिलौने दान में नहीं लिए जाते हैं जैसे कि पैसिफायर और टीथर आदि। आप खिलौनों को दान करने से पहले कंफर्म कर लें कि उस जगह पर किस तरह के टॉएज लिए जाते हैं।

## चैरिटी में

आप उन संस्थानों में खिलौनों को दान कर सकते हैं जो चैरिटी करती हों। ये संस्थाएं अनाथ बच्चों को ये खिलौने देती हैं। इसके अलावा इनके द्वारा गरीब परिवारों के बच्चों को भी खिलौने और जरूरी सामान दिए जाते हैं।

## शेल्टर या आश्रय स्थल

वुमेन शेल्टर होम में भी आप खिलौनों को दान कर सकते हैं। इन जगहों पर बच्चों के पास बहुत कम चीजें और सुविधाएं होती हैं। ये लोग आपके गिफ्ट और खिलौनों को आसानी से ले लेंगे। आप इन्हें खिलौनों के अलावा कपड़े और टॉयलेटरीज भी दान कर सकते हैं। इसके अलावा और क्या-क्या दान कर सकते हैं, यह जानने के लिए आप सीधा शेल्टर होम में बात कर सकते हैं।

## चिल्ड्रेन होम

आप अनाथ आश्रम में भी बच्चों के खिलौने दान कर सकते हैं। यहां हर उम्र के बच्चे होते हैं जिन्हें आपके खिलौने पसंद आ सकते हैं।

## अस्पताल या धार्मिक केंद्र

कई अस्पताल भी बच्चों के खिलौने लेते हैं। यहां दाखिल होने वाले बच्चों को ट्रीटमेंट के दौरान खिलौनों से खेलने दिया जाता है। इसके अलावा आपके आसपास के धार्मिक केंद्रों में भी बच्चों के खिलौने लिए जा सकते हैं। आप मंदिर के बाहर बैठे बच्चों को खिलौने दे सकते हैं। इन बच्चों के पास बचपन की सबसे प्यारी चीज यानि खिलौनों के नाम पर कुछ नहीं होता है। ऐसे में आपकी छोटी सी मदद इनके चेहरे पर मुस्कान ला सकती है।




# बोरियत को न बनाएं अपनी आदत!



सारा काम खत्म हो गया, डिनर के लिए बाहर जाने का मन नहीं है, इस सप्ताह कोई अच्छी फिल्म भी रिलीज नहीं हुई, समझ नहीं आ रहा क्या करें, कहां जाएं? आपको भी अपने आसपास अक्सर ऐसी बातें सुनने को मिलती होंगी। ऐसा सोचने या कहने का सीधा मतलब यही है कि व्यक्ति अपनी वर्तमान मनस्थिति से खुश ही है और इसी वजह से उसे बोरियत महसूस हो रही है।

## समस्या की जड़ें

जब कभी जीवन में ठहराव आने लगता है तो इससे बोरियत पैदा होती है। आज की तेज रफ्तार जिंदगी ने इंसान को काफी हद तक वर्कोहॉलिक बना दिया है। अब लोग दिन-रात मशीन की तरह काम में जुटे रहते हैं। जैसे ही उनका कार्य पूरा हो जाता है, उन्हें खालीपन महसूस होने लगता है। आज लोगों के सामने मनोरंजन के विकल्पों का अंबार है, फिर भी वे बोरियत से परेशान रहते हैं। सीमित साधनों के बीच संतुष्ट और खुश रहना आसान है, लेकिन ढेर सारे विकल्प हमें केवल भ्रमित करते हैं और अंतत: इनकी वजह से बोरियत पैदा होने लगती है।

## बोर होते बच्चे

आजकल बच्चों को भी बहुत जल्दी बोरियत महसूस होती है। पुराने समय में बच्चे एक ही खिलौने से महीनों तक खेलते थे, पर आज के बच्चे दो ही दिनों के बाद अपने लिए नए खिलौने की मांग करने लगते हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि अब पैरेंट्स के पास बच्चों के लिए समय नहीं है। इस समस्या से बचने के लिए वे छोटी उम्र से ही बच्चों को उनकी मनमर्जी का काम करने की छूट दे देते हैं। ऐसी स्थिति में बच्चों की फ्रस्ट्रेशन टॉलरेंस खत्म हो रही है। अगर माहौल उनकी पसंद के प्रतिकूल हो तो वे पांच मिनट में ही ऊबने लगते हैं। कभी-कभी बोरियत होना स्वाभाविक है, लेकिन जब यह स्थायी मनोदशा बन जाए तो चिंताजनक है। बोरियत नकारात्मक विचारों की जड़ है। इससे व्यवहार में चिड़चिड़ापन आने लगता है। कार्यक्षमता और रिश्तों पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसकी वजह से व्यक्ति को डिप्रेशन भी हो सकता है।

## कैसे करें बचाव

खुद को बोरियत से बचाने के लिए जीवन में संतुलन बेहद जरूरी है। जिस तरह वर्कोहॉलिक होना नुकसानदेह है, उसी तरह ज्यादा आरामतलबी और मनोरंजन की अधिकता भी व्यक्ति को बहुत जल्दी बोर कर देती है। इन दोनों स्थितियों से बचते हुए दिनचर्या में संतुलन बनाए रखना चाहिए। जिस तरह शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए आप एक्सरसाइज करते हैं या जिम जाते हैं। ठीक उसी तरह दिमागी सेहत का भी ध्यान रखना बेहद जरूरी है। इसके लिए फुर्सत के पलों में टीवी देखने के बजाय कोई अच्छी किताब पढ़ें, अपने करीबी लोगों से बातचीत करें या बागवानी करें। कोई भी ऐसी गतिविधि, जिसमें व्यक्ति की शारीरिक या मानसिक ऊर्जा खर्च होती हो, वह उसे बोरियत से बचाती है। ऐसी समस्या से बचने के लिए सहनशीलता बहुत जरूरी है।

## ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर के नाम उपखण्ड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

### नवसृजित ग्राम पंचायत माधोपुरा में नही जोडने की मांग



जयपुर टाइम्स

**चाकसू(निसं.)** चाकसू उपखंड क्षेत्र में कोटखावदा तहसील के गौड का बास एवं ताज खां का बास के लोगों ने जिला कलेक्टर के नाम उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में हमारा गांव गौड का बास रूपाहेडी कलां ग्राम पंचायत, एवं ताज खां का बास ग्राम पंचायत महादेवपुरा में है वही नवसृर्जित ग्राम पंचायत का घटन कर मोधापुरा को प्रस्तावति है इसमें हमारे दोनो गांवो को जोड़कर नवसृर्जित ग्राम पंचायत बनायी जा रही है जबकि हमारे दोनों गांव व ढाणियों माधोपुरा गांव से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर है जिससे हमें आने जाने में असुविधा होती है जबकि ताज खां का बास एवं गोड का बास को जोड़कर जनसंख्या के आधार पर नवसृजित ग्राम पंचायत बन सकती है क्योकि दोनो गांवो कि जनसंख्या मापदण्ड के आधार पर 2600 के आसपास है, हमें नवसृर्जित ग्राम पंचायत माधोपुरा में जोड दिया, जिसका हम लोग विरोध करते हैं उपखंड अधिकारी से निवेदन एवं पूर्ण विश्वास से आग्रह करते है कि ग्राम गौड का बास को नवसृर्जित ग्राम पंचायत बनायी जायें यदि अगर ऐसा नहीं हो सकता है तो हम दोनों गांव गौड़ का बास एवं ताज खां का बास को यथावत रखा जायें। ज्ञापन के दौरान सैकड़ों लोगों ने अपने अपने आधार कार्ड की प्रतिलिपि भी शामिल की गई।

## विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा एक्शन प्लान के तहत विधिक साक्षरता शिविर उप जिला चिकित्सालय में आयोजित हुआ।डॉ. अंसार खान व पीएलवी राम बाबू माथुर ने नशीली दवाइयों के दुष्परिणाम व होने वाले नुकसान की जानकारी, बाल विवाह रोकथाम, बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणाम, नशा नहीं करने की जानकारी दी गई। नर्सिंग स्टाफ हेमेंद्र धाबाई,सुनील कुमार बैरवा, जगदीश ,निकिता रैगर,राजेंद्र बैरवा,शारदा मीणा, नफीसा,आशा,योगेश सुमन,व अन्य स्टॉफ मौजूद रहे।

## मानसरोवर स्थित पार्क से अतिक्रमण हटाने कि की गई कार्रवाई



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मानसरोवर स्थित पार्क की भूमि पर बने हुए अवैध मकान एवं सार्वजनिक रास्ते पर किए गये अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई सोमवार को की गई। सतर्कता शाखा, मानसरोवर जोन टीम, उद्यान शाखा टीम, गैराज शाखा टीम, विद्युत शाखा टीम, मानसरोवर थाना, राजस्थान आवासन मण्डल टीम आदि के द्वारा संयुक्त कार्रवाई की गई। उपायुक्त मानसरोवर जोन श्री लक्ष्मीकांत कटारा ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय में विचारधीन डी.बी. सिविल (पी.आई.एल.) रिट पिटिशन संख्या 10079/2020 रामगोपाल अटल बनाम राज्य सरकार राजस्थान व अन्य में दिये गये आदेशों की पालना में मानसरोवर स्थित पार्क की भूमि पर बने हुए अवैध मकान एवं सार्वजनिक रास्ते पर किए गये अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाही की गई। उन्होंने बताया कि अतिक्रमियों को समझाईश की गयी जिसमें उनके द्वारा सहयोग प्रदान करते हुए अतिक्रमित भूमि से स्वयं अपना सामान आदि लेकर चले गए। अवैध भवन को ध्वस्त करने से पूर्व माईक द्वारा सूचित किया गया। उन्होंने बताया कि कार्रवाही द्वारा माननीय न्यायालय के आदेशों की पालना में मानसरोवर स्थित सार्वजनिक पार्क (स्वर्ण पथ) पर बने हुऐ अवैध मकान को ध्वस्त किया गया एवं सार्वजनिक रास्ते से अतिक्रमण हटवाया गया।

## साले कि हत्या के बाद पेड़ से लटककर युवक ने की आत्महत्या,

जयपुर टाइम्स

**चाकसू(निसं.)।** चाकसू उपखंड क्षेत्र के कोटखावदा इलाके मे एक युवक ने पहले अपने साले की हत्या कर दी और अगले ही दिन पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी भरतलाल मेहर के अनुसार मृतक की पहचान रिंकू मीणा निवासी सपंतपुरा के रूप में हुई है। सोमवार सुबह उसका शव बबूल के पेड़ से लटका मिला। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। रिंकू ने अपने साले की हत्या कर दी। अगले ही दिन, शायद डर से रिंकू ने भी अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। फिलहाल पुलिस पूरे घटनाक्रम की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है और परिजनों से पूछताछ की जा रही है।

# विधायक की अनुशंसा पर क्रमोन्नत चिकित्सा संस्थानों के लिए 57 करोड़ 64 लाख स्वीकृत

### मेरी कथनी व करनी में नहीं है कोई अंतर ,जो कहा वो किया: विधायक कुलदीप धनखड़

जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निसं.)।** क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनखड़ की अनुशंसा पर विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के तीन चिकित्सा संस्थानों के लिए कुल 57 करोड़ 64 लाख रुपए स्वीकृत हुए हैं। वही विधायक कुलदीप धनखड़ ने कहा कि मेरी कथनी व करनी में नहीं है कोई अंतर, जो जनता से मैं वादे करता हूं वह बातें पूरी ही करता हूं। इस दौरान स्थानीय विधायक कुलदीप धनखड़ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया।विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयसिंहपुरा के भवन





निर्माण हेतु 8 करोड़ 32 लाख वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजनोता भवन निर्माण के लिए 8 करोड़ 32 लाख तथा उप जिला अस्पताल पावटा के भवन निर्माण के लिए 41 करोड़ रुपए की स्वीकृति हुई है।इस प्रकार से कुल 57 करोड़ 64 लाख रुपए की हुई है स्वीकृति। जिसको लेकर संपूर्ण क्षेत्र में हर्ष की लहर है।वही विधायक कुलदीप धनखड़ ने बताया कि बजट 2024 - 25 की घोषणा अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र विराटनगर में मेरी अनुशंसा पर कर्मोनत चिकित्सा संस्थानों के भवन निर्माण के लिए 57.64 करोड रुपए की राशि डीएमएफटी फंड द्वारा कराए जाने के निर्देश जारी करने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, वित्त विभाग मंत्री दिया कुमारी व चिकित्सा मंत्री गजेंद्र खींवसर का आभार व्यक्त करता हूं।

### आमजन को मिलेगी बेहतर चिकित्सा सुविधा

वही विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़ ने कहा कि आमजन की व्यवस्थाओं के लिए मैं हमेशा तत्पर हूं तथा चिकित्सा सुविधा क्षेत्र वासियों को अच्छी मिले इसके लिए मैं हमेशा के लिए प्रतिबंध रहूंगा।वहीं धनखड़ ने कहा कि क्षेत्र में चिकित्सा व्यवस्था अच्छी करना मेरी पहली प्राथमिकता है पहला सुख निरोगी काया, क्षेत्र की जनता के लिए बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया करवाना मेरा परम कर्तव्य है।वहीं धनखड़ ने कहा कि विराटनगर क्षेत्र में चिकित्सा सुविधा सहित विकास कार्य में कभी कमी नहीं होगी।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सानिध्य में चिकित्सा सुविधाओं सहित क्षेत्र के लिए नए आयाम स्थापित होंगे। जिससे कि आमजन के धन की भी बचत हो सकेगी। क्षेत्र में चिकित्सा सुविधाओं के लिए उप जिला अस्पताल, क्रमोन्नत सीएचसी में व्यवस्थाएं अच्छी सुनिश्चित करना मेरी प्रथम प्राथमिकता है।

# पार्किंग सुविधा शुरू होने के बावजूद फुलेरा अस्पताल के बाहर अराजकता

### प्रशासन की ढिलाई से बिगड़ रही ट्रैफिक व्यवस्था

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निसं.)।** फुलेरा उप जिला अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों की सहूलियत के लिए हाल ही में पार्किंग सुविधा शुरू की गई है। इसका उद्देश्य था कि अस्पताल परिसर में वाहनों की अव्यवस्था खत्म हो और ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू किया जा सके। लेकिन हकीकत यह है कि नई सुविधा के बावजूद मुख्य सड़क पर वाहनों की मनमानी पार्किंग आज भी ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बनी हुई है। जहां एक ओर अस्पताल प्रशासन ने प्रयास कर पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराई है, वहीं दूसरी ओर कुछ लोग मामूली शुल्क बचाने के चक्कर में अपने वाहन अब भी मुख्य सड़क पर खड़े कर रहे हैं। इसका खामियाजा एम्बुलेंस से लेकर आमजन तक को भुगतना पड़ रहा है। कई बार मरीजों को



समय पर इलाज नहीं मिल पाता, क्योंकि एम्बुलेंस जाम में फंसी रह जाती है। स्थानीय निवासी भी अब खुलकर प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल उठाने लगे हैं। स्थानीय निवासी मुकेश शर्मा ने बताया, "पार्किंग बनी है लेकिन निगरानी और कार्रवाई शून्य है। जब तक सड़क किनारे खड़े वाहनों पर सख्ती नहीं होगी, यह व्यवस्था सिर्फ कागजों में अच्छी लगेगी।"अस्पताल के बाहर की स्थिति प्रशासन की ढिलाई और लचर निगरानी का नतीजा है। यदि पार्किंग सुविधा का सही ढंग से प्रचार-प्रसार किया जाता और सड़क पर अवैध पार्किंग करने वालों पर नियमित चालान और कार्रवाई होती, तो ट्रैफिक व्यवस्था सुधर सकती थी। अब जनता की उम्मीदें स्थानीय प्रशासन से हैं कि वह स्थिति की गंभीरता को समझे और जल्द से जल्द सख्त कदम उठाकर अस्पताल क्षेत्र को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाए।

# आईजी ने किया थाने का निरीक्षण, आमजन से भी हुए रूबरू

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** अजमेर रेंज आईजी ओमप्रकाश वर्मा ने बिजौलियां थाने का वार्षिक निरीक्षण किया।इस दौरान आईजी वर्मा सीएलजी सदस्यों,ग्राम रक्षक दल,पुलिस मित्र व सुरक्षा सखी समेत क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों से भी रूबरू हुए।क्षेत्रवासियों द्वारा माल्यार्पण व पुष्पगुच्छ भेंट कर आईजी का स्वागत किया गया।लोगों ने क्षेत्र की कानून व्यवस्था और समस्याओं से आईजी को अवगत करवाया।सीएलजी सदस्यों ने कांस्या में पुलिस चौकी को थाने में क्रमोन्नत करने व आरोली में पुलिस चौकी खोलने के साथ ही तिलस्वां महादेव में कार्यरत मंदिर ट्रस्ट पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की गई और तिलस्वां के ग्रामीणों ने ज्ञापन भी सौंपा।इस पर आईजी ने कहा कि ये मामला किस विभाग से सम्बंधित हैं इसकी जानकारी करवा कर उचित कार्यवाही की जाएगी।लोगों द्वारा बिजौलियां थानाधिकारी व पुलिस स्टाफ की पब्लिक फ्रेंडली



कार्यशैली और क्षेत्र में कानून व्यवस्था कायम रखने,अपराधों पर लगाम लगाने व किसी भी वारदात में त्वरित कार्रवाई करने पर आईजी के समक्ष तारीफ की गई।आईजी वर्मा ने बिजयनगर की घटना का जिक्र करते हुए ऐसी घटनाओं की जड़ सोशल मीडिया को बताते हुए युवा पीढ़ी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को लेकर सावचेत रहने के लिए कहा।साथ ही सीनियर सिटीजन्स को भी साइबर फ्रॉड और डिजिटल अरेस्ट जैसे मामलों से सावधान रहने की बात कही।आईजी वर्मा ने कस्बे में सीसी टीवी कैमरे लगा कर उनका लिंक पुलिस थाने से जोड़ने के लिए भी कहा ताकि चोरी व लूट जैसे वारदातें रोकी जा सके।विदित हैं कि आईजी वर्मा वर्ष 1997-98 में बिजौलियां थाने में बतौर प्रोबेशनल एसएचओ कार्यरत रह चुके हैं।ऊपरमाल पत्रकार संघ के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र जैन के सान्निध्य में क्षेत्र के पत्रकारों ने भी आईजी वर्मा से मुलाकात की।इस दौरान एएसपी पारस जैन, आईजी रीडर सीआई तुलसीराम प्रजापति,डीएसपी बाबूलाल विश्नोई ,एसडीएम अजित सिंह ,तहसीलदार ललित कुमार डिडवानिया, थानाधिकारी लोकपाल सिंह राठौड़ समेत पुलिस विभाग के कई अधिकारी,सीएलजी सदस्य, जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग मौजूद रहे।


OFFICE GRAM PANCHAYAT MANDOLI, P.S. NEEMAKATHANA

FILE NO: 07 DATE: 18.4.25

Notice Inviting Bid

Bid for MGNAREGA and Other Scheme RATE CONTRACT FOR SUPPLY OF CONSTRUCTION MATERIAL & PROVIDING EQUIPMENT for FY 2025-26 GRAM PANCHAYAT MANDOLI PS NEEMKATHANA of subject matter's of Procurement are invited from intersted bidders upto 19.04.2025, 09:00 AM to 28.04.2025, 06:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in or http://sppp.raj.nic.in) of the state and PANCHAYATI RAJ departmental website. The approximate value of the procurement is RS 50,00,000/-.

UBN No.- PIQ2526GLOB00016.

SARPANCH GRAM PANCHAYAT MANDOLI PANCHAYAT SAMITI NEEMKATHANA

GRAM VIKAS ADHIKARI GRAM PANCHAYAT MANDOLI PANCHAYAT SAMITI NEEMKATHANA


# ट्रेन संचालन के लिए डीआरएम को ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** नंदकिशोर भार्गव ने सोमवार को डीआरएम जोधपुर को नई ट्रेन संचालन के लिए पत्र प्रेषित किया है। भार्गव ने पत्र में उल्लेख किया है कि डेगाना से रतनगढ़ सेक्शन के छोटी खाटू, डीडवाना, लाडनूं व सुजानगढ़ एरिया को दक्षिण भारत से जोड़ने के लिए नई ट्रेन सेवाओं का संचालन आवश्यक है, जिसमें प्रमुख रूप से हिंसार से रामेश्वरम, चैन्नई व बैंगलोर की ट्रेन आवश्यक है। जोधपुर मंडल का डेगाना व रतनगढ़ खंड कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण है। इस क्षेत्र के लोग देश के कई राज्यों में प्रवास करते हैं, उन लोगों को नई ट्रेन संचालित होने से काफी लाभ मिलेगा। साथ ही रेलवे के राजस्व की बढ़ोत्तरी भी होगी।

## जयपुर के वैशाली नगर में दो कारों में लगी भीषण आग, दोनों गाड़ियां जलकर कबाड़ में तब्दील

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** वैशाली नगर इलाके में सोमवार दोपहर अचानक दो कारों में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। दोनों कारें सड़क किनारे पार्किंग में पास-पास खड़ी थीं, जब करीब 12.30 बजे अचानक उनमें आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कुछ ही मिनटों में दोनों गाड़ियां जलकर खाक हो गईं। स्थानीय लोगों ने जब कारों से धुआं और आग की लपटें उठती देखीं तो तुरंत वैशाली नगर थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने फायर ब्रिगेड को मौके पर बुलाया और दमकल की एक गाड़ी की मदद से करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक दोनों गाड़ियां पूरी तरह से जल चुकी थीं और कबाड़ में तब्दील हो गईं। पुलिस ने बताया कि घटना आम्रपाली सर्किल से क्वींस रोड के पास हुई। जलने वाली गाड़ियों में एक टाटा हेरियर और दूसरी मारुति स्विफ्ट थी। दोनों गाड़ियां एक-दूसरे के पास खड़ी थीं। आशंका जताई जा रही है कि पहले एक कार में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी, जिससे दूसरी कार भी चपेट में आ गई। आग लगने के कारण मौके पर भारी जाम लग गया था, जिसे पुलिस ने करीब आधे घंटे की कोशिश के बाद सामान्य किया। फिलहाल पुलिस आग लगने के सही कारण की जांच कर रही है और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की भी मदद ली जा रही है।


कार्यालय, नगरपालिका मण्डल, बीदासर (चूरू) राज0

E-Mail :nagarpalikabidasar@gmail.com Phone No. : 01560 – 262028

क्रमांक–नपाबी / 2025–26 / 159 दिनांक–17.04.2025

निविदा सूचना

पंजीकृत एवं अधिकृत सामग्री विक्रेताओं, ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए निम्न कार्यो की दरे निर्धारित हेतु निविदाएं आमन्त्रित करती है। इच्छुक निविदादात्ता दोपहर 12 बजे तक निविदा पत्र प्राप्त कर अपनी दरे बन्द लिफाफे में कार्य के सम्मुख अंकित तिथियों को सायं 1 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त निविदाएं उसी दिन सायं 03 बजे उपस्थित निविदादात्ताओ के समक्ष खोली जावेगी। उक्त निविदा सूचना राज्य लोक उपापन पोर्टल (http://sppp.rajasthan.gov.in) पर देखी जा सकती है।

NIB Code- DLB2526A0522

UBN NO.-DLB2526SSOB02159 UBN NO.- DLB2526SSOB02160
UBN NO.-DLB2526SSOB02161 UBN NO.- DLB2526SSOB02162
UBN NO.-DLB2526SSOB02163 UBN NO.- DLB2526SSOB02164
UBN NO.-DLB2526SSOB02166 UBN NO.- DLB2526SSOB02167
UBN NO.-DLB2526SSOB02168 UBN NO.- DLB2526SSOB02169
UBN NO.-DLB2526SSOB02170 UBN NO.- DLB2526SSOB02171
UBN NO.-DLB2526SSOB02172

राज.संवाद / सी / 25 / 1037 अध्यक्ष नगरपालिका, बीदासर अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका, बीदासर

कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)

E-mail id:- raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567-294504

क्रमांकः– न.पा.रा. / 2025–26 / 239 दिनांकः– 16.04.2025

Notice Inviting Bid

Bid for Annual Work is invited from interested bidders upto 25-04-2025, 03.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in)

NIB Code - DLB2526A0455

UBN Code – (DLB2526GSRC01842), (DLB2526GSRC01844), (DLB2526GSRC01851), (DLB2526SSRC01826), (DLB2526SSRC01830), (DLB2526SSRC01832), (DLB2526SSRC01833), (DLB2526SSRC01834), (DLB2526SSRC01837), (DLB2526SSRC01839), (DLB2526SSRC01841), (DLB2526SSRC01843)

राज.संवाद / सी / 25 / 983 अधिशाषी अधिकारी

कार्यालय नगरपालिका तारानगर (चूरू) राज.

Office Telephone No. 01561-240245, E-mail- eotrn2009@gmail.com

क्रमांक : / न.पा.ता. / 2024 / 206–09 दिनांक :–15.04.2025

निविदा सूचना / 2024–25

सर्व साधारण एवं पंजीकृत ठेकेदारो / फर्मो की जानकारी हेतु प्रसारित किया जाता है कि तारानगर नगरपालिका क्षेत्र में नगरपालिका तारानगर द्वारा स्वीकृत कार्य की निविदाऐ आंमत्रित की जाती है। नगरपालिका तारानगर द्वारा नगरपालिका, राज्य व केन्द्र सरकार के सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो को कार्य हेतु पंजीकृत संवेदको से टेण्डर के माध्यम से दिंनाक 23.04.2025 को निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसकी निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण व शर्ते वेबसाईट https://sppp.rajasthan.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

| NIB CODE | UBN NO. |
|---|---|
| DLB2526A0446 | DLB2526WSOB01808 |

राज.संवाद / सी / 25 / 972 अध्यक्ष नगरपालिका तारानगर अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका तारानगर

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रारम्भिक शिक्षा, चूरू

क्रमांक- जिशिअ / प्राशि / मु/ चूरू / एमडीएम / 2025-26/02 दिनाक- 03/04/2025

Notice Inviting Bid no. 01/2025-26

Bids for Hiring of Computer (along with trained personnels) amount Rs. 11,00,000/- invited from interested bidders upto 06PM on 15-04-2025 Other particulars of the.bid_may be visited on the Procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in http:/sppp.raj.nic.in) of the state; UBN.EED2526SLOB00003

DIPR/C/5336/2025 जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रारम्भिक शिक्षा, चूरू

आम सूचना

मैं गोविन्द शर्मा पुत्र श्री रामावतार शर्मा, जाति ब्राहाम्ण, निवासी पावटा, तहसील पावटा, जिला कोटपूतली-बहरोड, राजस्थान सर्व साधारण को सूचित करता हूं कि मेरे पिता के नाम से एक HYUNDAI MOTOR INDIA LTD SANTRO 1.1MT SPORTZ है जिसका REG. NO. RJ-32-CA - 6538 Chassic No. MALAF 51CLLM 109812 Engine No. G4HGLM054982 Model 2020 है तथा एक KIA INDIA PRIVATE LIMITED SONET G1 2 5MT HTK PLUS REG. No. RJ-32-CA-9150 Chassic No. MZBFB 812 LPN 262041 Engine No. G4LFNV233565 Model 2023 है क्योंकि मेरे पिताजी श्री रामावतार शर्मा का स्वर्गवास दिनांक 26/12/2024 को हो गया है मैं उनकी मृत्यु के पश्चात वारिस हूं और इन दोनो वाहनो को मेरे नाम रजिस्टर्ड करवाना चाहता हूं यदि इस सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो सात दिवस में परिवहन कार्यालय कोटपूतली जिला कोटपूतली-बहरोड राजस्थान में आपत्ति दर्ज करवा सकते है।

कार्यालय प्रधानाचार्य, पं. दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल कॉलेज, चूरू

website: www.education.rajasthan.gov.in/mcchuru

Email: principal.me.churu@rajasthan.gov.in Phone 01562-251888

क्रमांक- लेखा/निविदा/HIMS Equip./2025/33 दिनांक- 19.06.25

NIT-02/2025-26

UBN No.- MCC2526WSOB00004

Bid for Supply of IT Equipments (HIMS) are invited from interested bidders up to 12.30. PM on dated 24.4.2025 for Medical College, Churu. The estimated value of procurement is about Rs 4, 75, 540/-. Other particulars of the bid may be visited on the Procurement Portal htpp://sppp.rajasthan.gov.in of the State.

Principal
PDU Medical College, Churu

## जिलाध्यक्ष बनने पर किया घुमरिया का स्वागत



जयपुर टाइम्स

**खेतड़ी(निस)।** समाजसेवी व पर्यावरण प्रेमी मनोज घुमरिया को आदिवासी मिणा सेवा संस्थान का जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर खेतड़ी में मुख्य बस स्टैण्ड पर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दलीप मीणा ने की। रतन लाल मीणा जोधपुरा, हरि सिंह मीणा, हजारी लाल मिणा, सुरेश मीणा किशोरपुरा, प्रकाश मीणा गुड़ा, सुरेन्द्र फौजी, हरमेन्द्र चनानिया, गोकुल मेहरड़ा आदि विशिष्ट अतिथि रहे। इस मौके पर नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष घुमरिया ने कहा कि जिले के संपूर्ण मीणा समाज ने मुझ पर विश्वास करते हुए मुझे निर्विरोध अध्यक्ष चुनकर जिले की कमान सौंपी है। इसे कर्तव्य निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाते हुए समाज को नई दशा और दिशा देने का काम करूंगा। अन्याय और अत्याचारों के खिलाफ पुरजोर संघर्ष किया जाएगा। समाज में फैली कुरीतियों को भी दूर करने का पूरा प्रयास करूंगा। सब को साथ लेकर आगे बढूंगा। इस अवसर पर रामनिवास छावल, अनुराधा कुमावत, अब्दुल रहीम, शेरसिंह मिणा, रमेश मेघवाल, अमित चौधरी, जगमोहन गोठवाल आदी लोग मौजूद रहे।

## कुश्ती विजेता को मिलेगा 11 हजार का इनाम

### बाकरा में कल से पाला सकल दादाजी का मेला

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनूं जिले के बाकरा गांव में पाला सकल दादाजी का दो दिवसीय मेला 23 अप्रैल से शुरू होने जा रहा है। इस आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महोत्सव में भक्ति संगीत से लेकर कुश्ती प्रतियोगिता तक का रोचक संगम देखने को मिलेगा। मेले के पहले दिन 23 अप्रैल को शाम 8.30 बजे से भव्य रात्रि जागरण का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध भजन गायिका रेशमी मिश्रा और ख्यातिप्राप्त गायक सुरेन्द्र सराणी अपनी भक्तिमय प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। साथ ही विभिन्न नाट्य कलाकार भी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। दूसरे दिन 24 अप्रैल को दोपहर 3.30 बजे से कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन होगा, जिसमें विजेताओं के लिए आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। प्रथम पुरस्कार 11,000 रुपये और द्वितीय पुरस्कार 5,100 रुपये का होगा। इसी दिन प्रख्यात जादूगर राजेन्द्र अपने करतब दिखाएंगे और बाबूलाल चौधरी एण्ड पार्टी की ओर से विशेष भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। मेले का आयोजन सुरेश खीचड़, राजेन्द्र खीचड़, पूर्व सरपंच सतीश खीचड़ व समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। यह दो दिवसीय मेला आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक विरासत का अनूठा उदाहरण बनने जा रहा है।

## सरदारशहर में होगा 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर में शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में होने वाले 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की शुरुआत ढाणी पांचेरा में एक यज्ञ के साथ की गई। कार्यक्रम संयोजक ओमप्रकाश पारीक ने बताया कि सरदारशहर में 18 से 21 सितंबर तक राष्ट्रजागरण गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। प्रचार कार्यक्रम के तहत बालाजी मंदिर में एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गायत्री महामंत्र और महामृत्युंजय मंत्र से हवन में आहुतियां दीं। सभी ने विश्व शांति की प्रार्थना की और आगामी 108 कुंडीय यज्ञ में भाग लेने के लिए उत्साह दिखाया। डॉ कन्हैयालाल सींवर ने बताया कि गांव से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रहने और भोजन की निःशुल्क व्यवस्था की जाएगी। यज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में मांगीलाल सारण, रणवीर सिंह सारण, हरिराम सारण, नानूराम सारण, ओमप्रकाश सारण, कन्हैयालाल सारण और किशनलाल सारण सहित कई मातृशक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश पारीक, बनवारीलाल जांगिड़ और हरिप्रसाद बेदी ने किया।

## देशी फ्रिज का क्रेजः

# मटके की मांग में जबरदस्त उछाल

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** गर्मी के तीखे तेवरों के बीच अंचल में मटके, जिसे आम बोलचाल में देशी फ्रिज कहा जाता है, की मांग में जबरदस्त इजाफा हुआ है। जहां एक ओर बिजली से चलने वाले फ्रिज की सीमाएं हैं, वहीं दूसरी ओर मिट्टी से बने ये देसी फ्रिज पानी को प्राकृतिक रूप से ठंडा करके जल्दी प्यास बुझाने वाला विकल्प बनते जा रहे हैं। शेखावाटी क्षेत्र में परंपरागत रूप से इस्तेमाल होने वाले इन मटकों की लोकप्रियता एक बार फिर चरम पर है।



### शहरों में जगह-जगह सजे मटकों के स्टॉल

गर्मी बढ़ते ही मण्डावा के बाजारों, चौराहों और गली-नुक्कड़ों पर मटकों की दुकानें सज गई हैं। दुकानदारों के अनुसार, जैसे ही तापमान 40 डिग्री के पार पहुंचा, वैसे ही मटकों की बिक्री में जबरदस्त तेजी आ गई। मिट्टी के साधारण मटकों के साथ-साथ अब आधुनिक डिजाइनों वाले मटके भी बाजार में उपलब्ध हैं, जिनमें नल लगे होते हैं और जो सुंदर रंग-बिरंगे कवर के साथ आते हैं। ये न सिर्फ देखने में आकर्षक हैं, बल्कि उपयोग में भी सुविधाजनक हैं।

### कीमत 50 से 300 रुपए तक, ग्राहकों की लंबी कतारें

बाजार में मटकों की कीमतें 50 रुपए से शुरू होकर 300 रुपए तक पहुंच रही हैं, जो उनके आकार, डिजाइन और फीचर्स (जैसे नल, ढक्कन, रंगीन कवर आदि) पर निर्भर करती हैं। दुकानदारों का कहना है कि लोग अब पहले की तुलना में अधिक समझदारी से खरीदारी कर रहे हैं और स्वास्थ्य को प्राथमिकता दे रहे हैं। स्थानीय व्यापारी नारायण प्रजापति बताते हैं पिछले कुछ सालों से मटकों की बिक्री में गिरावट आ रही थी, लेकिन अब लोग फिर से देसी चीजों की ओर लौट रहे हैं। इस बार तो हम जितने मटके ला रहे हैं, उतने बिक भी जा रहे हैं।

### स्वास्थ्य के लिहाज से फायदेमंद

मिट्टी के मटके से पानी पीना आयुर्वेदिक दृष्टि से भी लाभकारी माना गया है। डॉक्टरों के अनुसार मटके का पानी प्राकृतिक रूप से ठंडा होता है और यह शरीर के लिए कूलिंग एजेंट की तरह काम करता है। इसके अलावा मटके का पानी पाचन में सहायक होता है। यह शरीर की गर्मी को संतुलित करता है। फ्रिज के पानी की तरह गला खराब नहीं करता। इसमें किसी प्रकार का रसायन नहीं होता, जिससे यह पूरी तरह प्राकृतिक रहता है।

### गांव से आ रहे कारीगर, बढ़ा रोजगार

अंचल में मटकों की डिमांड ने ग्रामीण कुम्हारों को भी रोजगार का नया अवसर दिया है। पड़ोसी जिलों और गांवों से कारीगर शहर पहुंचकर मटके बेच रहे हैं। इससे पारंपरिक कुम्हारी कला को भी नया जीवन मिला है। साथ ही, पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाने के लिए लोगों में जागरूकता भी बढ़ी है। जहां एक ओर बिजली कटौती और बढ़ते बिलों से लोग परेशान हैं, वहीं मटका एक ऐसा विकल्प बनकर उभरा है जो न बिजली खपत करता है, न जगह ज्यादा घेरता है और न ही महंगा है। यही वजह है कि इस देसी फ्रिज को लेकर हर उम्र के लोग उत्साहित हैं। नगरपालिका और पर्यावरण प्रेमी समूह भी अब मिट्टी के बर्तनों को प्रमोट करने की बात कर रहे हैं। आने वाले समय में यदि यह ट्रेंड ऐसे ही बना रहा तो मटका सिर्फ घरों में नहीं, दफ्तरों, स्कूलों और दुकानों में भी आम हो जाएगा। शेखावाटी क्षेत्र में देसी फ्रिज की वापसी यह संदेश दे रही है कि कभी-कभी परंपरा ही सबसे आधुनिक समाधान होती है। जब सेहत और प्रकृति दोनों को साथ रखना हो, तो मटका वाकई सबसे ठंडा और सबसे सस्ता विकल्प है।

## आरयूआईडीपी की सीवर प्रणाली व नई जलापूर्ति के बारे में जागरुकता कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स




**मण्डावा(निस)।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के (आरयूआईडीपी) चतुर्थ चरण में मंडावा शहर में आमजन की सुविधा के लिए जल प्रदाय तंत्र में सुधार और विकास के लिए विभिन्न आधारभूत कार्य और जन सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न जन जागरूकता के कार्य भी समय-समय पर करवाए जा रहे है। इसी क्रम में सोमवार को कस्बे वार्ड नं 11 स्थित वाल्मीकी बस्ती में आमजन में जनचेतना के माध्यम से परियोजना संदेश देने के लिए आरयूआईडीपी के सामुदायिक विकास अधिकारी अनिल रूहेला की ओर से पोस्ट ऑफिस के पास वाल्मीकि बस्ती में बैठक आयोजित की गई चर्चा में बताया गया कि आपके मोहल्ले मे सीवरेज लाईन डालने का कार्य पूरा हो गया और घरेलू सीवरेज कनेक्शन भी जोड़ दिए गए है इस सीवरेज सिस्टम के रख रखाव में महिलाओ की महत्वपूर्ण भूमिका व भागीदारी पर प्रकाश डाला गया। रूहेला ने बताया गया कि सीवरेज घरेलु कनेक्शन में स्नानघर, रसोई व शौचालय को जोडा जा रहा है इनके अलावा वर्षा के पानी को नहीं जुडवाए बरसाती पानी पीने के लिए अमृत है। स्नानघर, रसोई में जाली लगाने की सलाह दी गई। इस दौरान बताया कि कोई भी घर सीवरेज घरेलु कनेक्शन से वचिंत ना रहे। साथ ही बताया कि नए पानी के मीटर के फायदे व इसके रख रखाव के बारे में व जल संरक्षण के तरीके व परियोजना के तहत की जाने वाली जल सप्लाई से समय की बचत होगी और पानी पूर्णतया प्रेशर से आएगा व महिलाओं से अपील की कि जल सप्लाई के आगे पानी कि मोटर नहीं लगाए व भविष्य में मिलने वाले लाभ के बारे में चर्चा की। नए जल कनेक्शन की प्रक्रिया के बारे में बताया। साथ ही बताया कि पेयजल कनेक्शन से वंचित उपभोक्ताओं को जलदाय विभाग के माध्यम से नवीन पेयजल कनेक्शन जारी करवाने की कार्यवाही के लिए जलदाय विभाग में फ़ाइल जमा करवा कर नये जल कनेक्शन का लाभ उठाए। सविदा फर्म एल. एन. ए. आर एण्ड बी (जे वी) के एस ओ टी कुलदीप सिंह शेखावत का कार्यक्रम में विशेष योगदान रहा इस जागरुकता कार्यक्रम में सूर्यप्रकाश लाहोरा, राकेश चांवरिया, पूर्व पार्षद गोपाल, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि सुभाषचंद्र और महिलाओ सहित वार्ड के लोग मौजूद रहे।

## नंगली सलेदी सिंह पंचायत को बबाई पंचायत समिति में शामिल करने का विरोध

जयपुर टाइम्स



**खेतड़ी(निस)।** राज्य सरकार की ओर से खेतड़ी विधानसभा में बबाई पंचायत समिति के विस्तार के साथ पंचायतों के शामिल करने के विरोध होने लगा है। सोमवार को नंगली सलेदी सिंह के ग्रामीणों ने बबाई पंचायत समिति में शामिल करने का विरोध करते हुए खेतड़ी पंचायत समिति में रखने की मांग की है। एसडीएम मुकेश चौधरी को दिए ज्ञापन में बताया कि नंगली सलेदी सिंह पंचायत वर्तमान में खेतड़ी पंचायत समिति के अधीन है और राज्य सरकार की ओर से नवगठित पंचायत समिति बबाई में पंचायत क्षेत्र को शामिल किया जा रहा है। खेतड़ी से नंगली सलेदी सिंह पंचायत की दूरी मात्र 16 किलोमीटर है तथा यातायात के संसाधनों का भी कोई अभाव नहीं है। इसके बावजूद भी नंगली सलेदी सिंह पंचायत को खेतड़ी से हटाकर बबाई पंचायत समिति में शामिल किया जा रहा है। बबाई से नंगली की दूरी अधिक होने व संसाधनों का अभाव होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। नंगली सलेदी सिंह पंचायत को बबाई पंचायत समिति में शामिल करने की सूचना पर ग्रामीणों की ओर से आमसभा का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से ग्रामीणों ने खेतड़ी पंचायत समिति के अधीन रहने मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि यदि नंगली सलेदी सिंह के ग्रामीणों की भावनाओं को नजरंदाज कर बबाई पंचायत समिति में शामिल किया गया तो ग्रामीणों की ओर से बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर सरपंच संदीप सिंह, राजेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, उम्मेदसिंह, कैप्टन पाबूदान सिंह, गणपत सिंह, सुभाष, राजेंद्र, सुरेंद्र सिंह, दुर्गा प्रसाद, संतोष कुमार, दयाल सिंह, सुरेश सिंह, महेंद्र सिंह सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

## आतिशबाजी पड़ी महंगी, छप्पर में लगी आग



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** शहर के वार्ड संख्या 40 स्थित सोडा बास में रविवार की शाम एक कार्यक्रम के दौरान की गई आतिशबाजी एक परिवार के लिए भारी साबित हुई। आतिशबाजी की चिंगारियां घर में बने छप्परे पर गिर गई, जिससे उसमें आग लग गई। गनीमत यह रही कि समय रहते हुए आग पर काबू पा लिया गया। जानकारी के अनुसार वार्ड 40 निवासी जगदीश सोडा के घर के पास एक कार्यक्रम चल रहा था। रविवार की शाम आतिशबाजी के दौरान छुटाए गए पटाखों की चिंगारी जगदीश के घर बने छप्परे पर आ गिरी, जिससे उसमें आग लग गई। छप्परे के नीचे दो बकरियां बंधी हुई थी, जो झुलस गई और पास में रखी लकड़ियां व अन्य फुटकर सामान भी जल गया। समय रहते हुए आग पर पानी डालकर उस पर काबू पा लिया गया।

## झुंझुनूं बीड़ में आग लगी, दो हैक्टेयर से अधिक क्षेत्र में जली वनस्पति

### सात किमी दूर तक नजर आई आग की लपटें



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** शहर के नजदीक बीड़ में रविवार रात भयंकर आग लग गई। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। झुंझुनूं- दिल्ली हाइवे के किनारे बनी बीड़ में रविवार रात करीब आठ बजे मठ की तरफ से अचानक आग लग गई। बीड़ में सूखी घास, लकड़ियां व झाड़ झंखाड़ होने के कारण आग ने कुछ समय में विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना पर रेंजर विजय फगेड़िया, एसीएफ हरेंद्र सिंह भाखर, वनपाल सतवीर झाझड़िया मौके पर पहुंचे। इसकी सूचना पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना पर सदर थाना पुलिस, वन विभाग के कर्मचारी व झुंझुनूं नगर परिषद की दमकल पहुंची। आग बढ़ती देखकर बगड़ से भी दमकल बुलाई गई। आग की लपटें तेजी से बढ़ती गई। शहर में दूर तक आग की लपटें देखी गई। देर रात तक आग बुझाने का प्रयास जारी था। आग लगने का अभी कोई कारण नहीं पता चला है। रेंजर विजय फगेड़िया का कहना है कि सड़क किनारे किसी की ओर से फेंकी गई जलती तिली की चिंगारी से संभवतया आग लगी है। आग से बीड़ में घास व वनस्पति जल गई।

# झुंझुनूं की 30 ग्राम पंचायतों में शुरू होंगे बर्तन बैंक

### प्लास्टिक मुक्त गांवों की ओर बड़ा कदम

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** राजस्थान सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों को प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की है। प्रदेश की 1000 ग्राम पंचायतों में बर्तन बैंक खोले जाएंगे। झुंझुनूं जिले की 30 ग्राम पंचायतों का पहले चरण में चयन किया गया है। खास बात यह है कि बर्तन बैंक का विचार झुंझुनूं से ही निकला था। बर्तन बैंकों से ग्रामीणों को मामूली शुल्क पर बर्तन उपलब्ध कराए जाएंगे। एक सेट बर्तनों के लिए मात्र तीन रुपए देने होंगे। बर्तन बैंक योजना का उद्देश्य गांवों में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कम करना और स्वच्छता को बढ़ावा देना है।

### एक एक लाख रुपए की राशि मंजूर

सरकार ने हर ग्राम पंचायत को इस योजना के लिए एक-एक लाख रुपए की राशि मंजूर की है। प्रत्येक पंचायत में 400 बर्तनों के सेट रखे जाएंगे। एक सेट में तीन कटोरी, एक गिलास, एक थाली और एक चमच शामिल होंगे। इन बर्तनों पर ग्राम पंचायत का नाम और "स्वच्छ भारत मिशन" अंकित होगा।



### शेखावाटी में 81 ग्राम पंचायतों का चयन

शेखावाटी क्षेत्र के सीकर, चूरू और झुंझुनूं जिलों में इस योजना के तहत 81 बर्तन बैंक खोले जाएंगे। झुंझुनूं जिले की 30 ग्राम पंचायतों का पहले चरण में चयन किया गया है। योजना के संचालन और निगरानी की जिम्मेदारी स्वयं सहायता समूहों को सौंपी जाएगी। इसके लिए ग्राम पंचायतों और समूहों के बीच एमओयू किया जाएगा। बर्तनों की देखरेख, मरम्मत और रख-रखाव की जिम्मेदारी भी इन्हीं समूहों की होगी।

### योजना गाइड लाइन जारी

स्वच्छ भारत मिशन निदेशालय के शासन सचिव व आयुक्त जोगाराम और राज्य मिशन निदेशक सलोनी खेमका ने योजना की गाइडलाइन जारी की है। नियमों के अनुसार, बर्तन पांच वर्षों बाद बदले जा सकेंगे। बर्तन खोने या टूटने की स्थिति में उपयोगकर्ता से भरपाई की जाएगी। हालांकि बीपीएल, अनुसूचित जाति, जनजाति, दिव्यांग आदि वर्गों को बर्तनों के किराए में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

### झुंझुनूं से ही निकला था यह कॉन्सेप्ट

झुंझुनूं जिले के लाबी अहीर गांव की सरपंच नीरू यादव ने सबसे पहले अपनी ग्राम पंचायत में बर्तन बैंक स्थापित कर एक नई पहल की थी। इस पहल को राज्य सरकार तक पहुंचाया। इस बाद इस कॉन्सेप्ट पर पूरे राज्य में बर्तन बैंक शुरु की गई है। झुंझुनूं लांबी अहीर ग्राम पंचायत में पहले से ही एक बर्तन बैंक चल रहा है, जहां ग्रामीणों से एक भी रुपया नहीं लिया जाता। उन्हें न केवल थाली, कटोरी, चमच, गिलास बल्कि बाल्टी, डोंगे, भगोने जैसे बड़े बर्तन भी मुफ्त में उपलब्ध कराए जाते हैं। इस पहल में एक एनजीओ और ग्रामीणों का भी सहयोग रहता है।

### उद्देश्य गांवों को प्लास्टिक मुक्त बनाना

जिला समन्वयक अधिकारी सुमन चौधरी ने बताया कि यह एक सराहनीय पहल है। वर्तमान में गांवों में सबसे अधिक गंदगी सिंगल यूज प्लास्टिक की होती है, जो शादी या अन्य समारोहों के बाद गांवों में फैल जाती है। बर्तन बैंक के जरिए इस समस्या पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकेगा। योजना का मुख्य उद्देश्य गांवों को प्लास्टिक मुक्त बनाना और पर्यावरण को सुरक्षित रखना है। सरकार की ओर से बजट में की गई घोषणा के अनुरूप यह योजना लागू की जा रही है। इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा, बल्कि ग्रामीणों को जागरूक करने में भी मदद मिलेगी। बर्तन बैंक के जरिए सरकार स्वच्छ भारत मिशन को जमीनी स्तर तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रही है।

# आज से शुरू होगा नया बस स्टैंड



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नया बस स्टेंड 22 अप्रेल मंगलवार से शुरू होगा और अशोक स्तम्भ तिराहे से पूर्णतया भारी वाहनों, बसों का नो एंट्री जोन भी लागू हो जाएगा। उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने बताया कि सीएम भजनलाल शर्मा के चूरू दौरे के कारण सोमवार को सालासर रोड़ स्थित केन्द्रीय बस स्टैण्ड से बसों का आवागमन शुरू नहीं हो पाया। उपखण्ड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने केन्द्रीय बस स्टैण्ड का निरीक्षण किया। एसडीएम ने बस स्टैण्ड पर सफाई कार्य कर रहे नगरपरिषद के सफाई कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि पुलिस जाप्ते के सीएम की विजिट में चूरू चले जाने के कारण नई यातायात व्यवस्था लागू नहीं हो सकी है, मंगलवार से इसे लागू किया जायेगा। इस दौरान नगरपरिषद के जमादार पुखराज सियोता के नेतृत्व में सफाई कर्मियों ने बस स्टैण्ड की पूरी सफाई की। पुखराज ने बताया कि बस स्टैण्ड पर सफाई करने के पश्चात कचरे को ट्रॉलियों में भर कर डंपिंग यार्ड भेजा गया। आपको बता दें कि यह व्यवस्था 21 अप्रेल से लागू होनी थी, लेकिन सीएम विजिट के चलते एक दिन बाद लागू हो रही है।

# फिटनेस की डोज आधा घंटे रोज के नारों के साथ निकाली साईकिल रैली

## युवाओं को स्वस्थ रहने का दिया संदेश




जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय व भारत सरकार के तत्वाधान में माय भारत, नेहरू युवा केन्द्र चूरू व चूरू स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया की ओर से रविवार को संडे ऑन साईकिल कैंपेन का आयोजन जिला खेल स्टेडियम में रैली निकालकर किया गया। इस दौरान युवाओं को फिटनेस से जोड़ने व दैनिक शारीरिक गतिविधियों को अपने जीवन में शामिल करने का संदेष दिया गया। इस दौरान युवाओं ने फिटनेस की डोज आधा घंटा रोज के नारों के साथ साईकिल रैली निकाली। जिसमें माय भारत नेहरू युवा केंद्र के लेखाकार महेश कुमार सैनी, कॉर्डिनेटर प्रदीप कुमार शर्मा, वालीबॉल कोच नीरज जांगिड़, तीरंदाजी कोच सुनील, हरिसिंह, राजेंद्र, लक्ष्मण सिंह, कृष्ण कुमार, भागीरथ, जयप्रकाश आदि उपस्थित रहे।

# श्री राम कथा में उमड़ा आस्था का सैलाब



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** शहर के निकटवर्ती श्रीकृष्ण गौशाला घंटेल में चल रही श्री राम कथा व नानी बाई का मायरा के पांचवें दिन कथा वाचक श्री श्री 1008 बाल संत शंकर दास महाराज ने भगवान श्री राम का उदाहरण देते हुए संस्कार के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आजकल दिन प्रतिदिन संस्कार खत्म होते जा रहे हैं। घर में अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दीजिए। बच्चों के हाथों में मोबाइल मत दीजिए। बच्चों में अच्छे संस्कार होंगे तो बच्चे आगे बढ़ेंगे देश का नाम रोशन करेंगे। संस्कार के अभाव में दिन प्रतिदिन बालक में संस्कार की कमी देखी जा रही है। आजकल बच्चे बड़ों के पैर छूने में भी शर्म महसूस करते हैं। भगवान श्री राम पुरुषोत्तम ऐसे ही नहीं कहलाए, उनके संस्कार को देखकर अपने बच्चों में भी ऐसे संस्कार दीजिए। सभी श्रोताओं से बाल संत महाराज जी ने प्रत्येक घर में एक गाय पालने के लिए कहा। गाय माता की सेवा को सबसे बड़ी सेवा बताया। कथा में भगवान श्री राम ने धनुष को तोड़कर माता सीता को वरमाला पहनाई। आसपास के ग्रामीण सहित बड़ी संख्या में घंटे ग्रामवासी कथा स्थल में उपस्थित रहे।

# जयपुर में साले की हत्या कर जीजा ने सुसाइड किया

**चाकसू(निस)।** जयपुर में जीजा ने साले की हत्या कर सुसाइड कर लिया। युवक का शव घर से 300 मीटर दूर पेड़ पर लटका मिला। घटना कोटखावदा इलाके की सोमवार सुबह की है। थानाधिकारी भरत महर ने बताया- कोटखावदा के संपतपुरा गांव निवासी रिंकू मीणा (27) ने रविवार शाम 7 बजे बस्सी के गुढा गांव में रहने वाले साले हनुमान सहाय मीणा पर धारदार हथियार से हमला कर दिया था। हमले में हनुमान सहाय गंभीर घायल हो गया था, जिसे इलाज के लिए जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल मे भर्ती कराया गया था, यहां उसकी मौत हो गई। हमले के बाद रिंकू मौके से भागकर 37 किलोमीटर दूर अपने घर आ गया। बाइक घर में खड़ी कर दी। इसके बाद बेडशीट लेकर घर से निकल गया। रात 11 बजे पुलिस संपतपुरा गांव पहुंची। यहां तलाशी ली, लेकिन रिंकू नहीं मिला। सोमवार सुबह घर से 300 मीटर दूर रिंकू का शव खेत में पेड़ से लटका मिला। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को उतारा। वहीं, बस्सी थानाधिकारी प्रशिक्षु आईपीएस अभिजीत पाटिल ने बताया- हनुमान सहाय मीणा की हत्या के मुख्य आरोपी रिंकू मीणा ने सुसाइड कर लिया है। आरोपी रिंकू मीणा हनुमान मीणा का जीजा लगता था।

# नौ सूत्रीय मांगों के लेकर आरएलपी का धरना प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के तहसील कार्यालय के आगे सोमवार को राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के बैनर तले कार्यकर्ताओं ने 9 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया। धरने पर बैठे आरएलपी कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। आरएलपी कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देने के लिए तहसील कार्यालय में पहुंचे तो तहसीलदार के नहीं मिलने पर करीब 3 घंटे तक तहसील कार्यालय में धरना लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। 3 घंटे बाद तहसीलदार के आने के बाद कार्यकर्ताओं ने अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन देकर समस्या के समाधान की मांग की। आरएलपी के नेता राकेश चौधरी ने बताया कि 9 सूत्रीय मांगों को लेकर कई बार तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया। लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। जिसको लेकर आरएलपी कार्यकर्ताओं की ओर से तहसील कार्यालय के आगे अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया गया है। वहीं तहसीलदार के साथ आरएलपी कार्यकर्ताओं की वार्ता में आरएलपी कार्यकर्ताओं ने तीन दिन का समय दिया है। फिर भी अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आरएलपी की ओर से बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इसी के साथ चीता सेना की ओर से भी तहसील कार्यालय के आगे पिछले 21 दिनों से धरना दिया जा रहा है। चीता सेना के नेता ओमकार बाली ने भी तहसीलदार को ज्ञापन देकर अपनी समस्याओं के समाधान के मांग की है। धरने पर आरएलपी नगर अध्यक्ष धीरेंद्र सैनी, सांवरमल जाखड़, राकेश चौधरी, रूपचंद सारण, ओमकार बाली, नौरंग लाल सारण, भागीरथ भादू, समुद्र नायक, रामपाल चौधरी, गणेश दास स्वामी, श्री राम जाखड़, शिवा चौधरी, आबिद खान सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक महर्षि का महिमा मंडल ने किया अभिनंदन

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ(निस)।** रामस्नेही श्री बालाजी मंदिर महिला मंडल टीम की ओर से सोमवार को महर्षि निवास पर पहुंच कर पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि का 51 किलो की माला व श्रीराम जी की तस्वीर भेंट कर अभिनन्दन किया गया। मण्डल की सरिता प्रजापत व रेखा जालेवाल ने बताया कि शिव महापुराण की कथा के पहले दिन प्राकृतिक आपदा आने से कथा पर रोक लग गई थी। रतनगढ़ के शिव भक्तों व महिला मंडल की टीम ने कथा शुरू करवाने के लिए पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि से कथा पुनः शुरू करवाने के लिए सहयोग मांगा। तब पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने प्रशासन से बातचीत कर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर कथा पुनः शुरू करवाने की स्वीकृति दिलवाई। इसलिए महिला मंडल की टीम ने पूर्व विधायक महर्षि का आभार जताते हुए अभिनंदन किया। यशोदा शर्मा ने बताया कि शिवमहापुराण कथा रतनगढ़ में होना हम सब का सौभाग्य है। लाखो की संख्या में शिव भक्तों को कथा का रसपान करने का सौभाग्य मिला। महिला मंडल की और से लाहोटी परिवार व पूर्व विधायक का अभिनंदन करती है। इस अवसर पर ऊषा शर्मा, कौशल्या सैनी, कांता पचलंगिया, निर्मला कटारिया, लक्ष्मी शर्मा, रेखा जालेवाल, सरिता प्रजापत, बबिता शर्मा, प्रीति शर्मा, निर्मला चोटिया, कुसुम शर्मा, बृजलता स्वामी, प्रीति सराफ, निर्मला शर्मा, यशोदा शर्मा, आशा गौड़, सरोज कंवर, सरला जांगिड़, परमेश्वरी चौहान, मीना जांगिड़, राधिका जांगिड़, सरोज स्वामी, सहित दर्जनों महिला मंडल की सदस्या उपस्थित रहे।

# एबीवीपी ने शुरू किया परिंडा अभियान, सार्वजनिक व प्रशासनिक भवनों में लगाए परिंडे

जयपुर टाइम्स




**बीदासर(निस)।** क़स्बे में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को विकासार्थ विद्यार्थी एसऑफड़ी गतिविधि के माध्यम से चलाए जा रहे परिंडा अभियान का कार्यकर्ताओं की ओर से सार्वजनिक स्थानों व प्रशासनिक भवनों में परिंडे लगाए कर शुभारंभ किया। नगर मंत्री पुनीत सैन ने बताया कि परिंडा अभियान एक सामाजिक पहल है जिसका उद्देश्य गर्मी के मौसम में पक्षियों को पानी उपलब्ध कराना और सामाजिक समरसता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना। दौरान नगर इकाई अध्यक्ष गोपी किशन उपाध्यक्ष निहाल तेजस्वी, दिव्या स्वामी, विकास पंसारी, लालचंद राजपूत, महेन्द्र, चिराग सियोता आदि ने सहयोग किया।

# धौलपुर में तीन वाहनों की भीषण टक्कर

**धौलपुर (निस)।** धौलपुर में एनएच 11 बी पर आंगई गांव के पास सोमवार शाम को एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। काली माता मंदिर के सामने बोलेरो, अर्टिगा और टेंपो की भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गई। हादसे में 5 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस के अनुसार, तेज रफ्तार बोलेरो ने पहले टेंपो को टक्कर मारी। फिर अर्टिगा से टकराई। इस हादसे में टेंपो में सवार चिलाचोंध निवासी ममता पत्नी किरोड़ी लाल और ओमकार पुत्र मिश्रीलाल की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आंगई थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मृतकों के शवों को बाड़ी सरकारी अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। घायलों में से तीन की हालत नाजुक होने के कारण उन्हें उच्च उपचार के लिए रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, टेंपो में सवार सभी लोग चिलाचोंध गांव के रहने वाले थे।

# युवा कांग्रेस के 8 नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया

## सीएम को काले झंडे दिखाकर विरोध करने की थी योजना

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के चूरू आगमन से पहले पुलिस ने सोमवार को यूथ कांग्रेस के 8 नेताओं को हिरासत में ले लिया। यूथ कांग्रेस की योजना सीएम को काले झंडे दिखाकर विरोध प्रदर्शन करने की थी। पुलिस ने जैन श्वेतांबर स्कूल के पास सादा वर्दी में पहुंचकर यूथ कांग्रेस अध्यक्ष सोयल खान डीके, बीकानेर प्रभारी एडवोकेट सद्दाम हुसैन और जिला प्रभारी जय दत्त जांगिड़ समेत आठ लोगों को हिरासत में लिया। एडवोकेट सद्दाम हुसैन ने बताया कि वे कई मुद्दों पर विरोध प्रदर्शन करने वाले थे। इनमें नगर निकाय और पंचायती राज संस्थाओं का नियम विरुद्ध परिसीमन, सीकर संभाग की बहाली, अग्रसेन नगर ओवरब्रिज और कांग्रेस नेताओं के खिलाफ की गई कार्रवाई शामिल थी। पुलिस ने युवा कांग्रेस मंडल महामंत्री याकूब सहित सभी नेताओं को नजरबंद कर दिया। एडवोकेट सद्दाम हुसैन ने इस कार्रवाई को लोकतंत्र का गला घोंटने का प्रयास बताया। उन्होंने मांग की है कि पुलिस प्रशासन गिरफ्तार कांग्रेस कार्यकर्ताओं को तुरंत रिहा करे और उनका उत्पीड़न बंद करें।

# खेतों में छिपकर साइबर ठगी कर रहे 10 आरोपी गिरफ्तार

**भरतपुर(निस)।** डीग जिले की जुरहरा थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में साइबर ठगों के गिरोह का भंडाफोड़ किया है। जुरहरी के जंगल में छिपकर ठगी करने वाले 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें 2 नाबालिग भी शामिल हैं। थाना अधिकारी अमित चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय साइबर पोर्टल 1930 पर दर्ज शिकायत के आधार पर कार्रवाई की गई।

# भीलवाड़ा में स्कूल टीचर ने की आत्महत्या, खाना खाने बुलाने गए चचेरे भाई को मिला फंदे से लटका

जयपुर टाइम्स



**भीलवाड़ा (निस)।** भीलवाड़ा के पुर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई। यहां एक प्राइवेट स्कूल के 34 वर्षीय शिक्षक अभिषेक गहलोत ने रविवार रात अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना रविवार रात करीब 10 बजे की है, जब उनका चचेरा भाई आशीष उन्हें खाना खाने के लिए बुलाने गया था। जब आशीष ने अभिषेक को फंदे से लटका देखा तो उसने चिल्लाकर परिवार को सूचना दी। चीख-पुकार सुनकर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत उन्हें फंदे से उतारकर भीलवाड़ा के महात्मा गांधी हॉस्पिटल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुर थाने के एएसआई गोपाल रैगर ने बताया कि मृतक छात्रावास के पास रहता था। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। अभिषेक के पिता का नाम सुभाष गहलोत है। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

# हादसे में मृतकों के परिजनों को मुआवजा और नौकरी देने की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सेन समाज के स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन कर सीएम के नाम एक ज्ञापन उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा को सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि 19 मार्च को देशनोक में हुए पुल हादसे में मृतक 6 व्यक्तियों के परिवारों को तत्काल प्रभाव से आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने और अनुकम्पा नौकरी दिए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि सरकार अन्य मामलों में जल्दी सुनवाई करती है, लेकिन सेज समाज के लोगों के साथ भेदभाव किया गया है। अतः जल्द से जल्द मृतकों के परिजनों को मुआवजा दिया जावे। ज्ञापन सौंपने के दौरान समाज के अध्यक्ष बजरंगलाल, ओबीसी कांग्रेस के प्रदेश सचिव बजरंग सैन, आदित्य भाटी, दीपक नाई, कालूराम जाखड़, रमेश फूलभाटी, संतोष टाक, दिलीप मोयल, कन्हैयालाल, गजानंद, मुराली, भरत, जगदीश जाखड़, दिनेश डूंखवाल, भूपेंद्र, छोटूलाल मोयल सहित अनेक समाजबन्धु मौजूद रहे।

# वकीलों के नेतृत्व में सुजला जिला बनाओ प्रर्दशन




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सुजला महा सत्याग्रह के संयोजक श्री राम भामा के आह्वान पर सोमवार को वकीलों के नेतृत्व में उपखंड कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में मुख्यमन्त्री जय सुजला, बनाओ जिला, बनाओ जिला, सर्व समाज को चाहिए जिला आदि नारे लगाए गए। इस अवसर पर एडवोकेट भीमशंकर शर्मा, दिनेश दाधीच, राजकुमार चोयल, राजाराम बोहरा आदि वकील मौजूद रहे। एडवोकेट कन्हैयालाल गुर्जर, विकास भार्गव, काजी सद्दाम हुसैन, सचिन सैनी, नरेश सिंवर, व तिलोक मेघवाल, विनय कुमार प्रजापति, भगवती प्रसाद भामा, इलियास खां, विजय पाल श्योराण आदि प्रदर्शन में शामिल रहे। इस दौरान उपखंड अधिकारी को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर जिला बनाने की मांग की गई।

# चूरू में सीएम की संकल्प रैली में लिया भाग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** चूरू में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ के जन्मदिवस के मौके पर आयोजित संकल्प रैली में सुजानगढ़ से सैंकड़ों लोगों ने चूरू पहुंचकर रैली में भाग लिया। नगरपरिषद के पूर्व सभापति बाबूलाल कुलदीप, पार्षद पुष्पा कुलदीप के साथ बसों में आधा दर्जन वार्डों से युवा, महिलाओं, बुजुर्ग शामिल हुए। कुलदीप ने झंकार होटल के सामने से सभी को किया रवाना। कुलदीप ने कहा कि सुजानगढ़ के कार्यकर्ताओं में सीएम भजनलाल शर्मा के दौरे के लिए काफी उत्साह है। इस मौके पर गंगाधर लाखन, संपत पथानिया, वीरेंद्र गहलोत, दीनदयाल सियोता सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# देशनोक पुल हादसे में मृतकों के परिजनों को मुआवजा दिलाने के लिए सैन समाज ने दिया ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** उपखण्ड कार्यालय में सोमवार को सैन समाज के लोगो ने देशनोक पुल हादसे में मृतकों के परिजनों को मुआवजा दिलाने के माँग लेकर एसडीएम अमीलाल यादव को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया कि 19 मार्च को देशनोक ओवरब्रिज पर हुए भयानक हादसे में सैन समाज के 6 परिवारों के मुखियाओ की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों के परिजनों के लिए आर्थिक सहायता की माँग की है और ओवरब्रिज की जाँच करवा कर इस पर हो रही आवाजाही पर रोक लगाई जाए ताकि भविष्य में कोई और दुर्घटना ना हो। ज्ञापन में समाज के अध्यक्ष सीताराम सैन, पार्षद सांवरमल सैन, पार्षद ओमप्रकाश राठौड़, धनराज सैन, मोमराज नाई, दमालाल वर्मा, रिगतमल राठौड़, जयराज नाई, किसनलाल नाई, सुजल सैन, पवन कुमार, हंसराज सैन, मनोज, गोविन्द, राजकुमार सहित समाज के लोग मौजूद रहे।

# राजस्थान जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
22 अप्रैल, 2025


## भाजपा नेता राठौड़ के जन्म दिन पर उमड़ा कार्यकर्ताओं का स्नेह



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** भाजपा के दिग्गज नेता व पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ के जन्म दिवस को सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाने व राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के चूरू आगमन पर सोमवार को रतनगढ़ के पिंजरा पोल गौशाला से भाजपा नेता अरविंद इंदौरिया के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता चूरू पुलिस लाइन के लिए रवाना हुए। इससे पहले भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्थानीय पिंजरापोल गौशाला में गौधन को हरा चारा व गुड खिलाकर दिग्गज नेता राठौड़ के दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की प्रार्थना गौ माता से की। इस अवसर पर भाजपा नेता अरविंद इंदौरिया ने कहा कि राजस्थान के सिरमौर व अग्रणी नेताओं में शुमार राजेंद्र सिंह राठौड़ आमजन के कल्याण के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं, उनका जीवन चूरू जिले व आमजन के विकास के लिए समर्पित रहा है, कार्यकर्ताओं को उनकी ओर से मान-सम्मान, स्नेह और प्यार हमेशा मिलता रहता है। इस अवसर पर भाजपा नेता मोहनलाल बबेरवाल, प्रकाश चंद्र पारीक, शंकरलाल कम्मा, युवा नेता नवल महर्षि, मनीराम पवार, मदनलाल सैनी, भरत सैनी, अनूप पीपलवा, हनुमान बारवाल, दल्लू सिंह लूंछ, दीनदयाल सोनी, पूरणमल दादरवाल, राजकुमार सोनी, पूरणमल गोदारा, ओमप्रकाश जांगिड़, पार्षद रामकिशन माटोलिया, परमेश्वर प्रजापत, अयूब कुरैशी, श्रीकृष्ण सैनी, कालूराम भार्गव, रामावतार पारीक, राजीव मंगलहारा, संतोष कुमार जोशी, लीलाधर प्रजापत, दौलत खटीक, महेश रक्षक, संतोष महर्षि, नंदलाल दायमा, पवन कुमार धर्ड, किशनलाल जांगिड़, पिंटू खटीक, सुंदरमल दर्जी, मोतीलाल कम्मा, रतनलाल जाट सहित सैकड़ो कार्यकर्ता चूरू के लिए रवाना हुए।

## सड़क दुर्घटना मामले में साढ़े तेरह लाख रुपए का अवार्ड पारित

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** न्यायालय मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी सन्तोष कुमार मीणा ने सड़क दुर्घटना मामले में पीड़ित पक्षों को 13,50,000/- रूपये अवार्ड पारित किया। प्रार्थी की ओर से पैरवी कर रहे एडवोकेट अनिल स्वामी राजपुरा ने बताया कि 12 अप्रैल 2024 को पाबासी के जितेन्द्रसिंह व विक्रमसिंह ददरेवा धाम से धोक लगाने के लिए जा रहे थे, जब ओसियां के पास पहुंचे तो पीछे से आ रही बोलेरों गाड़ी के चालक गोविन्दसिंह ने गाड़ी को तेजगति व लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मारी जिससे जितेन्द्रसिंह की मौके पर मृत्यु हो गई और विक्रमसिंह के दोनों पैर टूट गए। मृतक जितेन्द्रसिंह के माता पिता की ओर से न्यायालय मे क्लेम याचिका पेश की जो राजबाला बनाम चोलामण्डलम इ. कम्पनी पेश की जिसमें 11, 50, 000/-रूपये और घायल विक्रमसिंह क्लेम याचिका पेश की जिसमें 2,00,000/-रूपये का लोक अदालत की भावना से अवार्ड पारित की। इस प्रकार की कुल 13,50,000/-रूपये का अवार्ड पारित किया।

## पंचायत पुनर्गठन पर कामासर के ग्रामीणों ने किया पुरजोर विरोध



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के उपखंड कार्यालय में एसडीएम डॉ दिव्या चौधरी को चूरू जिला कलेक्टर के नाम में ग्राम पंचायत जीवणदेसर के पुनर्गठन को लेकर कामासर के ग्रामीणों ने विरोध जताया है। ग्रामीणों ने एसडीएम डॉ दिव्या चौधरी को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांग रखी है। कामासर के ग्रामीणों का कहना है कि उनके गांव को जीवणदेसर पंचायत में शामिल किया गया है। जीवणदेसर 22 किलोमीटर से भी ज्यादा दूर है। दोनों गांवों के बीच न तो सीधी सड़क है और न ही सीमा का कोई संपर्क है। इस दूरी के कारण ग्रामीणों को पंचायत मुख्यालय तक पहुंचने में परेशानी होती है। नेताराम सारण, जयलाल ढाका, देवीलाल सारण, नौरतन सारण समेत कई ग्रामीणों ने मांग की है कि उनके गांव को पूलासर पंचायत में शामिल किया जाए। पूलासर मात्र 4 किलोमीटर दूर है। कामासर पहले से ही सामाजिक और आर्थिक रूप से पूलासर से जुड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि उनकी मांग को गंभीरता से लिया जाए। उन्होंने कहा कि कामासर को पूलासर पंचायत में शामिल करने से ग्रामीणों को न्याय मिलेगा और विकास कार्य भी सुचारू रूप से हो सकेंगे।

## बजट घोषणाओं और साप्ताहिक समीक्षा बैठक में बोले एडीएम प्रशासन

जयपुर टाइम्स

**बीकानेर(निसं.)।** एडीएम प्रशासन रामावतार कुमावत ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में बिजली के कारण पानी की सप्लाई बाधित ना हो। इसको बिजली और पीएचईडी विभाग के अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करते हुए इसे इंशोर करे। कुमावत ने बिजली, पानी और चिकित्सा विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि अस्पतालों में लू-तापघात के अलग वार्ड बने ताकि लोगों को परेशानी ना हो। साथ ही कहा कि बिजली, पानी की समस्याओं को लेकर संबंधित विभागों के कंट्रोल रूम नंबर 24 घंटे चालू रखें और इन नंबरों का प्रचार-प्रसार करें। एडीएम प्रशासन रामावतार कुमावत ने बजट घोषणाओं वर्ष 2024-25 और वर्ष 2025-26 की समीक्षा करते हुए कहा कि बजट घोषणाओं से संबंधित कार्यों को अधिकारीगण पर्सनल लेते हुए तत्काल करें ताकि आमजन को बजट घोषणाओं का लाभ जल्द से जल्द मिल सके। उन्होंने कहा कि अगर विभाग स्तर पर ही कार्य अटके रहेंगे तो इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ेगा। लिहाजा अधिकारीगण बजट घोषणाओं के कार्यों को जैसे हम अपने पर्सनल कार्यों को करते हैं वैसे ही प्राथमिकता से करें।

# सरदारशहर में बनेगा शांति देवी जोशी कन्या छात्रावास

### विप्र फाउंडेशन की बैठक में महिला शिक्षा व परशुराम प्राकट्य सप्ताह के आयोजनों की रूपरेखा घोषित



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में विप्र फाउंडेशन की एक महत्वपूर्ण बैठक रखी गई। बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री पवनकुमार पारीक ने बताया कि सरदारशहर ने सामाजिक चेतना, सांस्कृतिक संस्कारों और बेटियों की शिक्षा को सदैव प्राथमिकता दी है। यही कारण है कि आज इस नगर की बालिकाएँ देश-विदेश में विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के शिखर तक पहुँच रही हैं। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन समाज के शिक्षकों, समाजसेवियों व भामाशाहों की वर्षों की तपस्या और दूरदृष्टि का प्रतिफल है। उन्होंने घोषणा की कि एक प्रेरणादायक कार्य 27 अप्रैल को साकार होने जा रहा है। जब प्रवासी भामाशाह ओमप्रकाश जोशी अपनी धर्मपत्नी शांति देवी की पुण्य स्मृति में शांति देवी जोशी कन्या छात्रावास के लिए विप्र फाउंडेशन को भूखण्ड समर्पित करेंगे। यह छात्रावास सरदारशहर में महिला शिक्षा को नया आधार और ऊर्जा प्रदान करेगा। पारीक ने बताया कि विप्र फाउंडेशन ने सरदारशहर को अपनी आगामी योजनाओं का एक केन्द्र बिंदु बनाने का निर्णय लिया है। जिनमें शंकर ई-लाइब्रेरी, डिजिटल ज्ञान संसाधनों के माध्यम से छात्राओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना, सारथी करियर काउंसलिंग योजना, युवतियों को मार्गदर्शन और कैरियर परामर्श उपलब्ध कराना, पंडित रामनारायण शिक्षा निधि योजना, प्रतिभावान व आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को सहायता देना। इसके साथ ही विप्र फाउंडेशन देशभर में 20 से अधिक विंग्स के माध्यम से समाजोत्थान की दिशा में कार्यरत है। विप्र फाउंडेशन के उप कोषाध्यक्ष मनीष पारीक ने कहा विप्र फाउंडेशन और हम सबका मूल उद्देश्य है बेटी पढ़े, समाज बढ़े, हमारी बेटियाँ आत्मनिर्भर बनें, आत्मविश्वासी बनें और राष्ट्र निर्माण में अपनी सशक्त भूमिका निभाएँ यही विप्र फाउंडेशन का सपना है और यही हमारा संकल्प भी है। राष्ट्रीय सचिव मुकेश रामपुरा ने जानकारी दी कि आगामी तीन माह के भीतर जयपुर स्थित परशुराम ज्ञानपीठ व परशुराम कुंड पर भगवान परशुराम जी की विशाल प्रतिमा का लोकार्पण किया जाएगा। युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष सुनील मिश्रा ने बताया कि 26 अप्रैल से 30 अप्रैल तक भगवान श्री परशुराम प्राकट्य सप्ताह के अंतर्गत रक्तदान शिविर, संगीत संध्या एवं अन्य पाँच दिवसीय कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। इस बैठक में अनेक विशिष्ट अतिथियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ मारुति कुमार मिश्र पूर्व अध्यक्ष गौड़ विप्र महासभा, मधुसूदन राजपुरोहित प्रदेश उपाध्यक्ष, भरत शर्मा प्रदेश महामंत्री, कमलकांत शर्मा प्रदेश सचिव, महेंद्र देरासरी जिला उपाध्यक्ष, राजीव भोजक जिला सचिव, वैद्य महेंद्र शर्मा तहसील अध्यक्ष, नरेन्द्र सिंह राजपुरोहित युवा अध्यक्ष, सुरेंद्र दाधीच अध्यक्ष दाधीच समाज, राजकुमार गौड़, महावीर पारीक पूर्व अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन सहित उपस्थितजनों ने कार्यक्रमों की सफलता के लिए पूर्ण सहयोग और सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया। उपरोक्त जानकारी विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ प्रदेश मीडिया प्रभारी पवन चोटिया ने दी।

### रास्ता खुलवाने के बाद खोला जाम

## खेतों में जाने वाला रास्ता खुलवाने की मांग को लेकर बीकानेर हाईवे





जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के निकटवर्ती गांव सवाई बलवानिया के ग्रामीणों ने गांव के पास बीकानेर जाने वाली हाईवे को जाम लगा दिया। खेतों में जाने के रास्ते को खुलवाने की मांग को लेकर ग्रामीण पिछले कुछ दिनों से धरना भी दे रहे थे और कल तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन भी किया गया था जिसके बाद प्रशासन ने सोमवार को सुबह 10 बजे तक रास्ता खुलवाने का आश्वासन दिया था। लेकिन रास्ता नहीं खुलने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने हाईवे पर टायर जलाकर हाईवे पर जाम लगा दिया। जिसके चलते हाईवे के दोनों और वाहनों की लंबी -लंबी कतारें लग गई। हालांकि इस दौरान एम्बुलेंस और स्कूल बसों को नहीं रोका गया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे विकास मंच अध्यक्ष एडवोकेट राजेंद्र राजपुरोहित ने बताया कि उद्योगपति सुरेंद्र सर्राफ उर्फ प्रहलाद सर्राफ की ओर से धनबल के जोर पर फैक्ट्री का निर्माण करने के लिए इस रास्ते को रोका गया। हालांकि सवाई बलवानिया के ग्रामीण सैकड़ो वर्षों से इसी रास्ते से अपने खेतों में जाते हैं। बता दे कि करीब 2 घंटे तक यह जाम चला उसके बाद प्रशासन मौके पर पहुंचा और जेसीबी की सहायता से रास्ते को खुलवाया गया। उसके बाद ग्रामीणों ने हाईवे से जाम हटाया और पुलिस प्रशासन ने यातायात को सुचारू करवाया गया।

## मुख्यमंत्री ने किया मलसीसर डैम का निरीक्षण




जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मलसीसर डैम का निरीक्षण किया। इंदिरा गांधी नहर परियोजना से जिले में पेयजल आपूर्ति के लिए बने इस डैम का निरीक्षण करते हुए मुख्यमंत्री शर्मा ने व्यवस्थाओं पर संतोष जताते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जिले में पेयजल आपूर्ति की विस्तृत जानकारी भी ली। इससे पहले आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार एक-एक वादा पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' को साकार करने में राज्य सरकार जुटी है। मुख्यमंत्री शर्मा ने यमुना जल समझौते पर रविवार को पिलानी में हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि जल्द ही यह योजना धरातल पर उतरने वाली है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जो कहती है, वह करती है। उन्होंने बताया कि हमारी सरकार ने आते ही सबसे पहले यमुना जल को शेखावाटी में लाने के लिए हरियाणा सरकार से एमओयू किया। जल्द ही शेखावटी की धरती पर यमुना का पानी आएगा। उन्होंने शेखावाटी की सांस्कृतिक विरासत पर भी प्रकाश डालते हुए यहां के रणबांकुरों के प्रति श्रद्धा व सम्मान जताया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कर्म भूमि से मातृभूमि अभियान के तहत जल संचय संरचना का शिलान्यास व पूजा अर्चना की। सभा को विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा) रामगोपाल सुथार, झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू, नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल, जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरी, पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार, मुकेश दाधीच, ओमेंद्र चारण, विशंभर पूनिया, महेंद्र चंदवा, संजय जांगिड़, प्यारेलाल ढूकिया, गिरधारीलाल खीचड़, राजेश बाबल, विमला चौधरी ने भी संबोधित किया। इस दौरान जिला कलक्टर रामवतार मीणा, एसपी शरद चौधरी भी मौजूद रहे।

## चलते लोडिंग टेंपो में अचानक लगी आग, धूं धूं कर जल गया





जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** चूरू जिले में उगते सूरज के साथ ही आसमान से मानो आग बरस रही हो और धोरों की धरती भट्टी की तरह तप रही हो। जिले का अधिकतम तापमान 45 डिग्री के पार चल रहा है। चूरू जिले में लगातार पिछले तीन-चार दिनों से आगजनी की घटनाएं भी सामने आ रही है। इसी कड़ी में सोमवार को सरदारशहर के बोघेरा और शिमला गांव के बीच अचानक चलते हुए लोडिंग टेंपो में आग लग गई। आग लगने का मुख्य कारण तेज गर्मी ही माना जा रहा है। चलते हुए लोडिंग टेंपो में जैसे ही आग लगी और चालक को जैसे ही आग लगने का पता चला चालक ने तुरंत टेंपो को सड़क किनारे खड़ाकर कूदकर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते आग ने इतना विकराल रूप धारण कर लिया कि पूरा टेंपो जलकर राख हो गया। आसपास पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों ने मिट्टी डालकर आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका और देखते ही देखते पूरा टेंपो जल गया। जानकारी के अनुसार बिल्युबास रामपुरा गांव का ताराचंद गिंवारिया लोडिंग टेंपो में सामान भरकर गांव-गांव फेरी लगाकर सामान बेचने का काम करता है। सोमवार सुबह वह सामान लेने के लिए सरदारशहर आ रहा था। लोडिंग टेंपो पूरी तरह से उस वक्त खाली था। तभी अचानक लोडिंग टेंपो में आग लग गई। जानकारी के अनुसार टेंपो में रखें करीब 1 लाख रुपए नगदी और एक मोबाइल भी जल गया। मामले की जानकारी भानीपुरा पुलिस को दी गई है। भानीपुरा पुलिस मौके पर पहुंचकर रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई शुरू करेगी।

## संकल्प दिवस समारोह में पूर्व राजेंद्र राठौड़ के अभिनंदन समारोह में उमड़ा जन समुदाय

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़ का जन्मदिन सोमवार को पुलिस लाइन, चूरू में संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। समारोह में सीएम भजनलाल शर्मा ने शिरकत की। समारोह में पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़ ने मौजूद लोगों को पौधरोपण, भ्रूण हत्या रोकने, जल स्त्रोत के संरक्षण, गाय और गोचर भूमि को बचाने की शपथ दिलाई। समारोह को संबोधित करते हुए सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने फैसलों को लटकाने का काम किया है, जबकि भाजपा सरकार ने जनहित में फैसले लिए हैं। उन्होंने कहा कि 34 साल से यमुना जल समझौता कांग्रेस ने लटकाया, लेकिन भाजपा की सरकार ने शेखावाटी क्षेत्र को पानी दिलाया है। 1993 में जब भैरों सिंह शेखावत की सरकार बनी थी। तब उन्होंने यमुना का पानी लाने का सपना देखा था। जो अब पूरा हो रहा है। उन्होंने कहा कि चौधरी कुंभाराम आर्य लिफ्ट कैनाल में 33 हजार हेक्टेयर में सिंचित क्षेत्र बढ़ाने का कार्य किया है। सीएम शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने रोड मैप बनाकर काम किया है। सीएम ने कहा कि पीएम मोदी का शेखावाटी क्षेत्र के किसान और जवान के साथ विशेष लगाव रहता है। कांग्रेस सरकार ने हमेशा झांसा दिया है। कांग्रेस का गरीब और शेखावाटी से कोई नाता नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के कार्यकाल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हम एक साल में एक लाख और पांच साल में चार लाख युवाओं को नौकरी देंगे। उन्होंने कहा कि हमने एक साल में 69 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दे दिया है। समारोह में सीएम शर्मा ने एलिवेटेड रोड और अंबेडकर ऑडिटोरियम के लिए बजट की घोषणा की है। समारोह में पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़ ने सीएम का आभार जताते हुए कहा कि चूरू के लोग फ्लोराइड युक्त पानी पीते हैं। 34 साल पहले भैरो सिंह शेखावत ने यमुना जल का सपना देखा था। जिसको आज सीएम शर्मा ने भागीरथ बनकर पूरा किया है। उन्होंने कहा कि 35 साल के बाद विधानसभा से बाहर आया हूं। लेकिन मुझे याद है कि मैं सबसे बड़ी पार्टी का कार्यकर्ता हूं।

## चूरू के डॉ. अमरसिंह राठौड़ को घनश्याम गोस्वामी स्मृति लाइफटाइम अचीवमेट सम्मान

### किसन व्यास आजाद स्मृति सम्मान जयपुर के राजेन्द्र शर्मा व दिनेश चंद्र सक्सेना स्मृति पहला उदीयमान जनसंपर्क कर्मी अवार्ड श्रीगंगानगर के पीआरओ श अनिल शाक्य को




जयपुर टाइम्स

**चूरू/बीकानेर(निस)।** पब्लिक रिलेसंर्स एंड एलाइड सर्विसेज एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (प्रसार) के राज्य स्तरीय वार्षिक पुरस्कारों की घोषणा सोमवार को हुई। प्रसार के प्रदेश उपाध्यक्ष (क्षेत्रीय) डॉ. हरि शंकर आचार्य ने बताया कि प्रसार का इस वर्ष का घनश्याम गोस्वामी स्मृति लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान जनसंपर्क विभाग के पूर्व निदेशक (राजगढ़) चूरू के मूल निवासी डॉ. अमरसिंह राठौड़ और किसन कुमार व्यास 'आजाद' स्मृति जनसंपर्क रत्न पुरस्कार जनसंपर्क विभाग के सेवानिवृत्त सहायक निदेशक राजेन्द्र शर्मा को अर्पित किया जाएगा। इसी प्रकार दिनेश चंद्र सक्सेना स्मृति युवा जनसंपर्ककर्मी श्रेणी का पहला पुरस्कार श्रीगंगानगर के जनसंपर्क अधिकारी अनिल शाक्य को दिया जाएगा। राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के अवसर पर सोमवार को चयन समिति की ओर से पुरस्कारों का अंतिम चयन किया गया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष का श्री घनश्याम गोस्वामी स्मृति लाइफटाम अचीवमेंट अवार्ड डॉ. राठौड़ को दिया जाएगा। डॉ. राठौड़ जनसंपर्क विभागीय कैडर के अंतिम निदेशक रहे हैं। चूरू मूल के डॉ. राठौड़ ने स्कूली और उच्च शिक्षा बीकानेर से ही ग्रहण की। जयपुर के राजेन्द्र शर्मा ने विभिन्न जिलों के साथ राजस्थान पुलिस और विधानसभा में सेवाएं दी। वे पिछले 50 वर्षों से रंगमंच से जुड़े हुए हैं। वहीं श्रीगंगानगर के जनसंपर्क अधिकारी अनिल शाक्य की ओर से गत तीन वर्षों में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के मद्देनजर उन्हें श्री दिनेश चंद्र सक्सेना स्मृति प्रथम पुरस्कार दिया जाएगा। आचार्य ने बताया कि गत वर्ष सक्सेना के निधन के बाद तीसरी श्रेणी का पुरस्कार प्रारम्भ किया गया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 से प्रतिवर्ष यह सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसके माध्यम से जनसंपर्क विभाग के दिवंगत अधिकारियों की स्मृति में विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारियों को सम्मानित किया जाता है। पांच सदस्यीय चयन समिति में आचार्य के अलावा नेशनल कॅरियर काउंसलर डॉ. चंद्र शेखर श्रीमाली, जनसंपर्क विभाग के पूर्व पुस्तकालयाध्यक्ष राजेन्द्र भार्गव और जिला परिषद के आईईसी कॉर्डिनेटर गोपाल जोशी और स्वास्थ्य विभाग के मालकोश आचार्य शामिल रहे।


स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।